आश्विन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 07:06 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 41, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो उसे बड़ा राहत पैकेज देते 16

जोड़ी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति 15


## एक नजर

### सीजेआई ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को तिरुमाला में वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने वैकुंठ क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में प्रार्थना की। दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने रंगनायकुला मंडपम में सीजेआई और उनके परिवार को वेदसेवाचनम अर्पित किया। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें रंगनायकुला मंडपम में वैदिक आशीर्वाद दिया।

### हेरोइन और हथियार के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** बीएसएफ ने रविवार को पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फत्तूवाला, जिला फाजिल्का से दो तस्करों को पकड़कर एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए।

### भाजपा नेता के पुत्र ने फांसी लगाकर दी जान

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली।

# लगातार भारी बारिश से कई जिलों में बाढ़, खेत-खलिहान जलमग्न

## पूर्वी उप्र. में भारी बारिश का अलर्ट, वज्रपात की भी आशंका

- मुख्यमंत्री योगी ने की 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



संत कबीरनगर जिले के धनघटा तहसील क्षेत्र में उफनाई घाघरा नदी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्वी उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बीते तीन दिनों से भारी बरसात हो रही है। लगातार भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। किसानों के खेत-खलिहान जलमग्न हो गए हैं। 11 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। इस दौरान अलग-अलग जिलों में अब तक डेढ़ दर्जन लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं, मौसम विभाग ने अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह बने रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में वज्रपात की भी आशंका है तो एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का भी अलर्ट जारी किया गया है।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लगातार हो रही बारिश व पहाड़ों से छोड़े गए पानी से राज्य के 11 जिलों में बाढ़ के हालात की समीक्षा की। उन्होंने प्रभावित जिलों क्रमशः कुशीनगर, महाराजगंज, लखीमपुर खीरी, बलिया, फर्रुखाबाद, गोंडा, कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर के अधिकारियों को तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित कानपुर नगर, जीबीनगर, सीतापुर, हरदोई और शाहजहांपुर में युद्धस्तर पर राहत कार्य जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी प्रभावित जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की कई टीमों को तैनात किया गया है। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कुशीनगर में गंडक नदी के कारण 1 तहसील के 5 गांव प्रभावित हैं। ऐसे में जलभराव की वजह से 8 हजार लोग प्रभावित हैं। यहां पर 16 बाढ़ शरणालय स्थापित किए गए हैं। रेस्क्यू के लिए एनडीआरएफ और पीएसी की 1-1 टीम को तैनात की गई है। इसके अलावा एनडीआरएफ द्वारा शिवपुर गांव में बाढ़ के पानी में फंसे 10 लोगों को रेस्क्यू किया गया। इसी तरह महाराजगंज में गंडक नदी के कारण 1 तहसील का 1 गांव प्रभावित है। यहां 45 लोग प्रभावित हैं। यहां पर 1 बाढ़ शरणालय स्थापित किया गया है। गोस्वामी ने यह भी बताया कि वर्तमान में बाढ़ शरणालय में 45 लोग रह रहे हैं। वहीं जल स्तर बढ़ने के कारण 45 लोगों को बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया गया है। लखीमपुर खीरी की 4 तहसील के 11 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसमें से 7 गांवों में कटान हो रहा है। इससे 19,500 लोग प्रभावित हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि बलिया में 3 तहसील के 18 गांव प्रभावित हैं। यहां जलभराव में 8300 लोग फंसे हैं। बाढ़ शरणालय में 700 लोग रह रहे हैं। जल भराव के कारण 350 लोग प्रभावित हैं। गोंडा में घाघरा नदी के 1 तहसील के 3 गांव प्रभावित हैं। जलभराव से 452 लोग प्रभावित हैं।

### पीड़ितों को तत्काल राहत राशि देने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारी बारिश और बाढ़ के कारण जिलाधिकारियों को फसलों के नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि प्रभावित किसानों को नियमानुसार मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित जिन लोगों के घरों को नुकसान अथवा पशु हानि हुई है, उन्हें तत्काल वित्तीय सहायता सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।

## करात होंगे माकपा पोलित ब्यूरो के अंतरिम समन्वयक



- अप्रैल 2025 में पार्टी सम्मेलन तक संभालेंगे जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा कि नई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं 'पार्टी कांग्रेस' (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे।

माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने।

## जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधी व उनके आका परेशान : योगी



गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गोरखपुर के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल में ही निवेश आता है। जब व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उसकी पूंजी कैसे सुरक्षित रह पाएगी। सरकार की अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति से उन लोगों और उनके आकाओं को परेशानी होती है जिनके लिए अपराध ही पेशा था।

योगी रविवार को गोरखपुर में गीडा के सेक्टर 27 में बहुराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज के 1170 करोड़ के निवेश से लगी यूनिट (शीतल पेय बॉटलिंग एवं डेयरी उत्पाद संयंत्र) का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में भव्य सभागार, प्रशासनिक भवन और कक्षाओं का भी लोकार्पण किया। योगी ने कहा कि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर जीरो टॉलरेंस के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि इससे ही वर्तमान सुरक्षित रहेगा और बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान का सुरक्षित रहना आवश्यक है।

### मन की बात में उप्र को सराहा योगी ने जताया आभार

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को 'मन की बात' में वृक्षारोपण की उपलब्धियों से लेकर स्वच्छ भारत मिशन और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए उप्र की तारीफ की। योगी ने एक्स पर पोस्ट कर बुंदेलखंड क्षेत्र के झांसी में सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं के योगदान को मन की बात में स्थान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया।

## बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के एसई निलंबित

- विभागीय कार्यों की समीक्षा में अफसर नहीं दे पाए सही जवाब
- उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने की कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने राजस्व वसूली समेत विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान उचित जवाब न देने पर बरेली, वाराणसी व अलीगढ़ के बिजली अधीक्षण अभियंताओं (एसई) को निलंबित कर दिया। अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इन अभियंताओं के निलंबन के लिए संबंधित वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए। अध्यक्ष रविवार को शक्ति भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

निलंबित अभियंताओं में बरेली शहर के अधीक्षण अभियंता अम्बा प्रसाद, वाराणसी शहर के अधीक्षण अभियंता वीपी कठेरिया व अलीगढ़ शहर के अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को वाणिज्य व तकनीकी आदि विषयों के संबंध में जानकारियां मांगी गई थीं। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने राजस्व वसूली में बढ़ोतरी के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि हम जितनी बिजली दें, उतना बिजली बिल वसूल करें।

### 1912 पर दी जाए बिजली आपूर्ति बंद होने की जानकारी

पॉवर कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने कहा कि मरम्मत कार्य के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना संचार माध्यम से उपभोक्ताओं को दी जाए। उन्होंने कहा कि विभाग के नियंत्रण कक्ष 1912 पर बिजली आपूर्ति बंद रखे जाने की जानकारी अवश्य की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने के दौरान उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र व झटपट पोर्टल पर दर्ज हो रहे नए बिजली कनेक्शन के प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराया जाए। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त कम हों, इसके लिए लगातार रखरखाव और अनुरक्षण कार्य किया जाए।

## केरल : फोन टैपिंग में विधायक के खिलाफ दर्ज किया मामला

- राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की बातचीत सुनने का आरोप

**कोट्टायम।** निर्दलीय विधायक पीवी अनवर के खिलाफ राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की फोन कॉल टैप करने का मामला दर्ज किया गया है। निलांबुर से विधायक अनवर के खिलाफ दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि उन्होंने अवैध रूप से दूरसंचार प्रणाली को हैक किया और राज्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन टैप किए, सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाला तथा मीडिया के माध्यम से गलत सूचना फैलाई। इसका उद्देश्य लोगों को भड़काना और नफरत पैदा करना था।

## मप्र में ट्रक से भिड़ी बस, 9 यात्रियों की मौत

### 20 लोग घायल, मृतकों में 7 उप्र के रहने वाले, चार मृतक जौनपुर के और तीन प्रतापगढ़वासी

मैहर (मप्र), एजेंसी



मध्य प्रदेश के मैहर जिले में एक निजी यात्री बस की ट्रक से टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हैं।

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतकों में सात लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। हादसा शनिवार रात करीब 11 बजे मैहर में हुआ जब बस पत्थर से लदे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30 पर हुई। बस में करीब 45 यात्री सवार थे। मैहर के पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने बताया कि बस प्रयागराज से रीवा होते हुए नागपुर जा रही थी, तभी नादन देहात थाने के पास हादसे का शिकार हो गई। छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन तीन और लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पुरुष हैं और उनमें चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। अग्रवाल ने बताया कि सात शवों की पहचान हो चुकी है। जिनमें चार मृतक उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के और तीन प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दो अन्य मृतकों की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को रीवा सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकतर जौनपुर और प्रतापगढ़ के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि बस की गति बहुत तेज थी। बचाव दल को क्षतिग्रस्त बस में से यात्रियों को निकालने के लिए गैस कटर और खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल करना पड़ा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि हादसे में नौ यात्रियों की मौत होने की पुष्टि हुई है जबकि एक अत्यंत गंभीर हालत में है। अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के हैं।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैहर में हुए हादसे में लोगों की जान जाना दुखद है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। कहा कि पीड़ितों की हर मदद के लिए मध्य प्रदेश सरकार से संपर्क किया है।

## सपा सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ एफआईआर

- गाजीपुर में गांजा पर दिए गए बयान पर हुई कार्रवाई



**लखनऊ।** चार दिन पहले मठ, मंदिर और कुंभ को लेकर विवादित बयान देने वाले सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद के अनुसार गोराबाजार चौकी प्रभारी राजकुमार की तहरीर पर बीएनएस की धारा 353 (3) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। सपा सांसद अफजाल अंसारी ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और भगवान का प्रसाद और बूटी कहकर पीते हैं। योगी बाबा से कहकर गांजा को वैध कराया जाए। अगर गांजा अवैध है तो पीने की छूट क्यों दी गई है। यह दोहरी नीति क्यों ? साधु, संत और महात्मा समाज के लोग गांजा बहुत ही शौक से पीते हैं। कहा कि कुंभ में एक मालगाड़ी गांजा चला जाए तो खप जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एक आतंकी मारा गया

जम्मू, एजेंसी

- आतंकियों-सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ जारी

जम्मू कश्मीर में कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में आतंकवाद रोधी अभियान में सुरक्षा बलों ने रविवार को एक आतंकवादी को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार दोपहर को बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ स्थल से आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। गांव में लगातार दूसरे दिन व्यापक तलाश अभियान जारी है। जम्मू जोन के एडीजी आनंद जैन ने बताया कि तीन से चार विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शनिवार को गांव में तलाश अभियान शुरू किया गया।

इसके बाद शनिवार शाम को सुरक्षाबलों तथा आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। जैन ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी और इसके बाद अभियान शुरू किया गया। जैन ने बताया कि मुठभेड़ में हेड कांस्टेबल बशीर अहमद शहीद हो गए, एक सीओ और एक एएसआई घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों अधिकारियों की हालत स्थिर है।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल

- बीजापुर में नक्सलियों के खिलाफ अभियान पर निकले थे

**बीजापुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों की ओर से लगाए गए आईईडी में विस्फोट से रविवार को एक अधिकारी समेत केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के पांच जवान घायल हो गए। घटना सुबह करीब सात बजे तारेम थाना क्षेत्र के तहत तब हुई जब सीआरपीएफ की 153 बटालियन विस्फोटकों को हटाने के काम पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने विस्फोटक से जुड़ा एक तार देखा और वे तार से जुड़े बम की तलाश कर रहे थे तभी विस्फोट हो गया।

जवानों को चेहरे, आंखों और पेट के ऊपरी हिस्से में चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद घायल जवानों को राजधानी रायपुर ले जाया गया। घायलों में सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट वैद्य संकेत देवीदास, निरीक्षक संजय कुमार और कांस्टेबल बी पवन कल्याण, लोचन महतो और धोले राजेंद्र अश्रूबा शामिल हैं।

## जम्मू में भाषण के दौरान बेसुध हुए खरगे

जसरोटा (जम्मू), एजेंसी



- इलाज के बाद बोले- मोदी को सत्ता से हटाने से पहले मैं मरने वाला नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कठुआ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मंच पर बेसुध हो गए। भाषण देते हुए खरगे की आवाज धीमी होती चली गई। मंच पर खड़े लोगों ने उन्हें सहारा देकर बैठाया। इसके बाद उनके भाषण को रोक दिया गया। तबीयत ठीक होने के बाद खरगे वापस मंच पर आए और कहा कि मैं 83 साल का हो गया हूं, लेकिन इतना जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक मोदी को हटाएंगे नहीं, मैं जिंदा रहूंगा।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संघर्ष जारी रहेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने तक वह राजनीति में सक्रिय रहेंगे। खरगे की टिप्पणी केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार की केंद्र शासित प्रदेश के मामले में कार्यप्रणाली, विशेषकर चुनावों में देरी को लेकर आलोचना के बीच आई है।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष ने बोलते समय चक्कर आने की शिकायत की थी और वे मंच पर ही बेसुध हो गए थे। जसरोटा रैली में खरगे ने कहा कि मैं बात करना चाहता था, लेकिन चक्कर आने के कारण मैं बैठ गया। कृपया मुझे माफ करें। वे (भाजपा) हमें आतंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा सरकार पर जम्मू-कश्मीर को रिमोट कंट्रोल के जरिए चलाने का आरोप लगाते हुए खरगे ने कहा कि ये लोग कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ही चुनाव की तैयारी शुरू की। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि राज्य का दर्जा बहाल करने का अधिकार होने के बावजूद वह (भाजपा) ऐसा करने में विफल रही है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी जी जम्मू कश्मीर के युवाओं के भविष्य को लेकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि 45 वर्षों में सबसे अधिक बेरोजगारी दर मोदी जी के कार्यकाल में है।

## कार से सिपाही को टक्कर मारी, 10 मीटर तक घसीटा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अस्पताल में मौत, कार सवार को गति कम करने को कहा था

बाहरी दिल्ली में एक कार चालक ने मोटरसाइकिल से जा रहे पुलिस कांस्टेबल को टक्कर मार दी और वह उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता रहा। पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल ने लापरवाही से वाहन चलाने के लिए कार चालक को डांट लगाई थी, लेकिन इसके बाद उसने कांस्टेबल को टक्कर मार दी।

यह घटना शनिवार देर रात करीब सवा दो बजे वीणा एन्क्लेव के पास उस समय हुई, जब कांस्टेबल संदीप (30) ड्यूटी के दौरान सादे कपड़ों में नांगलोई पुलिस थाने से रेलवे रोड की ओर जा रहे थे। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिम्मी चिराम ने बताया कि जब संदीप ने देखा कि एक व्यक्ति कार को लापरवाही से चला रहा है तो उन्होंने चालक को ऐसा न करने के लिए कहा। इसके बाद अचानक चालक ने कार की गति बढ़ा दी और उसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी तथा उसे करीब 10 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया, उसके बाद एक खड़ी कार से जा टकराया। कांस्टेबल संदीप को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है। मामले की जांच जारी है।

## किसानों को प्रदेश में उत्पादित बीज उपलब्ध कराएगी सरकार

### अब दूसरे राज्यों पर नहीं होगी निर्भरता, सरकार के बचेंगे 3000 करोड़, पीपीपी मॉडल पर बनेंगे पांच बीज पार्क, 200 हे. में होगा हर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के किसान आने वाले दिनों में अपनी फसलों के बीज हासिल करने को दूसरे राज्यों पर निर्भर नहीं होंगे। राज्य सरकार ने उप्र. में ही बीज उत्पादन की एक व्यापक योजना तैयार की है। ऐसे में राज्य सरकार को हर साल करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च नहीं करने पड़ेंगे। कार्य योजना के तहत उप्र. के नौ कृषि जलवायु क्षेत्रों में होने वाली फसलों के मद्देनजर पांच बीज पार्क (वेस्टर्न जोन, तराई जोन, सेंट्रल जोन, बुंदेलखंड और ईस्टर्न जोन) पीपीपी मॉडल पर बनाए जाएंगे। हर पार्क का रकबा न्यूनतम 200 हेक्टेयर का होगा।

दरअसल, वर्तमान में प्रदेश की प्रमुख फसलों के लिए लगभग 50 फीसद बीज दक्षिण भारत के राज्यों से आता है। इनमें तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश प्रमुख हैं। किसानों को राज्य के कृषि जलवायु के अनुकूल गुणवत्ता के बीज मिले, इसके लिए सरकार ने बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश में ही बीज उत्पादन की रणनीति तैयार की है। इससे किसानों के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्ता के बीज तैयार होने से उनकी उपज और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। विभागीय आंकड़ों के अनुसार गेहूं के 22 प्रतिशत धान के 51 प्रति. मक्का के 74 प्रति., जौ के 95 प्रति., दलहन के 50 प्रति. और तिलहन के 52 प्रति. बीज गैर राज्यों से आते हैं। कृषि विभाग के पास बुनियादी सुविधाओं के साथ ऐसे छह फार्म उपलब्ध हैं। सरकार जिनको इच्छुक पार्टियों को लीज पर दे सकती है।

### गुणवत्ता वाले बीजों से कम होगा उत्पादन का अंतर

विभागीय आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में गेहूं का प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन 26.75 कुंतल है। जबकि पंजाब का सर्वोच्च 40.35 कुंतल है। इसी तरह धान का उत्पादन 37.35 कुंतल है, जबकि हरियाणा का 45.33 कुंतल। अन्य राज्यों की तुलना में इसी तरह का अंतर चना और सरसों के उत्पादन में भी है। गुणवत्ता के बीज से इस अंतर को 15 से 20 फीसद तक कम किया जा सकता है।

> फसल के लिए बीज, सबसे महत्वपूर्ण कृषि निवेश है। बीज की गुणवत्ता पर ही फसल की उपज और गुणवत्ता निर्भर करती है। अगर बीज खराब है तो खेत की तैयारी से लेकर बीज और बोआई के समय डाली जाने वाली खाद की लागत बर्बाद हो जाती है। दुबारा बोआई में देर होने से उपज प्रभावित होती है। बीज का जर्मिनेशन अगर कम है तो भी इसका उपज पर प्रभाव पड़ता है।
>
> **- डॉ. अवधेश मिश्र**, कृषि विशेषज्ञ

# अपनी ही सरकार के अफसरों पर हमलावर रहीं प्रभारी मंत्री

- प्रभारी मंत्री ने राशन की काला बाजारी रोकने, आंगनबाड़ी केंद्रों से पूरा राशन बांटने को कहा
- आवास योजना में सभी पात्रों को लाभ देने व लापरवाही पर कार्रवाई करने को कहा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश व देश में भाजपा की सरकारें है। सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों ने अपने ही शासन में कई विभागों के अधिकारियों पर निशाना साधा है। आरोप लगाए और सुधार लाने को कहा है। जिले की प्रभारी मंत्री व उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में शनिवार को विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि हर घर जल नल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत जल्द करा दी जाए। जिन प्रधानों की ओर से सड़क मरम्मत का प्रमाण पत्र दिया गया है, बीडीओ से उनकी पुनः जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत होनी चाहिए। मेहंदीघाट एवं अंतिम संस्कार स्थल पर जाने वाले रास्ते पर अभियान चलाकर सफाई कराई जाए। स्कूल व बाजार में एंटी रोमियो टीम तैनात की जाए। जनपद में 16 व 17 अक्टूबर को एलिम्को की ओर से कृत्रिम अंग कैम्प लगेगा जिसमें दिव्यांगों को लाभ दिया जाए।

उन्होंने सरकारी राशन विक्रेताओं की ओर से की जा रही घटतौली एवं कालाबाजारी पर डीएसओ राजीव मिश्र को रोक लगाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र से राशन को शत-प्रतिशत वितरण करने को कहा। इसमें कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी/ग्रामीण में कोई भी पात्र लाभार्थी छूटना नहीं चाहिए, इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई की जाए। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित नहीं रहेगा। जनपद के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जो नए कार्य प्रस्तावित हैं उनकी भी कार्य योजना बनाकर कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।

**विधायक अर्चना पांडेय ने पुलिस को रवैया सुधारने को कहा:** विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय ने पुलिस पर निशाना साधा और कहा कि विभाग अपना रवैया सुधारे। आपसी विवाद जैसे वाले मामले यदि दोनों पीड़ित पक्ष समझौता करने के लिए कोतवाली/थाना आते हैं तो दोनों पक्षों में समन्वय स्थापित कर सुलह करा दी जाए। कई मामलों में अनावश्यक परेशान किया गया है। पुलिस पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार करे। विधायक ने पुलिस के जिम्मेदारों की ओर से फोन ना उठाने के प्रकरण भी उठाए। कहा, ऐसी शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए।

### फरियादी असंतुष्ट न रहें, उगाही बंद करे बिजली विभाग

संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, आईजीआरएस आदि से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण समय से करने को कहा। कोई भी फरियादी असंतुष्ट नहीं रहना चाहिए। मंत्री ने कहा कि किसानों को खाद की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने बिजली ट्रिपिंग, गलत बिल को लेकर कहा कि सबसे अधिक शिकायतें विभाग की मिल रहीं हैं। आगे कहा कि विजलेंस टीम को धनउगाही का अड्डा न बनाया जाए, यह योगी सरकार है। भ्रष्ट्राचार करने वाले बख्शे नही जाएंगे। पौधरोपण वाले स्थानों की जांच करने को कहा।

### तिर्वा विधायक ने बीईओ तालग्राम, एसडीओ पर निशाना साधा

- तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। स्वास्थ, शिक्षा आदि विभागों की योजनाएं सही से चलें। उन्होंने बीईओ तालग्राम पर उदासीन रवैये का आरोप लगाया और कार्रवाई करने को कहा। साथ ही तालग्राम के एसडीओ के बारे में कहा कि शिकायत मिली है। पहले कनेक्शन कटवाना फिर रुपये लेकर कनेक्शन जुड़वाना, ऐसी प्रथा को छोड़ दें। अपने कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ निष्ठा पूर्वक करें। योगी की सरकार में भ्रष्टाचार करने वालों का घर सिर्फ जेल है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बीज खराब निकलने पर पुलिस से की शिकायत

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- तहरीर मिलते ही मामले की शुरू हुई जांच पड़ताल

**अमृत विचार।** किसान ने पुलिस से शिकायत करते हुए बीज भंडार के दुकानदार पर धान का खराब बीज देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फसल में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

थाना क्षेत्र के किर्राना गांव निवासी अनुज कुमार पुत्र उदयवीर सिंह ने जून में कस्बा के ऋषि भूमि इंटर कॉलेज चौराहे पर स्थित एक बीज भंडार की दुकान से 150 रुपये प्रति किलो के हिसाब से 50 किलो धान का बीज खरीदा था। किसान का आरोप है कि दुकानदार ने गुमराह करते हुए मांगे गए कंपनी का बीज न देकर दूसरी कंपनी का बीज थमा दिया। इसमें मार्का मांगी गई कंपनी का लगा था। अन्य किसानों द्वारा इस कंपनी के बोए गए धान की फसल पकने की कगार पर पहुंच चुकी है। जबकि फसल में अभी बाली ही निकलना शुरू हुई। इस संबंध में जब किसान से शिकायत की गई। तो कंपनी वालों से शिकायत करते हुए मुआवजा दिलाए जाने की बात कही और कंपनी के लोगों ने आकर निरीक्षण के दौरान 28 सितंबर तक मुआवजा देने की बात कही थी। अब दुकानदार मुआवजा देने से इनकार कर रहा है। पीड़ित किसान ने पुलिस से शिकायत करते हुए फसल में हुए नुकसान के मुआवजा की मांग की है। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

## एक नजर

### फ्री मेडिकल कैम्प में 99 ने जांच कराई, ली दवा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रविवार को नगर के मोहल्ला लाहौरी टोला स्थित गौसिया मस्जिद के पास आले रसूल हजरत सैय्यद अनस हुसैन वास्ती की सरपरस्ती में फातहे बिलग्राम मिशन की जानिब से फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया, जिसमें 99 मरीजों का परीक्षण कर दबाइयाँ दी गई। कैम्प में फर्रुखाबाद से आए डॉक्टर अफनान अली, डॉ. अंकित कटियार, डॉ. अजय कुमार फिजिशियन, डॉक्टर स्टाफ अंजुम, हिना खान, संजय भास्कर ने मरीजों का परीक्षण कर दवाइयां दीं। इस दौरान कैंप इंचार्ज आमिर अत्तारी, फैसल खान, दिल नमाज खान, अजहर उर्फ मिंटू, जीशान उर्फ इम्मी व महमूद मंसूरी मौजूद रहे।

### दो लाख के लिए महिला को पीटा

**तिर्वा।** दो लाख रुपये लाने से मना करने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना ठठिया के तिलसरा गांव निवासी सीमा बानो पत्नी साबिर अली ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 27 सितंबर की सुबह उसका पति साबिर अली, ससुर सुलेमान, देवर जाबिर, आमिर अली, सास कसीरन मायके से दो लाख रुपये लाने का दबाब बनाने लगे। जब उसने मना कर दिया तो सभी ने मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी के ट्रैक्टर खोजने को आई बनारस पुलिस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र में चोरी के वाहनों की खरीद फरोख्त करने वाला गिरोह सक्रिय है। बनारस से चोरी ट्रैक्टरों को खरीदा गया। इन्हें खोजने के लिए बनारस पुलिस कई दिनों से गांवों की खाक छान रही है। इनके सिकन्दरपुर क्षेत्र में होने के सुराग लगे है। बनारस के लोहता थाना के उपनिरीक्षक विशाल सिंह हेड कांस्टेबिल सत्यप्रकाश सिंह कोतवाली में डेरा डाले है। उन्होंने बताया कि बनारस में धनाढ्य लोग ट्रैक्टर खरीद कर लीज पर दे देते है। ऐसे कुछ लोगों ने बनारस के 24 ट्रैक्टरों को गायब कर दिया है। इसमें 14 ट्रैक्टर जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों में बेचे जाने की खबर मिली है। वह स्थानीय पुलिस के सहयोग से कई दिनों ने ग्रामीण अंचलों में खोज में जुटे हैं। रविवार को सिकन्दरपुर क्षेत्र के एक गांव से दो ट्रैक्टरों के होने के सुराग लगे है। अन्य ट्रैक्टरों के भी इसी इलाके से बरामद होने के बाद एक साथ खुलासा करेगी।

## योजनाओं की समीक्षा के बाद जिलाधिकारी ने सुधार लाने को कहा

# सीएम डैशबोर्ड में रैंक बिगड़ी तो 11 अधिकारियों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सीएम डैशबोर्ड (दर्पण पोर्टल) पर कई विभागों की अगस्त की रैंक बिगड़ गई है। पात्रों को काफी योजनाओं का लाभ नहीं मिला है। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने 11 अफसरों को नोटिस जारी किया है। साथ ही व्यक्तिगत रुचि लेकर रैंक में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। सभी से ए प्लस श्रेणी लाने को कहा गया है।

रैंकिंग को सितंबर में ही पटरी पर लाने के लिए एडीएम वित्त एवं राजस्व आशीष सिंह को 20 तरह के बिंदुओं का हवाला देते हुए पत्र जारी किया है। कहा है कि जनपद में राजस्व की 35वीं रैंक आई है। प्रतिदिन समीक्षा व व्यक्तिगत रुचि लेकर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति कराएं और योजनाओं में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हो सके। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड को भी नोटिस जारी हुआ है। उनसे सम्मानजनक रैंक प्रदेश स्तर पर लाने को कहा गया है। ऐसा न होने पर गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। सड़कों के अनुरक्षण में जून, जुलाई व अगस्त की रैंक सी आई है। नई सड़कों के निर्माण में जून व अगस्त में सी और जुलाई में डी श्रेणी मिली थी। डीएम ने कहा है कि अगस्त में विकास कार्यों में प्रदेश में 14वीं रैंक मिली है।

### डीपीआरओ, औषधि निरीक्षक व मंडी सचिव भी करें सुधार

जिला पंचायत राज अधिकारी को भी 15वां वित्त आयोग, पांचवां राज्य वित्त आयोग व एसबीएम ग्रामीण फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय निर्माण और स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 में रैंक सही करने के लिए कहा गया है। सबसे अधिक हालत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, 15वां वित्त आयोग और पांचवें राज्य वित्त में खराब है। पर्यटन सूचना अधिकारी से भी अगस्त में डी श्रेणी और 64 रैंक पर नाराजगी जताई है। औषधि निरीक्षक कन्नौज को नोटिस जारी कर कहा गया है कि उनके कार्यक्रम की 35वीं रैंक मिली है। संकलित औषधि नमूना एवं कृत कार्रवाई में अगस्त में डी श्रेणी और जुलाई में ई श्रेणी आई है। उपायुक्त राज्य कर को भी जीएसटी राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष संग्रह में अगस्त में पूर्ति 69 .27 फीसदी है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन स्टांप का लक्ष्य पूर्ति 57 .55 फीसदी है। कार्यक्रम में 74वीं रैंक व ई श्रेणी मिली है। मंडी समिति कन्नौज व छिबरामऊ के सचिव को भी नोटिस जारी हुआ है। बताया गया है कि कार्यक्रम में 72वीं रैंक व ई श्रेणी मिली है। इसके अलावा जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी को भी रैंक सुधारने के लिए लिखा गया है।


लाखन तिराहे पर मोबाइल चलाते यातायात कर्मी। अमृत विचार


लाखन तिराहे से नगरपालिका रोड पर वाहनों का लगा जाम। अमृत विचार

# जिम्मेदार ही यातायात व्यवस्था को लगा रहे पलीता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लापरवाही से वनवे में प्रवेश कर रहे बड़े वाहन
- लाखन तिराहे से पालिका रोड पर बड़े वाहनों से लगता जाम

**अमृत विचार।** शहर की यातायात व्यवस्था को संभालने वाले लोग ही पलीता लगा रहे हैं। कुर्सी पर बैठ कर पूरे दिन मोबाइल चलाने में व्यस्त रहते हैं। रविवार को लाखन तिराहे पर जाम लग गया और ये लोग मोबाइल पर लगे रहे।

जिला मुख्यालय पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी यातायात गार्डों को दी गई है। पूरे शहर के प्रमुख चौराहों व तिराहों पर ड्यूटी लगाई गई है। इनमें यातायात बूथ, रोडवेज बस स्टाप के सामने, रेलवे रोड तिराहा, मंडी समिति, गोल कुआॅ, पाल चौराहा व लाखन तिराहे शामिल हैं।

यह गार्ड पूरे दिन ड्यूटी का समय बातों में या फिर मोबाइल चलाने में बिताते हैं। रविवार को गार्डों की लापरवाही लाखन तिराहे पर देखने को मिली। यहां जाम लगता रहा और जिम्मेदार मोबाइल चलाते दिखाई दिए। एक महिला परेशान होकर इन गार्डों के पास पहुंची और जाम खुलवाने को कहा। इस पर वह बोले अपना काम करो जाकर, यह पूरे दिन चलता रहता है। इस पर मायूस होकर चली गई। उसने गार्डों व जाम की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इस संबंध में यातायात प्रभारी आफाक खां का कहना है कि वन वे में बड़े वाहनों को प्रवेश पूरी तरह से बर्जित है। फिर भी वाहन प्रवेश कर रहे तो गार्डों की लापरवाही है। इस संबंध में उनके अधिकारी को लिखा जायेगा।

### नियमों का उल्लंघन करने में 10 वाहनों पर जुर्माना

**छिबरामऊ।** कस्बे की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को टीएसआई अरशद अली एक माह से जगह-जगह जागरूकता अभियान और चेकिंग अभियान चला रहे हैं। रविवार को चेकिंग के दौरान एक विकलांग व्यक्ति को बिना फिटनेस के टेंपो चलाते पाया, जिस पर 6 हजार रुपये का जुर्माना किया। इसके अलावा रांगसाइड, नो पार्किंग, फालटी नंबर प्लेट व बिना लाइसेंस आदि के वाहन चलाने पर 10 वाहनों पर जुर्माना किया।


पुलिस लाइन में शूटिंग का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक प्रतीक कुमार पाल व निखिल पाल।

# शूटिंग प्रतियोगिता में 120 ने किये आवेदन

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता के लिये 120 प्रतिभागियों ने आवेदन किये हैं। आज आवेदन करने की अंतिम तिथि है। पुलिस लाइन में शूटिंग चैंपियनशिप एक व दो अक्टूबर को होगी। 30 सितंबर को आवेदन करने का अंतिम मौका है। एसपी ने शूटिंग की प्रैक्टिस करने के लिये प्रतिभागियों को प्रशिक्षक उपलब्ध कराये हैं। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये अब तक 120 प्रतिभागियों ने आवेदन जमा किये हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। आवेदन आरआई लाइन के पास करने को कहा गया है। इस प्रतियोगिता 10, 14, 18 व 21 वर्ष आयु वर्ग में होगी। रविवार को पुलिस लाइन के शूटिंग स्थल पर प्रशिक्षक प्रतीक कुमार पाल व निखिल पाल ने प्रतिभागियों को शूटिंग का प्रशिक्षण दिया।

# हेल्पर के पगार मांगने पर दो पक्षों के बीच विवाद, फायरिंग से तनाव

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज


घायल को अस्पताल ले जाते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक गांव में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बात बढ़ी तो फायरिंग होने लगी। विवाद का कारण एक हेल्पर द्वारा गांव के ट्रक मालिक से पगार मांगना बताया जा रहा है। मारपीट में घायल युवक को रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

सिकन्दरपुर चौकी क्षेत्र के गांव नगला सदारी के रहने वाले युधिष्ठर सिंह उर्फ पप्पू पुत्र रामसेवक शर्मा के पास ट्रक है। ट्रक पर गांव का ही राजभान उर्फ पप्पू पुत्र शिवदयाल कठेरिया ने हेल्पर है। कई माह तक काम किया लेकिन समय से पगार न देने पर वह ट्रक छोड़ कर गांव आ गया। रविवार को राजभान दरवाजे पर बैठा था। तभी युधिष्ठर सिंह वहां से निकले तो उसने पैसे मांग दिए। इसी को लेकर विवाद हो गया। युधिष्ठर आग बबूला हो गया। उसने घर जा कर परिवार के अन्य लोगों के साथ राजभान के घर में घुस कर मारपीट करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। मोहल्ले के अन्य लोगों के आ जाने पर आरोपित राजभान को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। मारपीट में घायल राजभान को सीएचसी छिबरामऊ में भर्ती कराया गया। यहां हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल कन्नौज के लिए रेफर कर दिया गया। फायरिंग की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घटना की पड़ताल करते हुए कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में कोतवाल सचिन कुमार सिंह का कहना है कि फायरिंग करने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है। दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप


नीलामी के दौरान मौजूद सीओ व अन्य अधिकारी और बोली लगाने आये ठेकेदार।

### अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस लाइन का कबाड़ नीलाम

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में कबाड़ की नीलामी की गई। इस मौके पर 30 से अधिक लोगों ने भाग लिया। रविवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई अध्यक्षता में पुलिस लाइन के शाखा वायरलेस, यातायात शाखा व जीपी स्टोर में उपलब्ध कबाड़ हुई राजकीय सम्पत्ति की सार्वजनिक नीलामी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी यातायात आफाक खां, प्रभारी वायरलेस, प्रभारी जीपी स्टोर व उप निरीक्षक लेखा आंकिक मौजूद रहे। अंतिम बोली लगाने वाले ठेकेदार को कबाड़ दिया गया।

### सेल्समैन को पीटने में तीन सिपाही निलंबित

**कन्नौज।** मॉडल शॉप के सेल्समैन से रात के समय शराब मांगने व दुकान न खोलने पर पिटाई के मामले में एसपी ने जांच कराई। एसपी ने तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। थाना तिर्वा क्षेत्र के मॉडल शाप के सेल्समैन सौरभ पाल पुत्र रामविलास सिंह निवासी ग्राम टडारायपुर थाना सौरिख ने 28 सितंबर को एसपी को शिकायती पत्र दिया था। इसमें आरोप लगाया था कि 27 सितंबर की रात्रि में थाना तिर्वा में तैनात सिपाही अनुज, गजेन्द्र व भूपेंद्र ने रात में दुकान खुलवाकर शराब खरीदी। वह शराब देकर चलने लगा तो फिर से मांगी। इस पर उसने दुकान खोल कर देने से मना कर दिया। इस पर सिपाहियों ने उसे पीटा। प्रथम दृष्टया तीनो सिपाहियों को दोषी पाया गया। पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने तीनों को निलंबित कर दिया है। एसपी ने बताया कि इन सिपाहियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## धर्म-अध्यात्म

### सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का हुआ आयोजन, कहा, जिसने भी भक्ति की तो उसने पहले प्रेम को हृदय में उतारा

# जिसके पास प्रेम है, वह प्रभु का भी प्यारा होता है : विश्राम सागर

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज


सत्संग में मौजूद सत्संगी, इनसेट में महात्मा विश्राम सागर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में संत निरंकारी सत्संग का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा विश्राम सागर ने कहा कि इस संसार में प्रेम से बड़ी कोई दौलत नहीं है। जिसके पास प्रेम हैवह प्रभु को भी प्यारा होता है। जिसने भी परमात्मा की भक्ति की तो उसने पहले प्रेम को अपने हृदय में उतारा है। मनुष्य का सबसे बड़ा गहना प्रेम होता है।

महात्मा ने आगे कहा कि संसार में जब भी प्रभु को प्राप्त करने की बात आई, तो उन्होंने ही प्राप्त कर पाया, जिन्होंने अपने हृदय में प्रेम को बसा रखा था। जिसने प्रेम किया है, उसी ने प्रभु को प्राप्त किया है। मीरा, कबीरा, तुलसी, चाहे कोई भी रहा उन्होंने प्रभु को प्राप्त करने के लिए निस्वार्थ प्रेम किया। हनुमान जी प्रभु राम से इतना प्रेम करते थे कि उसके आगे दुनिया की सारी दौलत फीकी थी। जब भगवान राम सबको राजपाट दे रहे थे। तब हनुमान से भी पूछा कि आपको क्या दें, तो उन्होंने प्रभु राम के चरणों की सेवा ही मांगी। इसीलिए आज भक्त हनुमान की सारे संसार में पूजा होती है। तो इस प्रकार जिसने भी प्रभु से प्रेम किया उसे संसार में कोई कमी नहीं रही।

सबके अंदर भाईचारा हो, सब सब के सुख दुख में शामिल हो, और सबका आनंदमय जीवन हो, तो साथ संगत जी आओ हम सब अपने सतगुरु की बात को मानते हुए अपने जीवन को सुंदर बनाएं और अपना भी भला करें, संसार का भी भला हो। इस दौरान विपिन, सुशील कुमार, रामकरण, वीरभान, खुशी राम, चुन्नू लाल, रामादेवी, रचना, सरोजनी, जानकी आदि सत्संगी रहे।

### भव्य होगा सन्मार्ग का नवदुर्गा महोत्सव, तैयारी जोरों पर

**कन्नौज।** सन्मार्ग संस्था की ओर से शहर के एसबीएस कालेज खेल मैदान में शारदीय श्री नव दुर्गा महोत्सव का आयोजन हर साल की तरह इस बार भी होगा। तीन अक्टूबर से शुरू होने वाले आयोजन में कलश यात्रा सुबह 10 बजे से निकाली जायेगी। यात्रा बाबा पकडिया नाथ मंदिर से पंडाल स्थल पर पहुंचेगी। इसी दिन मां भगवती की मूर्ति स्थापना की जायेगी। रात नौ बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 05 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से कलश सजाओ, 06 अक्टूबर को मेहंदी रचाओ, 07 अक्टूबर को रंगोली और 08 अक्टूबर को चित्रकला प्रतियोगिता होगी। 09 अक्टूबर को रक्तदान शिविर व रात 10 बजे महानिशा पूजा होगी। 10 अक्टूबर को भगवती जागरण गौरी म्यूजिकल ग्रुप की ओर से 10 बजे रात्रि से होगा। 11 अक्टूबर को कन्या भोज व भण्डारे का आयोजन होगा। चार अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक श्रीमद्भाग्वत कथा दोपहर बाद 2 :30 से 5 :30 बजे तक होगी। कथा बाचक पंडित कौशल किशोर महाराज कथा का रसपान करायेंगे। प्रति दिन शाम 8 :30 बजे श्रृंगार आरती होगी। 12 अक्टूबर को 10 बजे दिन से मां की शक्ति विजय यात्रा निकाली जायेगी जो मकरंदनगर के बाबा पकडिया नाथ मंदिर से शहर में भ्रमण करते हुए विर्सजन स्थल तक जायेगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरे शैक्षणिक अंकपत्र सह प्रमाण पत्र हाई स्कूल रोल नंबर 1757363 वर्ष 2014, इण्टर मिडियट रोल नंबर 1313200 वर्ष 2016, बीएससी प्रथम वर्ष रोल नंबर 4101125 वर्ष 2017, बीएससी द्वितीय वर्ष रोल नंबर 2091294 वर्ष 2018, बीएससी तृतीय वर्ष रोल नंबर 6075253 वर्ष 2019 खो गये हैं। **-ऋषभ कुमार दुबे पुत्र श्री सुशील कुमार दुबे निवासी- ग्राम आंटी, पोस्ट- मलिकापुर -कन्नौज, मोबाइल नंबर-8874236656**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट में अंकित नाम जलालुद्दीन है जबकि सही नाम जलालुद्दीन मोहम्मद खलील अंसारी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए पुत्र **मोहम्मद खलील अंसारी ग्राम तिलखोरिया,पोस्ट, बनगवा ,जिला गोंडा उत्तर प्रदेश 271312**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद साहिद पुत्र अहमद हुसैन, निवासी- जीवपुर, पोस्ट- रतकुण्ड तहसील सोहावल, जनपद- अयोध्या उ0प्र0,** यह कि पहले मेरा नाम MOHD SHAHID पुत्र AHMAD HUSAIN था। मैंने अपना नाम बदलकर अब MOHAMMAD SAHID पुत्र अहमद हुसैन रख लिया है। भविष्य में MOHAMMAD SAHID के नाम से जाना व पहचाना जाये। सभी प्रयोजन के लिए। यह कि निवासी 125 वार्ड नं0 11 संत कबीर रैदास जीवपुर घर के पास मस्जिद नगर पंचायत भदरसा तहसील सोहावल जनपद अयोध्या।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत अलियाबाद में नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन हेतु तृतीय बैठक दिनांक 03/10/2024 दिन गुरुवार सायं 4 बजे पंचायत भवन केन्हौरा, ब्लाक- दरियाबाद तहसील रामसनेही घाट, जनपद- बाराबंकी में आयोजित की जा रही है जिसमे सभी ग्रामवासी जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान बी डी सी जिला पंचायत व अधिकारीगण सादर आमंत्रित है मुख्य प्रवर्तक अब्दुल अली प्रस्तावित समिति 8127272752

**आज का मौसम**

सोमवार को बादल छाए रहने की संभावना है।

32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 03 | सूर्यास्त 06 : 05

# कच्चा मकान ढहा, परिवार दबा, भाई-बहन की मौत

## थाना इंदरगढ़ के गोपालपुर में हुआ हादसा, लगातार बारिश से हो गया था कमजोर, घटना के समय सो रहे थे परिवार के लोग

संवाददाता तिर्वा



मकान का मलबा व घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार



मेडिकल कालेज में भर्ती घायल अंजली।

- घायलों को मेडिकल कालेज में कराया गया भर्ती, किशोरी की हालत गंभीर

**अमृत विचार।** पिछले दिनों लगातार हुई बारिश से कच्चा मकान कमजोर हो गया। परिवार रात के समय छत पर सो रहा था कि तभी दीवार समेत छत ढह गई। इससे पूरा परिवार मलबे में दब गया। घटना में सभी छह लोग घायल हो गए। जोरदार आवाज सुनकर दौड़े लोगों ने किसी तरह सभी को मलबा हटाकर निकाला और सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों भाई-बहनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने भाई और एक बहन को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर तहसील प्रशासन के लोगों ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। मृतकों के परिजनों को आठ लाख की सहायता राशि दैवी आपदा राहत कोष से प्रदान की गई है। इसका प्रमाणपत्र गांव पहुंचे विधायक कैलाश राजपूत ने दिया।



विवेक।

थाना इंदरगढ़ के गोपालपुर निवासी रामदास पुत्र पुत्तूलाल (45), अपनी पत्नी फगुनी (40), पुत्रियों सरिता (12) व अंजली (14), पुत्र विवेक (10) तथा पिता पुत्तूलाल के साथ कच्चे मकान में रहता है। लगातार कई दिन से हो रही बारिश से उसका कच्चा मकान कमजोर हो गया था। शनिवार को रामदास पूरे परिवार के साथ छत पर सो रहा था। तड़के करीब तीन बजे मकान की छत गिरने लगी। सो रहे लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक दीवार समेत छत भरभराकर गिर पड़ी।

सोते समय हुए हादसे में सभी लोग मलवे में दब गए। शोरगुल को सुनकर मोहल्ले के लोग जाग गए। ग्रामीणों ने उसी समय मलवा हटाने का काम शुरू करके दबे लोगों को बाहर निकाल कर आनन फानन में हसेरन सीएचसी पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने सरिता, विवेक व अंजली की हालत गंभीर देखकर मेडिकल कालेज भेज दिया।

मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने विवेक और सरिता को मृत घोषित कर घायल अंजली को भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया।

### पक्की छत पाने को तरस रहा था परिवार

**तिर्वा।** पीएम आवास के लिए कई बार आवेदन करने के बाद भी गरीब परिवार जर्जर मकान में रहने को मजबूर है। सभी जरूरतमंदों को पक्की छत दिलाने का दम भरने वाले प्रशासन के जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने गरीब असहाय लोगों को पक्की छत दिलाने के लिए आवास योजनाएं चलाईं हैं। इसके तहत जरूरतमंदों को पीएम व सीएम आवास का आवंटन किया जाता है। वहीं जिम्मेदार ही सरकार की योजना को पलीता लगाते हुए पात्र लोगों को आवास से वंचित करने का काम कर रहे हैं। ऐसाही एक मामला थाना इंदरगढ़ के कलसान गांव के मजरा विशेनैपुर्वा गांव में सामने आया है। यहां पर पात्र होने के बाद भी महिला को आवास नहीं मिल पाया। गांव निवासी राजेंद्र देवी पत्नी मुन्नू लाल ने बताया कि उनका आधा मकान गिर चुका है और आधा जर्जर है। उनका परिवार इस मकान पर टिन शेड डालकर रह रहा है कभी भी हादसा हो सकता है। अधिकारियों से कई बार लिखित रूप से आवास के लिए मांग की लेकिन सुनवाई नहीं हुई है।



गांव पहुंचकर परिजनों से पूछताछ करते अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह।

## एडीएम समेत अधिकारियों ने दिया मदद का भरोसा

- जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अधिकारी, ग्रामीणों और परिजनों से लिए हाल

**तिर्वा।** एक ही परिवार में हुई दो बच्चों की मौत व चार के घायल होने की जानकारी पर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पाते ही मौके पर पहुंचे तहसील के अधिकारियों ने घटना की जानकारी लेते हुए घायलों को दैवी आपदा के तहत आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह ने भी पहुंचकर हादसे की जानकारी लेते हुए परिजनों को ढाढ़स बंधाया। मौके पर पहुंची थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने घटना की जानकारी लेते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद दैवी आपदा के तहत मिलने वाली आर्थिक मदद मृतकों के परिजनों को दिलाई जाएगी।

## जमीन पर कब्जे को लेकर दो धर्मों के लोग भिड़े

**कन्नौज।** सरायमीरा-कन्नौज रोड पर लल्लन मियां के रौजा के निकट चर्च के सामने पड़ी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। इससे दो धर्मों के लोग आमने-सामने आ गये। कुछ भूमि समतल करने के बाद जेसीवी लौटानी पड़ी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

कोतवाली रोड पर लल्लन मिया के रौजा मस्जिद के पास चर्च हैं। चर्च के सामने सड़क के किनारे कुछ भूमि खाली पड़ी है। इसके बाद चर्च की दावार बनी है। रविवार को कुछ मुस्लिम लोग खाली पड़ी जमीन को कब्रिस्तान की बता कर जेसीवी से समतल कराने लगे। इसकी जानकारी जब चर्च में रह रहे ईसाई धर्म के लोगों को हुई तो वह सामने आ गये। दोनों पक्षों में काफी देर तक हुई नोक झोंक के बाद जेसीवी को वापस कर दिया गया। जानकारी पर कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने तत्काल पुलिस को मौके पर भेजा। इससे पहले जेसीवी जा चुकी थी। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर न्यायालय से समाधान निकालने को कहा। पुलिस ने कानून हाथ में लेने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस दौरान सरायमीरा-कन्नौज रोड पर अफरा तफरी का माहौल रहा।

## एक नजर

### जनखत में दंगल कल से, कई प्रांतों के पहलवान आएंगे

**कन्नौज।** जनखत गांव में राष्ट्रीय कुश्ती महाकुंभ का आयोजन एक व दो अक्टूबर को होगा। दंगल में कई प्रांतों के पहलवान करेंगे शिरकत करेंगे। ठठिया क्षेत्र के गांव जनखत में 125वां दंगल होने जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि दंगल दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इसमें रामेश्वर, अकबर पहलवान बुलंद शहर, गौरव पहलवान कन्नौज, जाबिद पहलवान कलियर शरीफ, भोला पहलवान उत्तरा खण्ड, गोलू पहवान चकर नगर, कौशल पहवान इटावा, शनी पहवान सैफई, शिव पूजन जालौन, अमित सैफई, भूपेंद्र पहलवान कानपुर, विशकरन पहलवान ठठिया, विकाश पहलवान फिरोजाबाद, बाबा लाड़ी पहलवान अयोध्या भाग लेंगे।

### सपा की मासिक बैठक आज

**कन्नौज।** समाजवादी पार्टी कार्यलय में मासिक बैठक 30 सितंबर को 10 बजे से आयोजित होगी। इस में सपा के पूर्व विधायक, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख, विधानसभा अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता व सभी फ्रंटल संगठनों के जिलाध्यक्ष व सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता, सभी सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी, बूथ प्रभारी बुलाये गये हैं। यह जानकारी सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां ने दी।

### सीओ सिटी की फेक फेसबुक आईडी से ठगी की कोशिश

**कन्नौज।** साइबर ठग इतने बेखौफ हो चुके हैं कि अफसरों तक के नाम पर ठगी करने में जुटे हैं। इस क्रम में अब सीओ सिटी की फेक फेसबुक आईडी बना कर ठग ने लोगों से रुपये की मांग की। जानकारी पर सीओ ने फेसबुक से जुड़े लोगों से रुपये न देने को कहा है।

सीओ सदर कमलेश कुमार की फर्जी फेसबुक आईडी से लोगों से रुपयों की मांग की गई। इसकी जानकारी सीओ को तब हुई जब एक मित्र ने फोन लगा कर पूछा कि रुपये की क्या जरुरत पड़ गई? इस पर फेसबुक पर जुड़े सभी मित्रों को मैसेज भेज कर मांगे जा रहे रुपये न देने को कहा है। कोई ठग फेक आईडी बना कर रुपये की मांग कर रहा है। सीओ सिटी ने कहा कि इस तरह की फेक आईडी बनती रहती है। लोग जागरुक रहें तो इन ठगों से बच सकते हैं। फेसबुक पर की गई रुपयों की मांग पर किसी भी दशा में पूरी न करें। यदि मोबाइल नंबर संबंधित का हो तो फोन पर पहले बात करें।

# जिला पंचायत में महीने भर से इंजीनियर नहीं, विकास कार्य ठप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



जिला पंचायत कार्यालय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पंचायत में अधिकारी व अभियंता टिक कर काम नहीं कर पा रहे हैं। कभी अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) नहीं रहते तो कभी इंजीनियर की कुर्सी खाली हो जाती है। कुछ सालों से ऐसा कम ही समय रहा जब दोनों जिम्मेदारों की यहां तैनाती रही। किसी एक के न होने से विकास कार्य ठप हो जाते हैं। एक महीने से यहां यही हाल है।

दरअसल, तकनीकी कार्य बिना इंजीनियर के नहीं होते हैं। इसमें निर्माण कार्य भी शामिल है। इस पद पर दिसंबर 2023 में हरेंद्र राव की तैनाती हुई थी। अगस्त 2024 में वह लखनऊ संबद्ध कर दिए गए। उनके जाने के बाद विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे पहले एएमए की कुर्सी कुछ महीनों तक खाली रही। तब इंजीनियर आ चुके थे। जब इंजीनियर नहीं थे तो एएमए अरविंद कुमार आनंद आ चुके थे। हालांकि कई महीने तक उनको चार्ज नहीं मिला था।

बाद में उनकी तबियत बिगड़ गई और छुट्टी पर चले गए थे। जब वह वापस आए तो उनका तबादला कर दिया गया। वर्तमान में एएमए की तैनाती यहां है। दूसरी ओर कहा जा रहा है कि विकास कार्य के लिए जिला पंचायत सदस्यों से प्रस्ताव लिए गए थे। उन पर तभी कार्य शुरू हो सकेगा जब इंजीनियर की तैनाती हो जाएगी।

> जिला पंचायत में जेई की तैनाती तो है पर इंजीनियर नहीं हैं। इससे सभी कार्य ठप हैं। शासन से इंजीनियर भेजने की मांग हुई है।
>
> **ओमकार शाक्य, प्रतिनिधि- जिला पंचायत अध्यक्ष**

> इंजीनियर हरेंद्र राव को शासन ने लखनऊ बुला लिया है। इससे कामकाज ठप हो गए हैं। तकनीकी कार्य कतई नहीं हो पा रहे हैं।
>
> **जग प्रसाद मौर्य, अपर मुख्य अधिकारी**

## डीपीआरओ के खिलाफ विशेष परिनिंदा प्रविष्टि पारित हुआ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पंचायती राज निदेशक ने जिम्मेदारी न निभाने पर की कार्रवाई
- स्वच्छता में जन भागीदारी के तहत दो ही कार्यक्रम होने पर नाराजगी जताई

**अमृत विचार।** डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश के खिलाफ पंचायती राज निदेशक अटल राय ने गैर जिम्मेदारी वाली कार्य पद्धति को लेकर विशेष परिनिंदा प्रविष्टि पारित की है। कहा है कि स्वच्छता ही सेवा के 10 दिन बीत जाने के बाद भी स्वच्छता में जनभागीदारी गतिविधि के तहत राज्य में जन प्रतिभागिता सुनिश्चित करने में स्थिति नगण्य है। इन 10 दिनों में महज दो कार्यक्रम हुए हैं और 40 ग्रामीण ही शामिल हो सके।

निदेशक ने 26 सितंबर को जारी किए विशेष परिनिंदा प्रविष्टि वाले पत्र में कहा है कि ऐसे महत्वपूर्ण व समयबद्ध कार्यक्रमों में इतनी खराब प्रगति से राज्य की छवि धूमिल हो रही है। गैर जिम्मेदारी वाले रवैये से लग रहा है कि डीपीआरओ कन्नौज उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हैं और इसके आदी हैं। डीपीआरओ लापरवाह व स्वेच्छाचारी अधिकारी हैं। निदेशक ने यह पत्र डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, सीडीओ राम कृपाल चौधरी समेत अन्य अधिकारियों को भी भेजा है। बताया है कि 17 सितंबर से पहली अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम कराने को कहा गया था। इसमें स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता व सफाई मित्र सुरक्षा शिविर को लेकर निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप



पौधरोपण करते प्रबंधक तीर्थराज बौद्ध। अमृत विचार

### डॉ आंबेडकर पार्क बडेपुर में किया गया पौधरोपण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्था गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल अल्पसंख्यक ट्रस्ट के द्वारा गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार बडेपुर के डॉ अंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रबंधक एवं सचिव तीर्थराज बौद्ध ने कहा वृक्ष है तो जीवन है, पर्यावरण बचाने की हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए, क्योंकि आज इतनी गर्मी और तमाम आपदाएं आती हैं। यह हमारे पर्यावरण से छेड़छाड़ का ही नतीजा है। हम सभी युवाओं की और सभी की जिम्मेदारी है की अधिक से अधिक पेड़ लगाए और उनकी रक्षा करें। पेड़ों से हमें फल, फूल, लकड़ी व छाया आदि मिलती है और हमारे जीवन को बचाने के लिए महत्वपूर्ण ऑक्सीजन मिलती है, जिसकी वजह से हम जीवित है। इस दौरान सुमित कुमार शाक्य, देवकीनन्दन शाक्य, अवनीश शाक्य, यश सिंह, सोनू शाक्य, उमेश शाक्य, विवेक शाक्य व पीयूष शाक्य मौजूद रहे।

### चेतावनी बिंदु से नीचे उतरा गंगा का जलस्तर

**कन्नौज।** महादेवी गंगा घाट का जलस्तर अब चेतावनी बिंदु से नीचे आ गया है। 10 दिन पहले पानी खतरे का निशान पार कर गया था। रविवार को जारी हुई सिंचाई विभाग की रिपोर्ट में बताया गया है कि नरौरा बांध से 52348 क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है। वर्तमान जलस्तर 124 .040 मीटर है जबकि चेतावनी बिंदु 124 .970 मीटर पर है।

### जहरीले कीड़े के काटने से फोटोग्राफर की मौत



पंकज।

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रात में घर में शौचालय को जाते समय जहरीले कीड़ा ने फोटोग्राफर को काट लिया। रविवार की सुबह दुकान पर पहुंचने के बाद हालत बिगड़ गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। रेफर होने के बाद कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। विशुनगढ़ थानाक्षेत्र के गांव रूद्रपुर जमामर्दपुर के रहने वाले पंकज कुमार पुत्र शीशराम यादव प्रेमपुर फोटो स्टूडियो चलाता था। शनिवार की रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सो रहा था। रात में लघुशंका के लिए निकला तो किसी कीड़े ने काट लिया। उसने कोई ध्यान नहीं दिया। रोज की तरह रविवार की सुबह र दुकान पर गया। यहां हालत बिगड़ने लगी तो झोलाछाप से दवाई ली। सुधार न होने पर पड़ोस के लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। परिजन भी पहुंच गये। यहां से तिर्वा रेफर कर दिया। तिर्वा में ससुराल पक्ष के लोग पहुंच गए और कानपुर लिए जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेशू व दो अबोध बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया।

# लापरवाही में अनौगी चौकी प्रभारी समेत तीन निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- नीलू के फरार होने के मामले में एसपी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने लापरवाही पर गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र की जिला जेल चौकी अनौगी के प्रभारी किशनवीर समेत तीन लोगों को निलंबित कर दिया।

यह निलंबन गैंगस्टर के मामले में किशोरी से दुष्कर्म के सह आरोपी नीलू यादव के जेल से रिहा होने के बाद फरार होने में पुलिस की लापरवाही पर किया गया है। सूत्र बताते हैं कि कोतवाली पुलिस किशोरी से दुष्कर्म के मामले में नवाब सिंह यादव, किशोरी की बुआ व नवाब सिंह यादव के भाई नीलू यादव के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इससे पहले नीलू जेल से बाहर निकल आये और फरार हो गये।

बताया जाता है कि एसपी ने इसी मामले को लेकर अनौगी चौकी प्रभारी के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। एसपी ने बताया कि जेल चौकी इंचार्ज व दो अन्य कोर्ट मोहर्रिर के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# क्विज प्रतियोगिता की निगरानी के लिए जिम्मेदारी सौंपी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आठों बीआरसी क्षेत्र में आज होगी राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्रतियोगिता
- जिलेभर के परिषदीय स्कूलों से कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राएं शामिल होंगे

**अमृत विचार।** जिले के परिषदीय उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा छह से आठ के छात्र/ छात्राएं 30 सितंबर को सभी बीआरसी क्षेत्र में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत क्विज प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसके लिए अधिकारियों, शिक्षक-शिक्षामित्रों व जिला समन्वयक की ड्यूटी भी लगा दी गई है। पहले यह प्रतियोगिता 28 सितंबर को होनी थी, लेकिन बारिश की वजह से स्थगित कर दिया गया था।

बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए डायट प्रवक्ता को स्वतंत्र पर्यवेक्षक नामित किया है। दूसरी ओर जनपद से भी निरीक्षण कर्ता नामित हुए हैं। प्रतिभागी बच्चों की संख्या, पुरस्कार वितरण आदि की रिपोर्ट भी बीएसए कार्यालय में भेजनी होगी। जनपद नोडल शिक्षक आशुतोष दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, बच्चों एवं शिक्षकों में प्रतियोगिता के लिए उत्साह है।

जिला समन्वयक गौरव दीक्षित ने बताया कि डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने प्रत्येक विकास खंड में बीईओ को निरीक्षण करने की जिम्मेदारी दी है। बीएसए ने कन्नौज व नगर क्षेत्र में जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता शैलेंद्र प्रताप सिंह, उमर्दा के लिए बीईओ मधुलिका बाजपेई, हसेरन इलाके लिए एसआरजी संजीव कटियार, सौरिख में एसआरजी अमित मिश्र, छिबरामऊ में जिला समन्वयक एमआईएस विश्वनाथ शर्मा, तालग्राम में जिला समन्वयक एमडीएम आदिल नियाज, गुगरापुर में जिला समन्वयक प्रशिक्षण गौरव दीक्षित, जलालाबाद में जिला समन्वयक बालिका शिक्षा रोहित तिवारी को निरीक्षण के लिए नामित किया गया है।

### कंट्रोल रूम बनाया गया

प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत के लिए जनपद पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इसके लिए नंबर 7800133937, 7007626699 व 99184668823 पर जानकारी दी जा सकती है।

**शाबास** विश्वविद्यालय की परास्नातक (भूगोल) परीक्षा में पाए सर्वाधिक 82 .91 प्रतिशत अंक, राज्यपाल व विधानसभा अध्यक्ष ने किया सम्मानित

# जलालाबाद की बेटी तेजस्विनी ने कानपुर में बढ़ाया मान

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज



विधानसभा अध्यक्ष से सम्मान प्राप्त करती छात्रा तेजश्वनी। अमृत विचार




छात्रा को पुरस्कृत करते प्राचार्य संदेश कुमार पांडे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के रानी लक्ष्मीबाई ऑडिटोरियम में विश्वविद्यालय की एमए (भूगोल) की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को 39वें दीक्षांत समारोह 2024 में शनिवार को राज्यपाल उ.प्र आनंदीबेन पटेल व विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने महाशय चित्रसेन निगम स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया।

कस्बा जलालाबाद निवासी सुभाष चन्द्र कुशवाहा की पुत्री तेजस्वनी ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से भूगोल विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जनपद सहित परिजनों का नाम रोशन किया है। राज्यपाल व विधानसभा अध्यक्ष के हाथों स्वर्ण पदक मिलने से परिजनों में हर्ष है। छात्रा ने बताया कि उसने 2015 में गांव के वीडी तिवारी इण्टर कॉलेज से हाईस्कूल की परीक्षा 87.83 प्रशित, डॉ. जाकिर हुसैन इण्टर कॉलेज गुरसहायगंज से वर्ष 2017 में इंटरमीडिएट की परीक्षा 82.40 प्रतिशत, पीएसएम पीजी कॉलेज कन्नौज से 2020 में की परीक्षा 69.67 प्रतिशत अंक से पास की थी। अब परास्नातक (भूगोल) की परीक्षा 2024 में 82.91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कानपुर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान पाया है। रविवार को माता संगीता कुशवाहा सहित परिजनों व स्थानीय लोगों ने छात्रा को फूलमाला पहनाकर सम्मान किया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जेएनवी के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**जलालाबाद, कन्नौज।** जेएनबी में हिंदी पखवाड़ा के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में 14 सितंबर से चल रहे हिंदी पखबाड़ा के तहत प्राचार्य संदेश कुमार पांडे के निर्देशन में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताएं कराई गई। इसमें भाषण, आशु भाषण, मौलिक कविता, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं को समापन दिवस पर 45 पुरस्कार व 10 सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। जबकि हिंदी शिक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने अपने काव्य पंक्तियों से हिंदी के प्रति प्रेम को परोसकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उप प्राचार्य फिरोज अहमद ने हिंदी की महत्ता बताई। प्रीति यादव, सीपी राम, बृजमंगल सिंह, धीरेंद्र कुमार, डीके कनौजिया, एसके सिंह, गीता कुमारी, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं के सुलभ शौचालय पर लटक रहा ताला

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



शौचालय में लटक रहे ताले।

**अमृत विचार।** छिबरामऊ तहसील परिसर में अधिवक्ताओं व वादकारियों के लिए बनाए गए सुलभ शौचालय में कई महिनों से ताला लटक रहा है। ऐसे में लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है।

तहसील परिसर में लाखों रुपये से बना शौचालय सफेद हाथी साबित हो रहा है। यहां आने वाले अधिवक्ता व वादकारी खुले में जाने के लिए मजबूर हो रहे है। कस्बे में दो दशक पहले नई तहसील भवन का निर्माण कराया गया था। इसके साथ ही अधिवक्ताओं व वादकारियों के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण भी हुआ था। अधिवक्ता सभागार के पास बना यह शौचालय रख रखाव के अभाव में दुर्दशा का शिकार हो गया। शौचालय के चालू न होने से महिलाओं व पुरूषों को खासी दिक्कतें हो रही है। यहां आनेवाले वादकारियों ने इसे चालू कराने का कई बार चर्चा की। लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलते यह ठप पड़ा हुआ है। इस मामले में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द सिंह राठौर ने कहा कि बंद पड़े शौचालय को चालू करवाने के लिए एसडीएम से बात की जायेगी।

# जीवन यापन के लिए रोजगार के साधन अपनाएं

## 60 हिस्ट्रीशीटरों समेत 308 अपराधियों के साथ पुलिस अधीक्षक ने की बैठक, दिये दिशा-निर्देश

**एसपी की नई पहल आई सामने**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


मीटिंग में संबोधित करते पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी। अमृत विचार


पुलिस लाइन में मौजूद एचएस व अन्य अपराधी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी की नई पहल सामने आई है। उन्होंने फतेहगढ़ पुलिस लाइन में जनपद के करीब 308 अपराधियों को बुलाकर वार्ता की, जिसमें 10 वर्ष से पुराने लगभग सभी अपराधी जिसमें गोकशी, लूट, चोरी, नकबजनी आदि के अपराधियों को बुलाया गया था और उनसे वार्ता की तथा उनके दिनचर्या के संबंध में उनसे जानकारी ली और आने वाली समस्याओं के संबंध में भी पूछा और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा।

फतेहगढ़ पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अलोक प्रियदर्शी ने 308 अपराधियों को पुलिस लाइन में बुलाकर उन्हें अपराध छोड़कर सकुशल जीवन जीने के तरीके बताए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो अपराधी अपराध छोड़कर कर कोई न कोई काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, जब उनके क्षेत्र में कोई लूट, हत्या, चोरी, की घटना होती है तो पुलिस सबसे पहले पुराने अपराधियों से पूछताछ करती है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कहा कि इन सबसे बचने के लिए एक ही तरीका है कि अपराधियों को पुलिस के साथ तालमेल बनाना होगा। उनके क्षेत्र में कोई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है तो वह लोग पुलिस को गोपनीय सूचना दे सकते हैं। सभी थानों में अपराधियों का सत्यापन चल रहा है। जो अपराधी 10 साल पहले अपराध कर चुके उन सब अपराधियों की पुलिस प्रोफ़ाइल तैयार कर रही हैं। उनके मोबाइल नंबर सहित रिस्तेदारी और अपराध कर रहा या नहीं । इसके संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते 10 वर्षों में करीब 1400 अपराधी चिह्नित किए गए हैं। अब तक 500 अपराधियों का सत्यापन हो गया है। जनपद में 1000 अपराधियों को चिह्नित किया गया है। आज 308 अपराधियों को बुलाया गया था। जिसमे 60 हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि अपराधियों के लिए थाने में हाजिरी रजिस्टर बनाया गया है। अपराधियों को थाने में हाजिरी लगानी होगी और क्या काम कर रहे हैं यह बताना होगा । पुलिस इन अपराधियों की निगरानी करेगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इससे अपराध और अपराधियों पर नकेल कसेगी।

पत्रकारों से रूबरू होते हुए एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आज 10 साल पुराने अपराधियों को बुलाया गया था। जिसमें गोकशी, लूट, चोरी, नकबजनी की घटनाओं में सम्मिलित रहे अपराधियों को आने के लिए आदेशित किया गया था। उन्होंने बताया कि जेल से छूटकर जिले में रह रहे अपराधियों को सत्यापित करने की व्यवस्था की गई थी। ताकि पता चल सके कि वह अपराध का जीवन छोड़ चुके हैं या अभी भी अपराध में संलिप्त हैं। इनकी डिटेल को थाने के रजिस्टर में चस्पा किया गया। उनकी फोटो लगाई गई उनका क्रिमिनल रिकॉर्ड रखा गया। और एक रजिस्टर हाजिरी का थाने में रखा गया और समय-समय पर उन्हें बुलाकर उनसे बातचीत करने का प्रावधान किया गया है।

इस संबंध में आज 308 अपराधियों को बुलाकर जिनमें 60 हिस्ट्रीशीटर शामिल है। वह मेरे द्वारा वेरीफाई किया गया और उनसे वार्ता की गई है। उन्हें बताया गया कि उनके इलाके में कोई गलत बात होती है तो पुलिस को सूचना दें। अपराध और अपराधियों की छानबीन में पुलिस की मदद करें।

# अधिकारियों ने जिल जेल व पुलिस लाइन में चलाया सफाई अभियान

**स्वच्छता पखवारा**

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


जिला जेल में सफाई करते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के कई सरकारी कार्यालयों में रविवार को स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया।

जिला कारागार फतेहगढ़ पर जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद के नेतृत्व में समस्त कारागार में अंदर बाहर आवासीय व अनावाशीय परिसर में सभी अधिकारियों कर्मचारियों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें कारागार के मुख्य द्वार के बाहर, जेल परिसर और बैरकों में सफाई करवाई गई। सफाई अभियान में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। सफाई अभियान में सरोज देवी उपकारापाल, वैभव कुशवाह उपकारापाल, मुकेश गौड़ , कृष्णा कुमारी उपकारापाल एवं जेल बार्डर संजय कुमार सिंह, नीरज , सोनू, अंकित, नवनीत, गौतम कुमार, प्रियंका, रोहिणी,नगमा,जॉली विमलेश कुमारी आदि कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। जेल अधीक्षक ने सभी को सफाई के महत्त्व को समझाते हुए बताया कि सफाई मनुष्य जीवन के लिए ऐसे ही जरूरी है जैसे भोजन जरूरी है। अपने आसपास कार्यस्थल पर सफाई रखने से आपकी छवि अच्छी बनती है। सफाई से मन कर्म कर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अंत में जेल अधीक्षक ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को सफाई अभियान में हिस्सा लेने पर धन्यवाद दिया


पुलिस लाइन में सफाई करते पुलिस अधिकारी।

महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश के क्रम में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद के पुलिस लाइन, समस्त थानों,चौकियों,कार्यालयों में श्रमदान कर अपने-अपने थानों,चौकियों,कार्यालयों की समुचित साफ़ सफाई की गयी।

# बाइक की आमने-सामने भिंड़त में 4 लोग घायल

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद




**अमृत विचार।** कायमगंज अलीगंज मार्ग पर 2 बाइकों की आमने-सामने भिंड़त हो गई। भिड़त में बाइक सावर दंपती समेत 4 लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया।

जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव साजिद नगला निवासी ग्रीशचंद्र बाइक से पत्नी बेबी, व दो बच्चों योगिता व दक्ष के साथ क्षेत्र के गांव दूंदेमई अपनी रिश्तेदारी में आया था। वापस जाते समय कायमगंज अलीगंज मार्ग स्थित नहर पुलिया पर सामने से आ रही तेज रफ़्तार बाइक ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार चारों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार मौके से फरार हो गया। लोगों ने सभी को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां योगिता व दक्ष को प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**मार्ग दुर्घटना में 1 जख्मी**

कायमगंज फर्रुखाबादजनपद हरदोई के थाना हरपालपुर के मैतापुर निवासी अंकित यादव मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया गया।

# मेधावियों को बांटे पुरस्कार, खिले चेहरे

संवाददाता फर्रुखाबाद



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते बच्चे। अमृत विचार

**● एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट का पुरस्कार वितरण समारोह**

**अमृत विचार।** श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट का पुरस्कार वितरण समारोह बद्री विशाल महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र मिश्र, उपाध्यक्ष राज्य ललित अकादमी लखनऊ (उ प्र), मुकेश राजपूत सांसद , जिला अध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, संघ के सह विभाग प्रचारक अमित व बद्री विशाल महाविद्यालय के प्रबन्धक विनोद दुबे द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर एशियन कंप्यूटर द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन 4 केंद्रों, सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर, राजपुर, शाहजहांपुर, नवाबगंज में हुआ जिसमें 6432 छात्रों ने प्रतिभाग किया था, जिसमे से सफल हुए छात्रों को आज पुरस्कार प्रदान किया गया। सामान्य ज्ञान परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले उत्तम सिंह को मेगा पुरस्कार के रूप में साइकिल, शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सीनिअर वर्ग में आस्था मृदुल कटियार ने 83 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निलेश मिश्रा ने 73 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जूनियर वर्ग में कृष्णा ने 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षत व वैभव ने संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को मिक्सी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को इलेक्ट्रिक केटल एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में दीवार घड़ी के साथ शील्ड व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल एक सैकड़ा से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें अक्षरा खुशी,रागिनी, जाह्नवी ने गणेश वंदना, वंशिका, तनु, वर्षा, अंजलि, शगुन ने राधा कृष्णा समूह नृत्य, शिवांग दीक्षित ने "खई के पान बनारस वाला........", भूमि, यशी, दुर्गा, फाल्गुनी, मुस्कान ने डांडिया, मान्या, गुंजन, अनुराधा, कशिश, कनिष्का, अनुष्का ने मर्दानी....... समूह नृत्य, स्नेहा तान्या ने 80 के दशक के गाने पर नृत्य किया । संस्था के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं संस्था द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

## सार-संक्षेप


अमृतपुर सीएचसी मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

### जन आरोग्य मेले में 205 मरीजों की जांची सेहत

**अमृतपुर-फर्रुखाबाद।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में किया गया। यहां पर कुल 205 मरीजों को देखा गया। टाइफाइड के लिए 16 मरीजों की जांच की गई। मलेरिया के लिए 18 मरीजों की जांच की गई। तीन मरीजों की डेंगू जांच की गई। शुगर के 15 मरीजों की जांच की गई। हीमोग्लोबिन के 8 मरीजों की जांच की गई। 5 मरीजों के बलगम की जांच की गई। इस दौरान अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम ,बुखार, खांसी व खाज खुजली रोग से संबंधित पाए गए। मरीजों नि : शुल्क दवाइयां वितरित की गई।


उखरा गांव पहुंचकर लोगों से मिलता सपा का प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

### उखरा पहुंचा सपा का प्रतिनिधि मंडल

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम उखरा में जमीदोंज किए गए 28 घरों के पीड़ित यादव परिवारों से मिलने पहुंचा और बताया कि अखिलेश यादव इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ है। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल रजत क्रांतिकारी, बृजभान यादव उर्फ रिंकू ,डॉ शिवम अवस्थी ,सत्यम अवस्थी ग्राम उखरा मैं जमीदोंज किये गए 28 घरों के परिवार वालों से मिले और उनके दुख को बांटने का कार्य किया। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि घटना दुखद ही नहीं बल्कि इंसानियत को भी तार तार करने वाली है । उन्होंने कहा कि आनन-फानन में यह कार्रवाई केवल इसलिए की गई है कि यह 28 घरों के परिवार पीडीए के परिवार हैं।

### सड़क पर टहलते समय युवक को सांप ने डसा ,भर्ती

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव नगला केवल निवासी रामनरेश का 25 वर्षीय पुत्र संजू यादव घर के बाहर टहल रहा था। तभी सांप ने संजू यादव को पैर में डस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। घर वालों ने जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने बताया कि सांप का डसा हुआ युवक संजू को लाया गया है उसे भर्ती कर डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।

### टैम्पो से कुचल कर बालक की मौत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के कोटियापुर निवासी मोहित अपनी पत्नी शिल्पी व पुत्र कृष्ण के साथ अपनी ससुराल थाना हरपालपुर हरदोई जा रहे थे। फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग पर लापरवाही से चलाते हुए टेंपो चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठा बालक कृष्ण जमीन पर गिर पड़ा और टेंपो का पहिया उसके ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। टेंपो चालक टेंपो लेकर मौके से फरार हो गया। एसओ मिनेश पचौरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में पल रही 3 लाख मछलियां मरीं

**फर्रुखाबाद।** थाना अमृतपुर क्षेत्र निवासी महिला का मछली पालन का पट्टा हुआ था। डेढ़ लाख रुपये की लागत लगाकर तालाब में 3 लाख मछलियां डलवाई थीं। संदिग्ध परिस्थितियों में सभी मछलियों की मौत हो गई। मामले में मत्स्य विभाग की टीम अब जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के गांव गूजरपुर पमारान में सिया देवी पत्नी मुन्नालाल के नाम मछली पालन का पट्टा स्वीकृत हुआ था। जिसमें पीड़िता के पुत्र रविंद्र के द्वारा डेढ़ लाख रुपये की मछलियां एक माह पूर्व तालाब में 3 लाख मछली खरीद कर डाली गई थी। जिनको दाना पानी डालकर तैयार किया जा रहा था। इस बीच किसी व्यक्ति ने तालाब में जहर डाल दिया। पीड़िता के पुत्र रविंद्र ने बताया कि तहसीलदार एसडीएम को फोन पर सूचना दी। मत्स्य विभाग के अधिकारियों को भी सूचना की गई है ।मत्स्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पानी का सैंपल तथा मछलियों को पोस्टमार्टम के लिए ले गए हैं। पीड़िता सिया देवी के पुत्र रविंद्र ने बताया कि उन्हें आशंका है कि जानबूझकर इस तरीके की घटना को अंजाम दिया गया है। वह चाहते हैं कि मामले में कड़ी कार्रवाई हो और ऐसी घटना करने वाले को पकड़ा जाए।

### करंट लगने से झुलसा युवक ,भर्ती

**फर्रुखाबाद।** जनपद शाहजहांपुर निवासी युवक परचून दुकान की सफाई कर घर वापस आ रहा था। दुकान के बाहर बिजली का तार खुला पड़ा था। जिसकी चपेट में आने से उसे करंट लग गया। युवक का उपचार जिला अस्पताल लोहिया में जारी है।

जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के कस्बा जरियनपुर निवासी भूपेंद्र सिंह की घर से कुछ दूरी पर ही परचून की दुकान है। रविवार को परचून की दुकान पर साफ सफाई का काम खत्म किया। इसके बाद वह है घर को आ रहा था। दुकान से निकलते ही खुले पड़े बिजली के तार पर उसका पैर पड़ गया। जिससे उसे करंट लग गया। सिर के बल वह पक्के खड़ंजे पर गिर गया और उसके सिर पर भी चोट आ गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरियनपुर ले गए। जहां से जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया गया।

# वर्धन ने जीता रजत व कांस्य पदक

संवाददाता फर्रुखाबाद



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**● केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

**अमृत विचार।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूलों की 17 साल से कम उम्र वाले छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने परचम लहराया।

जयपुरिया स्कूल लखनऊ में आयोजित दौड़ प्रतियोगिताओं में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ के वर्धन दीक्षित ने 100 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक तथा 200 मीटर की दौड़ में रजत पदक प्राप्त किया। वर्धन दीक्षित को राष्ट्रीय स्तर पर योग्य खिलाड़ी के लिए चयनित किया गया। आर्या मिशन पब्लिक स्कूल अररिया, बिहार में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र अनिरुद्ध बोस को रजत पदक मिला। गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल कानपुर में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ की टीम को उपविजेता की ट्राफी से नवाजा गया। वहीं आर्मी पब्लिक स्कूल की इण्टर क्लस्टर सेन्ट्रल कमाण्ड की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ तीसरे स्थान पर रहा। आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बताया कि सीबीएसई द्वारा कराई गई हैं।

# रावण का पुतला आंखों से छोड़ेगा चिंगारियां

**फर्रुखाबाद।** इस बार दशहरे के मेले में रावण और उसके पुत्रों के पुतले विशेष होंगे, जिनको खास तौर पर आगरा से आए कारीगरों द्वारा तैयार किया जा रहा है।श्री रामलीला मंडल ने विशेष रूप से असगर अली की टीम को आमंत्रित किया है, जो पुतलों को बेहद अनोखे तरीके से तैयार कर रही है। इस बार रावण का पुतला विशेष होगा, जो मुंह से शोले उगलेगा और आंखों से चिंगारियां फेंकेगा। असगर अली ने बताया कि उनकी टीम में लगभग 40 लोग शामिल हैं, जो अलग-अलग स्थानों पर पुतले बनाने का काम करते हैं। रावण के पुतले के साथ-साथ उसके पुत्रों के पुतले भी बनाए जा रहे हैं।

# गणेश पूजन के साथ शुरू हुई रामलीला

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गणेश पूजन के साथ रामलीला की शुरुआत की गई। 13 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन होगा।

श्री रामलीला समिति प्रमुख लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महामंत्री मनोज कौशल आदि ने जटवारा रोड स्थित एक ग्राउंड में गणेश जी का पूजन कर तिलक व आरती उतारकर श्री रामलीला का उद्घाटन किया। वृन्दावन से आए अवधेश शर्मा के निर्देशन में रामलीला का आयोजन 13 अक्टूबर तक प्रतिदिन रात 8 बजे से देर रात 12 बजे तक होगा। इस दौरान श्री रामलीला कमेटी के सह कोषाध्यक्ष संजय बंसल, प्रहलाद नारायण अग्रवाल, राम प्रकाश यादव, अमित सेठ, पवन गुप्ता, संजय गुप्ता आदि रहे।


गणेश पूजन करते लक्ष्मी नारायण अग्रवाल व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

**कवि सम्मेलन** | कवि शिव ओम अंबर बोले हिंदी हमारा अभिमान, स्वर्गीय ओम प्रकाश दुबे की पुस्तक का किया विमोचन

# तेरी चाहत में हद से गुजर जाऊंगी... पर बजीं तालियां

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



काव्योत्सव में मौजूद कवि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद प्रेस क्लब में हिंदी पखवाड़ा के तहत कवि डॉ. शिवओम अंबर की अध्यक्षता में काव्योत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कविगणों ने अधिवक्ता व कवि स्व. ओमप्रकाश दुबे की पुस्तक 'मुक्तामाल' (मुक्तकों का संकलन) का विमोचन कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान काव्योत्सव के आयोजक व फर्रुखाबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार अवस्थी ने बाजारवाद व आधुनिकता की चकाचौंध के बीच हिंदी भाषा की दयनीय स्थिति पर कहा कि हिंदी व दूसरी भारतीय भाषाओं के बीच असंवाद की स्थिति बन गयी है। हिंदी के प्रति तिरस्कार का भाव तो इतना बढ़ गया है कि लोग अपने बच्चों को हिंदी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने में लज्जा और इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाने में गौरव का अनुभव करते हैं। इसके चलते कई क्षेत्रों में हिंदी माध्यम स्कूल गुजरे जमाने की वस्तु हो गये हैं। उन्होंने हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा समझने वालों से निजात दिलाने के लिए हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिए जाने की मांग की।

काव्योत्सव की अध्यक्षता कर रहे कवि डॉ. शिवओम अंबर ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारा गौरव हमारा अभिमान है, हम सभी हिन्दी प्रेमी सरकारों से राष्ट्रभाषा घोषित करने की मांग करते हैं, आज भी हिन्दी भाषा को भारतीय न्यायालय में वो स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिए था। उन्होंने 'फांकों को भी मस्ती में जीते है, बस्ती बस्ती फरियाद नहीं करते। कार्यक्रम की शुरुआत मे कवियत्री प्रीती तिवारी ने वाणी वंदना की। उसके बाद दिलीप कश्यप कलमकार ने काव्यपाठ कर काव्योत्सव के कार्यक्रम को गति दी। अमृतपुर से आए कवि डॉ. पीडी शुक्ला ने श्रृंगार की रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने पढ़ा इतना दूर हो गए हमसे शायद मिलना मुश्किल होगा, चांद देखकर अक्सर तुझको याद किया करता हूं। वरिष्ठ कवि डॉ. संतोष पाण्डेय ने 'बेटी होकर, बेटे का फ़र्ज़ निभाना सचमुच मुश्किल है' रचना पढ़ीं। ऐसी बेटी का दुनिया में पाना सचमुच मुश्किल है। किशन साध ने 'क़ायदे की उड़ान रखता हूँ, अब परों का भी ध्यान रखता हूँ...' रचना पढ़ी। बरेली से आईं कवयित्री पल्लवी सक्सेना ने 'तेरी चाहत में हद से गुजर जाऊँगी, एक तेरे प्यार में कुछ भी कर जाऊँगी, आईना है मेरा अब ये आँखें तेरी, देख कर उनमें ही मैं संवर जाऊँगी...' गजल पढ़ी। कवयित्री गीता भारद्वाज ने 'नमन तुम्हें करते हैं हिन्दी भारत मां की प्यारी, काव्य कुण्ड में कुंज कली तुम शब्दों की फुलवारी' रचना का पाठ किया। उत्कर्ष अग्निहोत्री ने 'इस तरह जीने का सामान जुटाता क्यूँ है, ख़र्च करना ही नहीं है तो कमाता क्यूँ है..' ग़ज़ल पढ़ीं। राम शंकर अवस्थी ने कृष्ण राधिका को समर्पित छंद पढ़े। दिलीप कश्यप ने भगत सिंह को समर्पित देश भक्ति को कविता पढ़ी। संयोजक राम मोहन शुक्ल श्रृंगार रस की कविता पढ़ीं। प्रीति तिवारी, उपकार मणि आदि ने भी काव्य पाठ किया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश के रचनाकार हिन्दी भाषा के पक्ष में जागरण का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में साहित्यकारों, कविगणों, पत्रकारों को प्रमाणपत्र/शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। इस दौरान संजय गर्ग, रोहित, महेश पाल उपकारी, सुशील मिश्रा, विपिन अवस्थी, रविंद्र भदौरिया आदि रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, गंभीर

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। परिजन निजी वाहन से लेकर सीएचसी पहुंचे। थाना कमालगंज क्षेत्र के गांधीनगर निवासी गोविंद पुत्र अशोक ने संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार शाम को फांसी लगा ली। परिजन आनन फानन में निजी वाहन से लेकर सीएचसी कमालगंज पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बावजूद हालात में सुधार नहीं होने पर गोविंद को जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया गया। ईएमओ डॉक्टर ने भर्ती कर जिला अस्पताल लोहिया में उपचार दिया। हालात निरंतर बिगड़ने के चलते सैफई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। युवक को ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ हायर सेंटर भेजा गया है। डॉक्टर ने बताया कि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है इस कारण से उसे रेफर किया गया है।

## एक नजर

### यमुना नदी में छलांग लगाने वाला व्यक्ति लापता

जसवंतनगर : कचौरा घाट पर स्थित यमुना नदी पुल से एक शख्स ने छलांग लगा दी, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लापता शख्स की पहचान थाना चित्राहट के ग्राम राम कुआ निवासी मौजम सिंह के रूप में हुई है। पुलिस और परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस के देरी से पहुंचने से समय पर बचाव कार्य नहीं हो सका। नाराज लोगो ने मार्ग जाम कर दिया। बलरई थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने अंधेरा होने से सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा।

### राठौर समाज की नहीं हो रही सुनवाई

उदी, इटावा। ग्राम नगला गौर में मोदी युवा सेना की मीटिंग में कहा गया कि राठौर समाज की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नगला पीर में जिला उपाध्यक्ष रणवीर राठौर के घर के पास अवैध कब्जा कुछ लोग कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मूलचंद राठौर, अतुल राठौर, दिनेश राठौर, रवि राठौर, विनोद राठौड़ सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंख में मिर्च डाल लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

## मुठभेड़ में हुई फायरिंग के दौरान सिपाही व एक लुटेरा घायल

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार** । 10 दिन पहले ड्राइवर की आंखों में मिर्ची पाउडर फेंककर ऑटो लूट ले जाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। फायरिंग के दौरान एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक सिपाही को भी गोली लग गई। पुलिस ने लुटेरों के पास से लूटा हुआ ऑटो तथा असलहे बरामद किए हैं। घायल सिपाही व लुटेरों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि 19 सितंबर तड़के तीन बजे दो युवक शहर के रोडवेज बस स्टैंड से दिव्यांग ड्राइवर अनिल का ऑटो सवारी बनकर किराए पर ले गए और गांव किल्ली रिटोली के मध्य उसकी आंखों में मिर्ची पाउडर फेंककर ऑटो लूट ले गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार सुबह पांच बजे एक सूचना पर बसरेहर थाना प्रभारी समित चौधरी पुलिस फोर्स के साथ लुटेरों की तलाश में रिटोली बंबा पर पहुंचे तो उन्हें एक ऑटो जाता दिखा।

- 10 दिन पहले ड्राइवर की आंख में मिर्ची पाउडर डालकर लूट ले गए थे ऑटो

पुलिस ने ऑटो सवारों को रुकने का इशारा किया तो वे भरथना मार्ग की ओर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया तो पुलिस को पीछा करते देख बदमाशों ने फोर्स की ओर फायर कर दिया। जिससे सिपाही विनोद घायल हो गया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश अंकित बाथम भी पैर में गोली लगने से गिर गया। फोर्स ने दोनों को ऑटो सहित पकड़ लिया। घायलों को अस्पताल लाया गया। पकडे गए लुटेरों ने भरथना का अंकित बाथम उर्फ शीपू तथा कन्नौज में तिर्वा का विवेक उर्फ मंटू नाम पता बताया। दो तमंचे, कारतूस, फर्जी नंबर प्लेट लगा लूटा हुआ ऑटो, मिर्ची पाउडर व अन्य उपकरण बरामद हुए। इस क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने आए थे लेकिन पकड़े गए। दोनों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## अदालत के आदेश पर दुर्घटना का मामला दर्ज

**बकेवर, इटावा** । पांच महीने पहले हाईवे पर खड़े डंपर से टकराकर ई रिक्शा पलटने में घायल महिला की मौत हो गई थी। कई घायल हो गए थे। जिसका मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया गया।

थाना में औरैया में कस्बा अटसू के राजेन्द्र सिंह ने दर्ज कराए अभियोग में कहा है कि वह 11 मई 2024 को ई रिक्शा से अपनी मां सुशीला व पत्नी गुड्डी व बहिन ममता पत्नी सुबोध सिंह व बहनोई बलराम सिंह व बेटी रुबी के साथ बैठकर लखना जा रहे थे। नेशनल हाइवे पर पहुंचे तो ई रिक्शा ड्राइवर की लापरवाही से रिक्शा खड़े डंपर से टकराकर पलट गया। जिससे मां सुशीला की मौके पर मौत हो गयी और रिक्शा में बैठी ममता, रूबी, गुड्डी , बलराम सिंह के गम्भीर चोटें आईं। जिन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया व मां के शव का बकेवर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया लेकिन मुकदमा दर्ज नही किया। तब न्यायालय में गुहार लगाई।

# रसिका को मिला जादौन सिंह स्मृति पदक

कार्यालय संवाददाता, इटावा


रसिका वर्मा को जादौन सिंह स्मृति पदक देते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना।

**अमृत विचार** । छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के दीक्षांत समारोह में केके डिग्री कॉलेज इटावा के प्रोफेसर रहे जादौन सिंह की स्मृति में रसायन विज्ञान में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोफेसर जादौन सिंह स्मृति स्वर्ण पदक छात्रा रसिका वर्मा को दिया गया। रसिका वर्मा विश्वविद्यालय की स्कूल आफ बेसिक साइंस की छात्रा है। उन्होंने एमएससी की परीक्षा में सर्वाधिक 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। विश्वविद्यालय ने अकार्बनिक रसायन विज्ञान के स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए यह स्वर्ण पदक देने का निर्णय इसी वर्ष कार्यपरिषद की बैठक में लिया था।

प्रो जादौन सिंह इटावा के कर्म क्षेत्र महाविद्यालय में रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष थे। एक शिक्षाविद और समाजसुधारक के रूप में वह आजीवन सक्रिय रहे। उनकी स्मृति में दिया जाने वाला यह स्वर्ण पदक विद्यार्थियों को बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

- यह स्वर्ण पदक विद्यार्थियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा

विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में रसिका को यह स्वर्ण पदक उत्तर प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रदान किया। इस अवसर पर राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक तथा पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो डॉ रिपुदमन सिंह उपस्थित रहे। डॉ रिपुदमन ने अपने पिता प्रोफेसर जादौन सिंह की स्मृति में स्वर्ण पदक देने के निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# दो अध्यापकों के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, एसडीएम से की शिकायत

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा


अध्यापकों के खिलाफ शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण।

**अमृत विचार**। नगरिया पुल गांव के प्राथमिक विद्यालय में तैनात दो अध्यापकों द्वारा अभद्रता एवं धमकी दिए जाने के संबंध में ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया। दोनों अध्यापकों के तबादले की मांग की गई है।

गांव के रहने वाले सुनील कुमार, खेम सिंह, पिंटू, हाकिम सिंह, राजकुमार, देवेंद्र, दीपेंद्र, शिवनारायण, अभिषेक, किरन, अभिषेक, शिवनारायण, दिवारी लाल, चंद्रेश, नेत्रपाल, रिंकू, दलवीर, अंकित कुमार ने बताया कि उनके प्राथमिक विद्यालय नगरिया पुल में तैनात अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों से शौचालय की सफाई कराई जाती है। वे मोबाइल पर व्यस्त रहते हैं । क्लास में पढ़ाई न करा अपनी इच्छानुसार स्कूलों में अध्यापकों का आना-जाना रहता है। इसका विरोध गांव के अभिभावकों ने किया । ग्रामीणों का कहना है कि अध्यापिका और अध्यापक करीब 9:30 बजे पहुंचे थे, तभी श्याम बाबू, योगेश कुमार ने समय पूछा तो अध्यापिका ने अभद्रता करते हुए धमकी दी। उन्होंने एसडीएम से इस प्रकरण की जांच कर इन दोनों अध्यापकों के तबादले की मांग की है। एसडीएम कुमार सत्यमजीत ने बताया कि इसकी जांच संबंधित विभाग को सौंपी गई है। जांच के बाद कार्यवाही होगी।

- ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर दोनों अध्यापकों के तबादले की मांग की

## समस्याओं को लेकर आंदोलन करेंगे किसानः संजीव

**ताखा, इटावा**। कठौतिया स्थित नंदराम रामचंद्र इंटर कालेज में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। भाकियू के जिलाध्यक्ष संजीव किसान ने नये सदस्यों को सदस्यता दिलायी। साथ ही संगठन के साथ पूर्णतया लगन और निष्ठा भाव से कार्य करने की शपथ दिलायी। जिला सहकारी संघ पर किसानों को नियमानुसार खाद न मिलने पर जिलाध्यक्ष ने संगठन की तहसील स्तर की टीम को किसानों की मदद के लिए आगाह किया। उन्होंने कहा कि अगर खाद बीज और सिंचाई संबंधी समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ब्लॉक अध्यक्ष संजीप यादव लालू, रामसजीवन, आलोक यादव लालू, अभिलाख सिंह, शीलू यादव, योगेश कुमार, कुलदीप यादव, संजीव कुमार, अखिलेश कुमार आदि रहे।


एसडीओ अरविंद कुमार को ज्ञापन देते बिजली कर्मचारी।

# बिजली कर्मियों को 2 महीने से नहीं मिला वेतन, ज्ञापन दिया

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार**। विद्युत उपकेंद्र आईपीडी,टाउन और तहसील उपकेंद्र पर कार्यरत अनुबंधित बिजली कर्मचारियों ने दो माह का वेतन दिलाए जाने के लिए उपखंड अधिकारी विद्युत अरविंद कुमार को ज्ञापन सौपा। बड़ी संख्या में एकत्रित हुए अनुबंधित बिजली कर्मचारियों ने एसडीओ को अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वे विषम परिस्थिति में दिन रात विभाग के लिए काम करते हैं। उन लोगों के पास आय का कोई दूसरा साधन भी नहीं है। पिछले दो माह से कंपनी ने हम लोगों का वेतन नहीं दिया है।वेतन के अभाव में जीविकोपार्जन में परेशानियां आ रही है। हम लोगों की इस गंभीर समस्या के निदान के लिए जल्द से जल्द वेतन दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, प्रमोद पप्पू, पप्पे, बोबी, विपिन कुमार, आशुतोष, दीपक कुमार, सर्वेश कुमार आदि बिजली कर्मचारी शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### चोरी की योजना बना रहे दो शातिर गिरफ्तार

इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अर्जुन नगर के पास से चोरी की योजना बना रहे दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोरों के पास से बाइक चोरी का मोबाइल व चोरी के काम आने वाले उपकरण बरामद हुए। पुलिस ने दोनों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा शनिवार की रात को अपनी टीम के साथ अपराधियों की तलाश में गस्त पर थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि 2 व्यक्ति हाइवे पर अर्जुन नगर की ओर जाने वाले रास्ते के किनारे बैठकर चोरी करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये दोनों को अर्जुन नगर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करते हुए उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण तथा एक मोबाइल बरामद किया गया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम निब्बू लाल व किट्टू निवासी कोकपुरा थाना फ्रेंण्डस कॉलोनी बताया।


सीएमओ डॉ गीता राम को सम्मानित करते राजीव यादव। अमृत विचार

### सीएमओ डॉ गीता राम को किया सम्मानित

इटावा। कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष राजीव यादव एवं प्रांतीय महामंत्री अरविंद धनगर के नेतृत्व में कर्मचारी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा गीता राम का चिकित्सा के क्षेत्र में जनपद इटावा में सराहनीय सेवाएं देने के लिए प्रतीक चिन्ह भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारी उमाशंकर गुप्ता, रोहित यादव, डाक्टर धर्मेंद्र यादव,मनोज कुमार,अरुण कुमार,राम कुमार शाक्य, प्रमोद राजपूत, राजीव वाल्मीकि, शिवशंकर यादव , आनंद प्रकाश शुक्ला, आविद अली, चंद्रशेखर, अश्विनी कुमार,संदीप राजावत, अखिलेश कुमार,ब्रह्मदत्त,अनुराग चौधरी, प्रवीन कुमार,अनिल बाजपेई, ,सुनील टैगोर, प्रवेंद्र यादव विशाल यादव, शिवम यादव डा .विशाल स्नातक, सुदीप कमल,रामकुमार, पंकज चौधरी, अवधेश कुमार,अजय रॉय, मनीष चतुर्वेदी, आनंद यादव, आदि मौजूद रहे।

### कुत्तों, बिल्लियों को लगाए गए रेबीज के टीके

इटावा। सिटी सेंटर के तत्वावधान में विजय नगर स्थित पीतांबरा धाम में विश्व रेबीज दिवस पर विशाल कैंप का आयोजन किया गया। आयोजक अंकित श्रीवास्तव एवं आंचल श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद से अलग अलग नस्लों के करीब एक हजार कुत्तों और बिल्लियों को पशु जिला अस्पताल सदर के डा राजेंद्र सिंह कुशवाह ,शैलेंद्र सिंह चौहान ने निशुल्क रेबीज़ के टीके लगाए । प्रतिभाग करने वाली कंपनियों में मेन काइंड बंबई, पब फिसिन कानपुर,रोसारी बंबई, इंटास आगरा,हिमालय ,रॉयल केनिन बरेली, पफ स्टार्ट पूना, टी टी के चेनई,जेनेक्स कानपुर, बिगल्स पूना, डोगो बाइट,आदि कंपनियों ने अपने अपने प्रोडक्ट के काउंटर लगाए। मेंकाइंड कम्पनी के रोहित कुमार व रॉयल केनन कम्पनी के सप्लायर्स आशीष कुमार सागर ने अपनी अपनी की तरफ से सबसे खूबसूरत टॉय ब्रीड के नाम से प्रसिद्ध सितजु ब्रीड के पालनहार विजय नगर निवासी दिव्यांशु राजन के चार्ली नामक डॉग को सबसे खूबसूरत होने का अवार्ड और प्रमाण पत्र दिया । इस मौके पर शहर के तमाम लोग अपने अपने डॉग को लेकर पहुंचे।


बेस्ट डाग का प्रमाण पत्र लिए दिव्यांशु राज ।

# रक्तदाता समूह के 47 दानियों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। उप्र आर्युविज्ञान विश्वविद्यालय सैफई पीजीआई में रक्त की भारी जरूरत देखते हुए विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्वंयसेवी संगठन रक्तदाता समूह ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया।

शिविर में सैफई पीजीआई के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग के एचओडी डा. आदित्य शिवहरे ने रक्तदाताओं और उपस्थित लोगों को रक्तदान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक 90 दिन के अंतराल पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। नियमित रक्तदान हृदय सम्बन्धी बीमारी, मधुमेह, अनियमित रक्तचाप और विभिन्न त्वचा रोगों से बचाव करता है और कैंसर जैसे भयानक रोग समेत 23 गंभीर बीमारियों की संभावना को कम करता है। शिविर में 47 महादानियों के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। जिसमें 39 यूनिट सैफई पीजीआई के लिए और 8 यूनिट रक्त मां वैष्णो चैरिटेबल ब्लड बैंक के लिए दान किया गया।

### रक्तदान करने वाले सदस्य

राजीव नरूका, शरद तिवारी, शिवम राजपूत, अवधेश कुमार, शोभित मिश्रा, रूबी शर्मा, विमलेश तिवारी, सुशांत यादव, राहुल कुमार, अक्षय कुमार, अनुज भदौरिया, रवि यादव, विकास राठौर, पंकज सिंह, प्रद्युम्न शुक्ला, अंकुर शुक्ला, अमित भदौरिया, मनोज कुशवाह, विपिन भदौरिया, गौरव कुमार, हर्ष कुमार, राजकमल, प्रियांशु तिवारी, अमन कुशवाहा, नवीन भदौरिया, सुनील कुमार, संदीप कुमार, आदित्य प्रताप सिंह, अंकित पाठक, पुष्पराज मिश्रा, सत्यम, प्रखर शुक्ला, अमन, कपिल पोरवाल, विपिन, विवेक

## सांसद आदित्य यादव बने कोयला खान और इस्पात समिति के सदस्य

**जसवंतनगर, इटावा** । बदायूं सांसद आदित्य यादव को संसद में कोयला खान और इस्पात संबंधी स्थायी समिति का सदस्य बनाया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करने और सुझाव देने का अवसर देगी। आदित्य यादव ने कहा, मैं सपा के आदर्शों के अनुसार काम करूंगा। सपा के वरिष्ठ नेता प्रो बृजेश चंद्र यादव, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, अनुज मोंटी यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह व ठा. अजेंद्र सिंह गौर, सांसद प्रतिनिधि हाजी मो.शमीम, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पूर्व प्राचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव, पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार, राजीव यादव ने बधाई दी।


आदित्य यादव

# केक काट अंशुल यादव का जन्मदिन मनाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा


रक्तदान करते जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल। अमृत विचार

**अमृत विचार**। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल का जन्मदिन रविवार को सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने उनके शतायु होने की कामना की।

मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल के संयोजन में रक्तदान शिविर एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रक्तदान करने वालों में नरेंद्र पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव यादव, सिक्की यादव, हेमंत बघेल, गोलू पाल, ऋषभ यादव, इंजीनियर अभिनय यादव आदि रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार यादव, दीपक पाल,हेमंत बघेल, पुनीत पाल, गोलू पाल, आलोक यादव, नौशाद खान, नरेंद्र कश्यप, बॉबी पाल हरेंद्र धनगर आदि का सहयोग रहा। सांसद जितेंद्र दोहरे, राघवेंद्र गौतम विधायक, अशोक यादव , सर्वेश शाक्य, आर्यन यादव, आशीष राजपूत,चच्चू शुक्ला,लाखन सिंह जाटव, केपी शाक्य, उदयभान सिंह यादव, लाखन सिंह जाटव, उत्तम सिंह प्रजापति, आशीष राजपूत,सिगरेश यादव, नरेंद्र कुशवाहा, रवि यादव विधायक, अनीता यादव, सीमा यादव, के. पी. शाक्य,मालती यादव, गोरखनाथ वर्मा, विक्की गुप्ता,अब्दुल मोहम्मद अंसारी, शेखर राजपूत, डॉक्टर उपेंद्र यादव, आशीष राठौर, किशन यादव, धीरेंद्र यादव राकेश यादव, राजपाल यादव, केके यादव सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे।

- सपा कार्यालय पर हुआ भंडारे का आयोजन, रक्तदान भी किया गया

**आयोजन** बारात में मनोहारी झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

# भोलेनाथ की बारात में श्रद्धालु नाचे

संवाददाता बसरेहर, इटावा


प्रभु शंकर की आरती उतारते डॉ मनोज यादव । अमृत विचार

**अमृत विचार**। प्रभु भोलेनाथ की बारात कस्बा बसरेहर काफी धूम-धड़ाके के साथ निकली। बारात को लेकर इंद्रदेव भी शांत हो गए जिससे तीन से लगातार हो रही बारिश थम गई। बारात में शामिल देवी-देवताओं की मनोहारी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जिससे वातावरण बम बम भोले से गुंजायमान हो गया। डीजे और बैंड के धुनों पर शिव भक्त जमकर नृत्य करते रहे।

श्रीरामलीला महोत्सव बसरेहर के तत्वावधान में भोलेनाथ की बारात का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में जेके हॉस्पिटल के निदेशक डॉ मनोज यादव ने गोपाल मंदिर पर शिव परिवार का पूजन अर्चन करके हरी झंडी दिखाकर किया। समिति की ओर से उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। दूल्हा बने भोलेनाथ के रूप में गणपति दुबे सहित गणेश जी, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, श्रीराम मंदिर, लक्ष्मी विष्णु जी, इंद्रदेव सहित एक दर्जन से अधिक मनोहारी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। एवन बैंड तथा राजपूत साउंड सर्विस के डीजे पर शिव भक्त नृत्य करते नजर आए। जगह जगह भक्तों ने भगवान की आरती उतार कर पुष्प वर्षा की। पंडित रामविपिन दुबे, संयोजक हेम कुमार शर्मा, अध्यक्ष अनिल यादव, प्रमोद पोरवाल, प्रबंधक अवनीश यादव, अधिवक्ता रोहित यादव, कपिल पोरवाल, श्रीशंकर तिवारी, दिनेश मिश्र, अजय सक्सेना, धर्मेंद्र सेंगर, अभिषेक ध्रुव शर्मा, अतुल पाल, जितेंद्र यादव, अमर पोरवाल, रजत पोरवाल, राजेश राजपूत, संतोष पोरवाल पेंटर, देवेश शाक्य, सत्यदेव राजपूत आदि रहे।

# 1 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी बाजरा की सरकारी खरीद

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीद का निर्णय लिया है इसके लिए विभिन्न सरकारी संस्थाओं की खरीद केंद्र खुले जाएंगे यह खरीद केंद्र 1 अक्टूबर से खुल जाएंगे जहां पर किसान अपना बाजरा बेच सकेंगे। जिले में बाजरा की खरीद के लिए कुल 15 खरीद केंद्र खोले जाएंगे।

खरीफ की फसल में बाजरा एक प्रमुख उत्पाद है और बड़ी संख्या में किसान इसकी खेती करते आमतौर पर अक्टूबर में इसकी कटाई शुरू हो जाती है अभी फसल खेतों में पक रही है सरकार ने खरीद करने का निर्णय लिया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाए इसके लिए खरीद केंद्र खोले जाएंगे और खास बात यह है कि यह खरीद केंद्र 1 अक्टूबर से काम करना शुरू कर देंगे इसके लिए स्थान का चयन कर लिया गया है तथा कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई है। हालांकि पिछले दिनों हुई बरसात के चलते इस साल बाजरा की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है जिससे पैदावार कम होने की आशंका भी बनी हुई है लेकिन सरकार की ओर से खरीद की पूरी तैयारी कर ली गई। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले में अन्य स्थानों पर भी खरीद केंद्र खोले जाएंगे जहां सरकार की ओर से निर्धारित किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा की खरीद की जाएगी। खाद्य विपणन विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर ली है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी लालमणि पांडे ने बताया कि विभिग की ओर से सभी तैयारियां पूरी है और निश्चित तारीख पर खरीद केंद्र खुल जाएंगे।

- जिले में अलग-अलग स्थान पर खोले जाएंगे 15 खरीद केंद्र

# उपभोक्ताओं के अधिकार बताए

संवाददाता बकेवर, इटावा


प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि ।

**अमृत विचार**। कलावती रामप्यारी बालिका इंटर कालेज लखना,इटावा में भारतीय मानक ब्यूरो मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मानक ब्यूरो के रिसोर्स पर्सन एमके सिंह तथा सोनी यादव ने स्टैंडर्ड क्लब के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यशाला में राष्ट्रीय मानकीकरण उत्पादन प्रभाजन,हॉल मार्किंग प्रभाजन, उपभोक्ताओं के अधिकार के बारे में समझाया गया।

छात्राओं को पीपीटी तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से भी समझाया गया कि शिक्षकों का मुख्य दायित्व शिक्षा के साथ-साथ समाज में जागरूकता लाना भी है। फोन पर बीआईएस केयर ऐप के व्यवहारिक प्रदर्शन के बारे में भी बताया गया। जिससे एक आम नागरिक किसी वस्तु की गुणवत्ता और मानक की जांच आसानी से कर सके। प्रधानाचार्या डा चंद्र लता गुप्ता ने भी छात्राओं को बीआईएस की सक्रिय भूमिका के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम में विज्ञान के चलित मॉडल,रंगोली,चार्ट,स्लोगन तथा फाइल के माध्यम से बीआईएस के मानकों को रचनात्मकता के द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय स्टाफ में शिक्षक उदेंयद्र यादव, आशीष पोरवाल, संदीप सक्सेना, प्रदीप दुबे,शिक्षिका नेहा यादव, अरुणा यादव एवं सभी छात्राएं उपस्थित रही। मानक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम रौनक तिवारी,द्वितीय वैष्णवी राजपूत,तृतीय वैष्णवी और चतुर्थ स्थान निदा ने प्राप्त किया।मानक लेखन में प्रतिभा करने वाली प्रत्येक छात्राओं को बी.आई.एस द्वारा सर्टिफिकेट दिए गए तथा विशेष गतिविधियों के लिए छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# भोलेनाथ की बारात निकली, भक्तों ने बरसाए फूल

## रामलीला कमेटी द्वारा निकाली गई भव्य शिव बारात, रथों पर सजी झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रविवार अपरान्ह भव्य शिव बारात तिलक नगर स्थित प्रदर्शनी स्थल से निकाली गई। सोमवार 30 सितंबर से रामलीला महोत्सव का शुभारंभ होगा। रामलीला का आयोजन तिलक नगर स्थित प्रदर्शनी पंडाल में होगा। रामलीला के पूर्व मुख्य आकर्षण भव्य विशाल शिव बारात रही। इसके अलावा विशाल धनुष यज्ञ 3 अक्टूबर दिन गुरुवार को विजयदशमी महोत्सव व रावण दहन 12 अक्टूबर शनिवार को होगा।

उक्त जानकारी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा दी गई है। शिव बारात को जिलाधिकारी डा इन्द्रमणि त्रिपाठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला महोत्सव के तहत शिव बारात निकाली गई। यह शिव बारात तिलक नगर स्थित प्रदर्शनी स्थल से डीजे व बैंड बाजों के साथ प्रारंभ होकर संजय गेट होते हुए इटावा रोड, अस्पताल गेट, सूर्या टाकीज, ब्लॉक गेट, पंडित गेंदालाल दीक्षित चौराहा, फफूंद रोड, फायर स्टेशन, जिला जजी, जनक दुलारी इंटर कॉलेज, पुराना फफूंद रोड, बड़ी माता मंदिर, पक्का तालाब, गोविंद नगर गेट, समता विद्यालय, दिबियापुर रोड स्थित भोलेश्वर मंदिर, स्टेट बैंक, तहसील, क्रय विक्रय, सुभाष चौक, कानपुर रोड, ब्रह्मनगर होते हुए पुनः प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। शिव बारात के दौरान जगह-जगह पर स्वागत किया गया। बारात में रथ पर प्रभु परशुराम, कुबेरजी, ब्रह्मा जी, नारद जी सहित लंकापति रावण के अलावा नौ देवियों का रूप मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा सहित अन्य देवियों को रथों पर सवार किया गया था। विभिन्न देवी-देवताओं के साथ शिव जी की सजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही भूत पिशाच भी बारात के साथ चल रहे थे। शिव बारात के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व्यवस्था पूरी तरह से चौक- चौबंद रही। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सहित राजकुमार सक्सेना, चंदू तिवारी, लालजी तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, गोपालजी दुबे, रविकांत बाजपेई, सतीश यादव, कमलकांत वर्मा, शिवदास वर्मा, रविंद्र भदौरिया, गौतम शुक्ला, सुनील दुबे, पूरन पांडे, संदीप त्रिपाठी, अवधेश मिश्रा, राम वीर चौहान आदि शामिल रहे। कई जगह देवी-देवताओं की झाकियों का आरती उतारी गई।


शिवजी की आरती करते जिलाधिकारी व एडिशनल एसपी। अमृत विचार




शिवबारात में शामिल भव्य झांकी। शिवबारात में शामिल रावण। भगवान शिव की बारात में मां महाकाली की झांकी। अमृत विचार


शिव बारात में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। अमृत विचार

# सीएचसी में मनाया गया विश्व हृदय दिवस

संवाददाता ककोर,औरैया

● हृदय को स्वस्थ रखने के लिए दी गई कई जानकारी

**अमृत विचार।** दिबियापुर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को विश्व हृदय दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के सभी डॉक्टर, कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आए हुए लोगों को भी बताया गया हमारे शरीर में हृदय एक ऐसा अंग है जो 24 घंटे बिना थके लगातार कार्य करता है। जब हमारे हृदय को कोई समस्या होती है तब शारीरिक उलझन बढ़ जाती है। कभी-कभी ब्लड गाढ़ा होने से हमारा हृदय फट जाता है। जिसे हम हार्ट अटैक भी कहते हैं। बताया गया कि खान-पान को बेहतर रखना चाहिए जिससे हृदय को अच्छा ब्लड मिल सके। पूरे शरीर में ब्लड का सरकुलेशन हृदय के द्वारा ही होता है। मनुष्य को सेहतमंद रहने के लिए हरी साग सब्जी पत्तियां दूध घी फल का सेवन करना चाहिए।

कार्यक्रम मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विश्व हृदय दिवस पर डॉ राकेश सिंह नोडल अधिकारी एनसीडी के द्वारा हृदय व हृदय रोग से संबंधित जानकारी दी गई। सभी से हृदय के बचाव के बारे में स्टाफ और आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों को दी गई। अधीक्षक डॉ विजय आनंद के द्वारा बताया गया कि हमारी जीवन शैली में और खान-पान में बदलाव के कारण भी हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बना रहता है। कार्यक्रम में डॉ शिखा राजपूत, फार्मासिस्ट मृदुल सिंह, सुधीर कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।


सीएचसी दिबियापुर में विश्व हृदय दिवस की संगोष्ठी में चिकित्सक।

# फार्मा सिंथ को सामाजिक सेवा के लिए मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर की दवाओं के निर्माण में संलग्न व सामाजिक कार्यों में अग्रणी फार्मा सिंथ कंपनी को समाज सेवा में उत्कृष्टता के लिए विशिष्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

विश्व विख्यात संस्था एसोचैम (ऐसोसियेटिड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) और औषधि विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा होटल ताज महल, मानसिंह रोड, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर डॉ॰ अरविंद कुमार गुप्ता और श्री रमेश चंद जैन को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। कम्पनी का यह मानना है कि औषधि निर्माण केवल व्यापार ही नहीं, मानव सेवा भी है। इस अवसर पर कम्पनी के डॉयरेक्टर डॉ गुप्ता ने कहा यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करना फार्मा सिंथ के लिए गर्व का क्षण है। हमारी हमेशा से यही सोच रही है कि उच्च गुणवत्ता वाली, किफायती दवाओं को समाज के हर कोने तक पहुँचाया जाए। यह सम्मान हमारी समर्पित टीम को भी जाता है, जिनके अथक प्रयासों से ही यह सब कार्य सम्पन्न हो पाया है।

श्री रमेश चंद जैन ने कहा, फार्मा सिंथ में हम न केवल नवाचार बल्कि समाज को कुछ लौटाने को भी अपना कर्तव्य मानते हैं। सामाजिक उत्तरदायित्व हमारी पहचान का हिस्सा है, और यह पुरस्कार हमारे प्रयासों की पुष्टि करता है। कार्यक्रम में एसोचैम के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि डॉ. अरुनिश चावला (सचिव, औषधि विभाग) पलका साहनी (ज्वाइंट सैक्रेट्री, औषधि विभाग) और डॉ वाईके गुप्ता (अध्यक्ष, एम्स-जम्मू) रहे।



विशिष्ट अवॉर्ड प्राप्त करते निदेशक डॉक्टर अरविंद गुप्ता। अमृत विचार

# प्रधानमंत्री के मन की बात को भाजपाइयों ने देखा

कार्यालय संवाददाताऔरैया

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात के प्रसारण को जिले के जनप्रतिनिधियों सहित पदाधिकारियों ने अपने-अपने बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओ व अन्य लोगों के साथ लाइव देखा। इसके बाद कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवम जिला प्रभारी आनंद सिंह ने बिधूना विधानसभा के बूथ कसहरी में, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे ने बूथ रामनगर मऊ में, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने औरैया विधानसभा क्षेत्र के औरैया नगर के बूथ तिलकनगर में, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने बहादुरपुर ऊंचा में, दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र के दिबियापुर नगर के बूथ मुहाल पं दीनदयाल उपाध्याय नगर सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने अपने अपने बूथ पर बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया।


प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम देखती ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं। अमृत विचार

# सभी को जीवन में आगे बढ़ने का अधिकार

संवाददाता बिधूना/बेला/औरैया

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय लोधी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष व पिछड़ा अल्पसंख्यक दलित आदिवासी मंच के प्रदेश अध्यक्ष याकूबपुर निवासी रविंद्र राजपूत (रवि) को शहीदे आजम भगत सिंह के 117 वें जन्मदिन पर नारायण पैलेस कन्नौज में आयोजित एक समारोह में बहुजन एकता समाजिक संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता महबूब प्राचा व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सिंह द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रवि राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर औरैया जनपद के लोगों ने सराहना की है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि प्रदेश में समस्त बहुजन समाज को एकत्रित कर उनमें आपसी सद्भाव व् भाईचारा को बनाए रखने तथा अपने हकों के लिए संघर्ष कर अपनी मंजिल को प्राप्त करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रवि राजपूत को दी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता महबूब प्राचा द्वारा शहीद भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान ने सभी को अपने जीवन में आगे बढ़नेका अधिकार दिया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है जब हम लोग भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों को अपने हाथ में करने के लिए लड़ाई लड़ सकते हैं। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रवि राजपूत ने कहा कि मेरा नैतिक कर्तव्य होगा कि हम समाज में फैले अंधविश्वास, अशिक्षा तथा अज्ञानता से लोगों को दूर निकाल कर उन्हें देश के मुख्य धारा में जोड़ें। कार्यक्रम का आयोजन डॉ सुनील दिवाकर द्वारा किया गया। इस समारोह को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सलीम सिद्दीकी सरदार फतेह बहादुर सिंह भीम सेना के जिला अध्यक्ष अजीत आजाद, मोहम्मद साजिद आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।


रवि राजपूत को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# दहेज हत्या के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

फॉलोअप

संवाददाता फफूंद,औरैया

● गांव कमारा में फंदे पर लटका मिला था महिला का शव

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव कमारा में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में घर के अंदर फंदे पर लटका मिला था घटना के बाद ससुरालीजन फरार हो गए थे। जानकारी पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने दहेज में नकदी की मांग पूरी न होने पर पुत्री की हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार की सुबह गांव कमारा निवासी राहुल की पत्नी खुशबू संदिग्ध अवस्था में घर के कमरे में फंदे पर लटकी मिली थी। घटना के बाद ससुराली फरार हो गए। ग्रामीणों की जानकारी पर पहुंचे मृतका के पिता महेश दोहरे और मायके पक्ष के लोगों ने दहेज में नकदी की मांग पूरी न होने पर पुत्री हत्या करके शव लटकाने का ससुरालियों पर आरोप लगाया।

पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति राहुल उर्फ विजय बहादुर,ससुर राजेंद्र कुमार,देवर विकास और ननद पिंकी के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। रविवार सुबह पुलिस ने कमारा नहर पुल के पास आरोपी राहुल उर्फ विजय बहादुर और उसके पिता राजेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# घायल लाइनमैन के इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता

**बिधूना औरैया।** बीते सप्ताह विद्युत लाइन का कार्य करते समय अचानक 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हुए लाइनमैन ब्रजेन्द्र उर्फ इंद्रपाल का कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। ब्रजेन्द्र की खराब आर्थिक स्थिति के मद्देनजर राजनीतिक दलों से लेकर समाजसेवियों ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए है। शनिवार को सपा के नगर अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता ने ब्रजेन्द्र के इलाज के लिए 55 हजार रुपये की चेक उसके घर जाकर उसकी पुत्री को सौंपी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा बेसहारा लोगों की मदद की है। उन्होंने ब्रजेन्द्र के स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ लोगों से ब्रजेन्द्र के उपचार के लिए हाथ आगे बढ़ाने को कहा।

# विवाद में जाति सूचक गाली देकर की मारपीट

संवाददाताअजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चार युवकों पर ज़मीन के विवाद में जाति सूचक गाली गलौज करने के बाद मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का पीड़ित ने तहरीर देकर कोतवाली में मुक़दमा दर्ज कराया।

कोतवाली क्षेत्र के रतनी पुर निवासी आवेश पुत्र बालेश्वर दयाल दोहरे ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि बीते 8 सितंबर को हम घर पर थे तभी चरन सिंह उर्फ गुटई, अरविंद गुर्जर, आशुतोष गुर्जर निवासी अम्बरपुर, मुरादगंज एवं उनका साथी ब्रजेश निवासी रामनगर एक साथ आये और पुराने ज़मीन के विवाद में जाति सूचक गाली गलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो मारपीट करनी शुरू कर दी। शोर सुनकर पड़ोसी एकत्र होने लगे। जिस पर उक्त लोग जान से मार देने की धमकी देकर भाग गये। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने तीन युवकों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट की कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करायी। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उम्मेदपुर निवासिनी प्रीति देवी पत्नी सुनील कुमार ने गांव के ही आनंद सिंह, नीरज, अजय आये और रंजिश को लेकर गाली गलौज करके मारपीट करने लगे।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे शिवपाल यादव

**औरैया।** पूर्व मंत्री व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी राम बाबू यादव की पत्नी के निधन पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव शोक संवेदना व्यक्त करने उनके दिबियापुर स्थित मुहाल रामकृष्ण नगर के आवास पर पहुंचे। पत्नी अनंती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त कर दुखी परिवार को ढांढस बंधाया। पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, सपा प्रदेश सचिव श्याम बाबू यादव, सपा जिलाध्यक्ष सर्वेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र उर्फ कल्लू यादव, दिबियापुर विधायक पुत्र आशू यादव, शिक्षक कपिल यादव, पिंटू, बंटी, मिंटू, पूर्व सभासद अनिल यादव, तेहराज सिंह यादव, इंद्रपाल सिंह, पूर्व सभासद प्रिंस यादव, अनुज यादव, ओके चौधरी, पल्लवी पाल आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते प्रधानाचार्य सौरव कश्यप व छात्र।

### शहीद भगत सिंह को श्रद्धांजलि देकर मनाई जयंती

**औरैया।** शनिवार को पीबीआरपी अकादमी, दिबियापुर मे युवाओं के प्रेरणास्रोत शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जिसमें उनके जीवन पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसमें उनके जीवन के फलसफे पर प्रकाश डालते हुये उनकी तरह ही देश की सेवा करने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों की तरफ से भाषण व विचारों के जरिए शहीद -ए -भगत सिंह को याद किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरव कश्यप ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीद किसी जाति,धर्म, व्यक्ति विशेष के न होकर राष्ट्र की धरोहर हैं और हमें उनकी शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक इंजी. दिनेश पाण्डेय ने कहा कि हमें सभी को उनके आदर्शों तथा सिद्धान्तों पर चलते हुये जीवन जीना चाहिये तांकि इस देश तथा समाज के प्रति फर्ज़ को उनकी तरह ही निभाते हुये देश का नाम रोशन कर सकें। उप-प्रधानाचार्य प्रशांत पुरवार, दिव्या दिवाकर, अक्षय दीक्षित आदि स्टाफ मौजूद रहा।

### बारिश से झुका पोल दे रहा हादसे को दावत

**अछल्दा।** अछल्दा-बहारपुरा मार्ग पर लालपुर गांव ईंट भट्टा के सामने पिछले 15 दिन हुई लगातार बारिश से बिजली का पोल झुक गया और हादसे को दावत दे रहा है। झुके पोल की शिकायत ग्रामीणों ने बिजली विभाग कर्मचारियों को दी। लेकिन बिजली पोल को ठीक नही किया गया। झुका पोल हादसे को दावत दे रहा है। अवर अभियंता धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही पोल सही करा दिया जाएगा

### टावर से लाखों की बैटरी चोरी

**रुगंज/कुदरकोट/बिधूना।** कुदरकोट के एरवाकटरा रोड पर लगे वीआई के टावर में चोर बाउंड्री बाल पर लगी लोहे की जाली को काटकर अंदर पहुचे और अंदर लगे दरवाजे में बंधी जंजीर को काटकर ताला तोड़कर टावर को चलाने के लिए लगी आठ बैटरियों की चोरी कर ले गए। रात को ही टावर बंद होने की जानकारी टेक्नीशियन अमित यादव को हुई तो वह टावर पर पहुंचे। देखा तो दरवाजे टूटे पड़े हुए, सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने घटना की सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर रात में ही डायल 112 घटना स्थल पहुची और मामले की जानकारी की।

### 3 को भव्य शिव बारात के साथ होगा रामलीला का आयोजन

**फफूंद,औरैया।** कस्बा की ऐतिहासिक 154 वी श्रीरामलीला दशहरा महोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। समिति ने 11 दिवसीय महोत्सव के कार्यक्रम घोषित करते हुए समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी है। तीन अक्तूबर को भव्य शिव बारात के साथ रामलीला की शुरुआत होगी। जिसको लेकर शनिवार को रामलीला का भूमि पूजन किया गया। शनिवार को फफूंद की श्री रामलीला व दशहरा मेला महोत्सव समिति की बैठक के बाद कमेटी के अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला ने बताया कि फफूंद की ऐतिहासिक रामलीला महोत्सव का यह 154 वां है। तीन अक्तूबर को भव्य शिव बारात के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 11 दिवसीय रामलीला महोत्सव में 4 अक्तूबर को रामजन्म, मुनि याचना, 5 को ताड़का वध, 6 को नगर प्रवेश-पुष्प वाटिका, 7 को विशाल धनुष यज्ञ, 8 को राम वनवास-राम केवट संवाद, 9 को दशरथ मरण-भरत मिलाप, 10 को सुपर्णखा अंग भंग, 11 को सीता हरण और 12 को दिन मे दशहरा मेला का आयोजन होगा। बैठक के वाद रामलीला मैदान में पहुच कर समिति के सदस्यों ने हवन करके भूमि पूजन किया। मयंक शुक्ला,अनुराग तिवारी, दीपक तिवारी, अन्नी तिवारी, राजू पांडेय, अन्नू शर्मा,कल्लू यादव आदि रहे।

साहब! ध्यान दें — बाल श्रम पर प्रतिबंध के सरकारी दावे साबित हो रहे खोखले

# पढ़ने-लिखने की उम्र में नौनिहाल बीन रहे कबाड़

संवाददाता बिधूना/ककोर,औरैया

● जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी की कार्यशैली से जगी समस्या के निदान की उम्मीद

**अमृत विचार।** जिले में पढ़ने-लिखने की उम्र में तमाम नौनिहाल स्कूलों से दूर कबाड़ बीनने के साथ विभिन्न प्रतिष्ठानों पर काम करते नजर आ रहे हैं। जिससे बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के सरकारी दावे पूरी तरह खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने को लेकर कई बार आवाज उठाई जा चुकी है लेकिन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता से समस्या जस की तस बनी हुई है। हालांकि जिले के जनप्रिय जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी से समस्या के निराकरण की उम्मीद जगी है।

भले ही सरकार द्वारा बाल श्रम शोषण पर प्रतिबंध लगाने व 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी बच्चों को स्कूलों में भर्ती कराने बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन औरैया जिले के औरैया बिधूना फफूंद दिबियापुर अछल्दा नेविलगंज रुरूगंज ऐरवाकटरा उमरैन मल्हौसी वैवाह रामगढ़ अजीतमल हरचंदपुर सहार बेला याकूबपुर कुदरकोट आदि कस्बों में यह सरकारी दावे पूरी तरह खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। आलम यह है कि इन कस्बों व गांवों में पढ़ने लिखने की उम्र में तमाम गरीब परिवारों के बच्चे सड़कों पर या तो कबाड़ बीनते नजर आ रहे हैं या फिर होटलों ढाबों चाय मिठाई किराना सब्जी की दुकानों लहसुन प्याज फलों की आढ़तों खेतों के साथ शादी समारोहों में रोड लाइटों को सिर पर उठाने व वेटर का काम करते भी देखे जा रहे।

ऐसा नहीं है कि सरेआम हो रहे इस बाल श्रम की जानकारी प्रशासन व अधिकारियों को नहीं है बल्कि यह सब जानते हुए भी इसे नजरअंदाज किया जाता रहा है। जिससे बाल श्रम पर प्रतिबंध के सरकारी दावे पूरी तरह खोखले साबित होने से क्षेत्रीय बुद्धिजीवी बेहद चिंतित है। कबाड़ बीन रहे चुन्नू व गुड्डू ने पूछे जाने पर बताया है कि उनका भी मन पढ़ने लिखने का होता है लेकिन गरीबी के चलते परिवारों के भरण पोषण के लिए कबाड़ बीनना पड़ता है। श्यामसुंदर शाक्य, राजपाल सिंह भदौरिया, धीरेंद्र सिंह, अनिल कुमार सिंह आदि जागरूक लोगों ने बाल श्रम पर तत्काल रोक लगाने के साथ लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व जिला प्रशासन से मांग की है।

हालांकि जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी की बेहतर कार्य प्रणाली से बाल श्रम पर भी पूरी तरह प्रतिबंध लगने की लोगों को उम्मीद जगी है।


कचरे के डब्बे से कबाड़ा बीनता नौनिहाल

# लेनदेन को लेकर बाजार में मारपीट, वीडियो वायरल

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** शनिवार देर शाम कस्बे में एक दुकानदार की दूसरे युवक से लेनदेन को लेकर गाली गलौज होने लगी। दोनो लोगों के साथी बाजार में इकट्ठा हो गए उसके बाद उनमें जमकर मारपीट हुई। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और पिटे हुए युवक को ही पकड़कर थाने ले गई। जबकि मारपीट करने वाले अन्य युवक भाग निकले। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस का कहना है की दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नही करता है। शनिवार देर शाम बाजार चमनगंज में रील बटन की दुकान किए एजाज अंसारी की राजू नामक युवक से लेनदेन को लेकर गाली गलौज होने लगी। दोनो युवकों के साथी भी वहां पहुंच गए और आपस में मारपीट करने लगे। बाजार में भीड़ जमा हो गई जानकारी पर कस्बा इंचार्ज संदीप जादौन फोर्स के साथ पहुंच गए लेकिन तब तक मारपीट करने वाले भाग निकले। पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों युवकों को पकड़ लिया लेकिन राजू को छोड़ दिया जबकि एजाज को थाने ले गई। बाजार में चर्चा है की दोनो युवक सट्टा की खाई बाड़ी करते हैं। कुछ दिन पूर्व एजाज का सट्टा फंसा था जिसकी उधारी का राजू ने पेमेंट नही किया था शनिवार को राजू को बाजार में देख उसने पैसे मांगे तो दोनो मे झगड़ा होने लगा। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि दोनो में राजीनामा हो गया है।

# पुलिस की मौजूदगी में हुआ छात्रा का अंतिम संस्कार

## छावनी में तब्दील रहा गांव, कई थानों की रही पुलिस, 25 सितंबर को स्कूल की छत से कूदी थी छात्रा

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के शाहीपुर गांव की रहने वाली छात्रा की मौत के बाद पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रिया का शव गांव पहुंचा तो सड़कों पर बवाल शुरू हो गया। स्कूल प्रबंधन के प्रति आक्रोशित लोगों ने कैंडल मार्च निकाल जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए लाठियां भी पटकी।

किशनपुर थाने के शाहीपुर गांव की रहने वाली छात्रा खागा के एक निजी स्कूल सरस्वती बाल मंदिर में पढ़ाई करती थी। 25 सितंबर को छात्रा स्कूल की तीसरी मंजिल से कूद गई थी। जिसे इलाज के लिए कानपुर में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार की रात इलाज के दौरान प्रिया की मौत हो गई। छात्रा की मौत की खबर सुन लोगों में स्कूल प्रबंधन की खिलाफ आक्रोश उमड़ पड़ा। लोग स्कूल के संचालक की गिरफ्तारी को लेकर सड़कों पर उतर गए। मृतक प्रिया का शव जैसे ही खागा पहुंचा लोगों ने हाथ में मोमबत्ती जलाकर नारेबाजी शुरू कर दी।

एम्बुलेंस के आगे लोगों की भारी भीड़ चल रही थी। लोग स्कूल संचालक को फांसी देने की मांग कर रहे थे। किसी प्रकार पुलिस ने लोगों को खदेड़ कर प्रिया के शव को शाहीपुर तक पहुंचाया। गांव में भी भारी भीड़ होने की सूचना पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। देर रात एसपी और जिलाधिकारी ने भी मोर्चा संभाला और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। रविवार की सुबह प्रिया के शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी की गई। इस दौरान किशनपुर, हथगाम, खागा, हुसेनगंज, सुल्तानपुर घोष सहित एक कंपनी पीएसी को भी तैनात किया गया था। इस दौरान जाफरगंज, खागा, बिदंकी, थरियांव क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे। पूरा गांव छावनी में तब्दील दिखा। वहीं राजस्व प्रशासन भी चौकन्ना रहा। भारी पुलिस बल के साथ प्रिया मौर्या का गांव से कुछ ही दूरी पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पुलिस ने मोर्चा संभाला और शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार कराया गया।



छावनी में तब्दील रहा शाहीपुर गांव। अमृत विचार

### अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे नेता

छात्रा की मौत की खबर सुन उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कई नेता पहुंचे। सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, सदर नगर पालिका अध्यक्ष राज कुमार मौर्या, हुसेनगंज विधायक उषा मौर्या, किशनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनकर समेत कई नेता अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मिल छात्रा को न्याय दिला दोषियों पर कार्रवाई का भी आश्वासन दिया।

### तूल पकड़ रहा छात्रा की मौत का मामला

छात्रा की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्षी दलों के कई नेताओं ने अपने ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर योगी सरकार में महिलाओं को सुरक्षित न होना बताया है। वहीं प्रिया को न्याय दिलाने के लिए नेताओं ने चक्का जाम करने की भी चेतावनी दी है।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़, दर्ज हुई रिपोर्ट

**फतेहपुर।** खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप उसके पिता ने लगाया है। पुलिस ने मामला संज्ञान में लेते हुए मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी बेटी 13 वर्ष की है। उसकी बेटी से रेहान पुत्र इरफान निवासी पीरनपुर थाना कोतवाली सदर छेड़खानी कर रहा था। लड़की ने शोर मचाया तो गांव के कुछ लोग पहुंच गये तो रेहान गाली देने लगा और कहा कि कहीं भी शिकायत की जान से मार देगा। इस पर पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार राव ने बताया कि मुकदमा लिख लिया गया है। जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# धोखाधड़ी कर बीमा के ८८ लाख रुपये हड़पे

संवाददाता फतेहपुर

- सऊदी अरब में सड़क हादसे में युवक की हुई थी मौत
- बिन्दकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार।** दो सगे भाइयों ने धोखाधड़ी कर मृतक की बीमा राशि के ८८ लाख रुपये हड़प लिए। दरअसल, सऊदी अरब में एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसे सऊदी सरकार की ओर से 4 लाख रियाल की धनराशि मिली थी। रुपये मांगने पर मृतक के परिजन को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों पर धोखाधड़ी, गबन आदि की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जिगनी गांव के रहने वाले मुजम्मिल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका बेटा सद्दाम सऊदी में ड्राइवर था। बताया कि 28 मई 2020 की देर रात सऊदी अरब में सद्दाम की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया कि गांव के पड़ोस में ही रहने वाले रज्जन का भाई मोहम्मद वसीम अकरम सऊदी अरब में ही मृतक सद्दाम के पास रहता था। सड़क दुर्घटना में सद्दाम की मौत के बाद सऊदी हुकूमत की तरफ से मृतक के परिजन को 4 लाख सऊदी रियाल की बीमा धनराशि स्वीकृत हुई थी। जिसकी इंडियन वैल्यू ८८ लाख रुपये है। आरोप है कि 12 जून को पड़ोसी रज्जन ने अपने भाई वसीम के पासपोर्ट और सऊदी के अकामा नंबर के जरिये धोखाधड़ी, जालसाजी व कूट रचित ढंग से नोटरी युक्त पावर ऑफ अटॉर्नी बनवा ली। इसके बाद रज्जन और उसके भाई वसीम ने मिलकर के मृतक सद्दाम के दुर्घटना बीमा के मिले ८८ लाख रुपये गबन कर लिए। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय पांडेय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी सगे भाइयों पर धोखाधड़ी, जालसाजी, गबन, जान से मारने की धमकी दी।

# खेत जा रही किशोरी से दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता फतेहपुर

- ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र के एक गांव में खेतों की ओर जाते समय एक किशोरी को बीच रास्ते से जबरन उठाकर पास की झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है।

होश आने पर बदहवास अवस्था में पीड़िता घर पहुंची। जिसने परिजनों से आप बीती बताई। पीड़िता बेटी को लेकर पति के साथ आरोपी के घर उलाहना देने पहुंची। आरोप है कि आरोपी बब्लू प्रजापति ने भाई सोनू, चचेरे भाई नत्थू पुत्र स्व गोदामा के साथ एकराय होकर सभी को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता की मां ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। तहरीर के आधार पर पीड़िता को डॉक्टरी परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। थाना प्रभारी बच्चेलाल ने कहा कि मुख्य आरोपी बब्लू के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओ में मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### दुष्कर्म व छेड़छाड़ के 2 आरोपी गिरफ्तार

- **फतेहपुर।** गश्त के दौरान राधा नगर थाने के उपनिरीक्षक सन्दीप कुमार सिंह ने अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की दी गई सटीक सूचना के आधार पर एक नफर वांछित अभियुक्त दशरथ पुत्र प्रेमचंद निवासी ग्राम मीरखपुर थाना बिन्दकी को गिरफ्तार किया है जो कि स्थानीय थाने से एक महिला के साथ जबरन दुराचार व गाली गलौज समेत जानमाल की धमकी व मारपीट मामले में वांछित था। इसी प्रकार खखरेरू थाने के उपनिरीक्षक प्रह्लाद यादव ने अपने हमराहियों के साथ मुखबिर की दी गई सटीक सूचना के आधार पर एक नफ़र वांछित अभियुक्त नसीम उर्फ लाला पुत्र भुसई निवासी बड़ी तकिया नगर पंचायत खखरेरू सरोजनी नगर वार्ड नम्बर 13 को गिरफ्तार किया है। जो कि स्थानीय थाने से एक दलित किशोरी से जबरन छेड़छाड़ व दुराचार मामले में वांछित था। गिरफ्तार किये गए दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने सुसंगत धाराओ में न्यायालय पेशी के बाद न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

# बिजली चोरी के खिलाफ चलाया अभियान

**फतेहपुर।** अधिशासी अभियंता हरिओम सोनी के निर्देश पर उपखंड अधिकारी सौरभ कुमार और अवर अभियंता विनोद तोमर ने जहानाबाद क्षेत्र में विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। टीम ने जांच के दौरान कई उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। इनमें इंदर सिंह, रमेश कुमार, सुरेश पाल, महेन्द्र यादव, विजय कुमार, रामनरेश सिंह और मुन्नी लाल शामिल हैं, जिनके खिलाफ संबंधित धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जेई विनोद तोमर ने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा, उपभोक्ता बिजली चोरी न करें।

# रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर ट्रैक पर मिला, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कुशीनगर एक्सप्रेस का था सिलेंडर

**अमृत विचार।** साबरमती, कालिंदी और प्रेमपुर स्टेशन की घटना में जांच अभी चल ही रही है और रविवार तड़के भीमसेन से गोविंदपुरी के बीच होल्डिंग लाइन पर रेलवे का सेफ्टी सिलेंडर पड़ा मिला। लाइन पर कुछ पड़ा देख मुंबई से लखनऊ जा रही पुष्पक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाई। नीचे उतरकर सेफ्टी सिलेंडर उठाकर कंट्रोल रूम को सूचना दी। खबर पाकर जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सिलेंडर पर कैरिज एंड वैगन विभाग गोरखपुर लिखा है। जहां का यह सिलेंडर है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि सिलेंडर गिरा या गिराया गया, इसकी जांच की जा रही है।

छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से लखनऊ जंक्शन जा रही पुष्पक एक्सप्रेस 12534 रविवार तड़के 4.03 बजे भीमसेन से गोविंदपुरी की ओर जा रही थी। एक्सप्रेस होल्डिंग लाइन से होकर सेंट्रल की ओर बढ़ रही थी। होल्डिंग लाइन के कारण ट्रेन की स्पीड काफी कम थी। भीमसेन से करीब पांच किमी आगे लोको पायलट एके भसीन को ट्रैक पर सिलेंडर पड़ा दिखा। इस पर उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी।

## सार-संक्षेप

### समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का किया सम्मान

**फतेहपुर।** जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा शहर के लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज पनी में रविवार को संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कारागार पूर्व राज्यमंत्री जयकुमार सिंह जैकी विधायक बिंदकी एवं डीएफओ रामानुज त्रिपाठी मौजूद रहे। समिति के सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक बिपिन बिहारी शरण ने आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर प्रतीक देकर सम्मानित किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक जयकुमार सिंह जैकी ने कहा कि समिति जाति, धर्म, राजनीति एवं संप्रदाय से अलग रहकर शासन की नीतियों और जेल मैनुअल के अंतर्गत अपने उल्लिखित कार्यों को संपादित कर रही है। समिति कारागार में बंदियों के कल्याण एवं मुक्त बंदी, निराश्रित महिलाएं एवं असहाय बच्चों की शिक्षा एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जो सराहनीय है। इस मौके पर डॉ. सौरभ गुप्ता, अरविंद सिंह, आचार्य रवि शंकर मिश्रा, केशव राम त्रिपाठी, जवाहर लाल जायसवाल, कैलाश चन्द पुरवार, राधेश्याम हयारण, शशांक गुप्ता गोलू, निर्भय गुप्ता समेत विद्यालय के प्रधानाचार्य अमिताभ बिहारी शरण मौजूद रहे।

### महिला ने फांसी लगाई, मौत

**फतेहपुर।** बीती रात कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव में एक महिला ने घर के अंदर सन्दिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। परिजनों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। खागा कोतवाली क्षेत्र के टेनी गांव निवासी बलेश पासवान की पत्नी लक्ष्मी देवी ने बीती रात सन्दिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका का पति परदेश में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। जो कि परदेश में था। जबकि अन्य परिजन घर के दूसरे हिस्से में सो रहे थे। बीती देर रात विवाहिता के घर के किसी सदस्य ने उसको पानी देने के लिए काफी आवाज लगाई लेकिन मृतका के कमरे के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका के चलते दरवाजा तोड़ परिजन कमरे के अंदर दाखिल हुए तो विवाहिता को फांसी के फंदे से लटका हुआ देख स्तब्ध रह गये। स्वजनों ने आनन फानन उसे फांसी के फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने विवाहिता द्वारा आत्महत्या कर लेने की सूचना उसके परदेश में रह रहे पति समेत मायके पक्ष को दी। सुबह पति के परदेश से लौटने व मायके पक्ष के आ जाने के बाद मृतका के ससुरालीजनों ने बगैर पुलिस को सूचना दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### करंट की चपेट में आकर दिहाड़ी मजूदर की मौत

**असोथर।** थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन गांव में बिजली के पोल में चढ़ कर तार जोड़ रहा एक दिहाड़ी मजदूरी करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रामनगर कौहन निवासी हरिपाल बगैर शेप्टी के बिजली के तार पैसे लेकर जोड़ दिया करता था। परिजनों ने बताया कि रविवार को असोथर बिजली उपकेंद्र के जरौली फीडर से रामनगर कौहन कंसापुर को जाने वाली विद्युत लाइन का तार टूट गया था। जिसे जोड़ने के लिए हरिपाल और कंसापुर निवासी रमेश पासवान ने राम किशोर लाइन मैन से शट डाउन के लिए फोन से बात किया था, लेकिन शट डाउन नहीं हो पाया और हरिपाल पोल में चढ़ कर तार जोड़ने के लिए जैसे ही तार टच किया तो करंट कि चपेट में आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना होते ही उसका साथी रमेश पासवान मौके से फरार हो गया। मृतक के भाई छत्रपाल ने आरोप लगाया है कि रमेश के कहने से भाई पोल में चढ़ा था। रामकिशोर ने शट डाउन नहीं दिया। जिससे भाई की जान चली गई। जेई जितेंद्र पाल ने कहा हरिपाल का विभाग से कोई लेना देना नहीं है। किसके कहने से तार जोड़ रहा था।

# कहर बनकर बरस रहे बादल, कई घर गिरे

संवाददाता किशनपुर

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकास खण्ड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश कहर बन कर बरस रही है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में रुक रुक हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

एक दिन पूर्व ही शनिवार की सुबह बारिश के चलते कच्चा मकान ढहने से महिला की मौत हो गई है। लेकिन लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में कई लोगों के कच्चे मकान जमींदोज हो रहें हैं। रविवार की देर रात हुई मूसलाधार बारिश से थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी सुरेश सिंह का कच्चा मकान गिर गया। जिसमें घर में रखी गृहस्थी दबकर बर्बाद हो गई। तो वही आकाशीय बिजली गिरने से मड़ौली गांव निवासी उदय सिंह की भैंस का बच्चा चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं क्षेत्र के जनानतारा मजरे गढ़ा गांव निवासी रामकुमार सोनकर का कच्चा मकान भी बारिश के चलते भरभरा कर गिर गया। वहीं चितनपुर मजरे गढ़ा गांव निवासी सतीश चन्द्र दुबे का भी कच्चा मकान गिर गया। वहीं रघुवर डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव निवासी परमेश निषाद का मकान भी बारिश के चलते गिर गया।



गृहस्थी का सामान खोजता गृहस्वामी।

### बारिश से फिर आफत किसानों की उड़ी नींद

**फतेहपुर।** रविवार सुबह से ही जिले में बादल छाने के साथ कभी रिमझिम बारिश तो कहीं तेज बारिश हुई। जिससे किसान खासे परेशान हैं, उनकी नींद उड़ी है। सुबह 10 बजे के आसपास आधे घंटे तक झमाझम बारिश से शहर पानी-पानी हो गया। वहीं मौसम विभाग की ओर से 30 सितंबर तक हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

# 2 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विधान परिषद उत्तर प्रदेश की संसदीय अध्ययन समिति ने रविवार को जनपद प्रयागराज में फतेहपुर एवं कौशाम्बी के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक की। संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर जिले के डीसी मनरेगा एवं अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने व लखनऊ में आयोजित समिति की बैठक में पूरी आख्या के साथ उपस्थित होने के दिए निर्देश दिए गए।

विधान परिषद उत्तर प्रदेश की संसदीय अध्ययन समिति प्रयागराज के कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में समिति के सभापति सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में फतेहपुर व जनपद कौशांबी के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। सभापति सुरेन्द्र चौधरी के अलावा समिति के सदस्य, सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी, किरण पाल कश्यप, सदस्य विधान परिषद, बाबू लाल तिवारी, सदस्य विधान परिषद उपस्थित रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर पवन कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सहित दोनों जनपदों के अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पशुपालन, राजस्व विभाग, पंचायती राज, यूपी नेडा, समाज कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण, महिला कल्याण, बाल विकास पुष्टाहार, आबकारी, विद्युत, सिंचाई, लघु सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग सहित सभी विभागों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। वहीं जननप्रतिनिधियों के भेजे गए पत्र पर अधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई पर गहन समीक्षा की गई। सभापति ने कहा कि जिलाधिकारी स्वयं विभागों की समय-समय पर बैठक कर प्राप्त पत्रों में कार्रवाई की समीक्षा का निस्तारण कराएं।



प्रयागराज में आयोजित बैठक में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### बैठक में स्पष्टीकरण लेकर आएं

सभापति ने डीसी मनरेगा फतेहपुर, अधीक्षण अभियंता-विद्युत विभाग फतेहपुर समेत कौशाम्बी के कई अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर उनसे स्पष्टीकरण की मांग करते हुए लखनऊ में आयोजित समिति की बैठक के निर्धारित तिथि पर पूरी आख्या के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिए। वहीं लोक निर्माण विभाग फतेहपुर के एक्ससीएन के बैठक से अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# घटतौली की शिकायत पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

**फतेहपुर।** अमौली विकास खण्ड के सिकंदरपुर गांव में चल रही सरकारी राशन की दुकान पर घटतौली के आरोप लगे थे। ग्रामीणों के अनुसार कोटेदार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे अंत्योदय कार्ड धारकों को पूरा राशन न देकर घटतौली कर रहा था। वहीं वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा अंत्योदय कार्ड बनवाकर लाभ लिया जा रहा था। शिकायत के आधार पर बिंदकी खाद्यपूर्ति निरीक्षक अजय शर्मा ने गांव पहुंचकर जांच की। महिलाओं सहित सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और कोटेदार द्वारा की जा रही मनमानी लेकर की।

कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ०प्र०
नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड, कानपुर
E-mail-ddeknpngr@gmail.com, 0512-2626031

पत्रांक: नि0ख0का0(ई-टेण्डर)/2024-580 **निविदा सूचना (ई-टेण्डर)** दिनांक: 28/09/2024

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदायें दिनांक 22.10.2024 को मण्डी परिषद एवं PWD, R.E.D, U.P.R.N.N. तथा UPPCL विभाग में पंजीकृत वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित ई-निविदाओं की टेक्निकल बिड दिनांक 22.10.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। टेण्डर डोक्यूमेन्ट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 30.09.2024 से दिनांक 21.10.2024 की अपरान्ह 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, नियम व शर्ते एवं अन्य विवरण कार्यालय में तथा उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखी, पढ़ी व डाउनलोड की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा शुल्क + 18% जी0एस0टी0 (रू0) | अनुमानित लागत (रू0 लाख) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख) | कार्य की अवधि | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मण्डी समिति झीझंक (जनपद कानपुर देहात) के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | |
| 1 | नवीन मण्डी स्थल झीझंक में आन्तरिक मार्गो का हॉटमिक्स पद्धति से सुदृढ़ीकरण एवं आन्तरिक नालियों की मरम्मत, टूटी हुई चहारदीवारी एवं गेट व गेट पिलर की मरम्मत, 02 नग 12X88 मी0 एवं 02 नग 12X44 मी0 छायादार नीलामी चबूतरा, समिति कार्यालय, चेक पोस्ट एवं कृषक विश्राम गृह की मरम्मत व रंगाई-पुताई तथा 02 नग वाटर स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण सबमर्सिबल पम्प सहित आदि के कार्य। (2024_RKUMP_960773_1) | 16610 +2990 = 19600 | 110.73 | 7.54 | चार माह | ''ब'' |
| मण्डी समिति भरथना (जनपद इटावा) के क्षेत्रान्तर्गत | | | | | | |
| 2 | नवीन मण्डी स्थल भरथना को जोड़ने वाले पहुँच मार्ग भरथना-ऊसराहार रोड से भरथना विधूना रोड तक की हाटमिक्स पद्धति से मरम्मत/सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 1.47 किमी0)। (2023_RKUMP_960775_1) | 25000 +4500 = 29500 | 169.50 | 10.48 | चार माह | ''ब'' |

**शर्ते-** 1. ई-निविदा के साथ निविदा मूल्य उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद कानपुर के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा नौबस्ता कानपुर में संचालित खाता संख्या- 30394511570, IFSC code SBIN0002586 में तथा धरोहर धनराशि खाता संख्या- 30394511831, IFSC code SBIN0002586 में जमा कर रसीद निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति हार्ड कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त खातों में निर्धारित समयावधि तक जमा करना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समयावधि के उपरान्त जमा धनराशि मान्य नहीं होगी। 2. मण्डी परिषद मुख्यालय के पत्रांक: मु0अभि0-2/(1168/भाग-4/2005)/2022-1190 दिनांक: 17.11.2022 द्वारा जारी आदेश/निर्देश के क्रम में 'द' श्रेणी को छोडकर 'अ', 'ब' एवं 'स' श्रेणी में पंजीकृत निविदाओं की पारदर्शिता एवं अधिक प्रतिस्पर्धात्मक दरें प्राप्त करने के उद्देश्य से पंजीकृत ठेकेदारों से Bid Capacity हेतु लोक निर्माण विभाग के Standard Bidding Document (S.B.D) में Qualification of Bidders के section 4.6 में व्यवस्था दी गयी है जिसका विस्तृत विवरण मुख्य नियम शर्ते के बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। Bid capacity की गणना प्रपत्र Bidding Document के साथ अपलोड किया जाना अनिवार्य हैं। 3. उक्त निविदा तालिका में अंकित पंजीकरण श्रेणी के अतिरिक्त उच्च श्रेणी के मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे भी प्रतिभाग कर सकते हैं। उपरोक्त अंकित अन्य विभाग में समान श्रेणी ('ब' श्रेणी) में विकास कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदार/फर्मे ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, कानपुर

हृदय दिवस | रोज 30 मिनट की सैर से हाई ब्लड प्रेशर से बच सकते हैं

# साइलेंट किलर है हाई ब्लड प्रेशर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रोज 30 मिनट की सैर से हाई ब्लड प्रेशर से बचा जा सकता है। हृदय रोग विशेषज्ञों के मुताबिक हाई ब्लड प्रेशर साइलेंट किलर की जैसा है और हार्ट अटैक के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। 70 प्रतिशत मरीजों में इस बीमारी के लक्षण प्रतीत नहीं होते है, इसलिए 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को जांच जरूर करानी चाहिए।

विश्व हृदय दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व आईएमए की परेड स्थित आईएमए सभागार में हुई गोष्ठी में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो.अवधेश शर्मा ने बताया कि इस बार विश्व हृदय दिवस की थीम 'यूज हार्ट फॉर एक्शन' का मतलब हृदय सक्रिय रखकर उसका इस्तेमाल करना है। इसी से व्यक्ति स्वस्थ्य रह सकता है। हृदय को दुरुस्त रखने के लिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक व्यायाम, योग व मेडिटेशन करना चाहिए। लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का प्रयोग करना चाहिए। तनाव से दूर रहकर कम से 7 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए।



### इस तरह करें बचाव

- मोटापा नियंत्रित करने के लिए व्यायाम व सीमित भोजन करें। अच्छी नींद लें और तनाव मुक्त रहें।
- उचित आहार और नमक की मात्रा कम करके उच्च रक्त चाप नियंत्रित किया जा सकता है।
- अल्कोहल व धूम्रपान छोड़ दें। चिकनाई युक्त भोजन, जंक व फास्ट फूड का सेवन नहीं करें।
- आहार में केला, संतरा, नाशपाती, टमाटर और ताजी हरी सब्जियों का ज्यादा इस्तेमाल करें।

### हार्ट अटैक से गंभीर पल्मोनरी एम्बोलिज्म

के-केयर हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित कुमार ने बताया कि शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूता स्वस्थ थी, लेकिन घबराहट हुई और मौत हो गई। ऐसे मामले अक्सर देखने में आते हैं। इसका कारण पल्मोनरी एम्बोलिज्म बीमारी हो सकती है। इसमें फेफड़ों की रक्त नलिकाएं अवरुद्ध हो जाती हैं। यह बीमारी हार्ट अटैक से भी गंभीर मानी जाती है। कुछ लोगों में जन्म से प्रोटिन 'सी', 'एस व एंटीथ्रोबिन 3' की कमी पाई जाती है, जिससे यह बीमारी हो सकती है।

# करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को नीलम ने रखा कायम

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार।** प्रयागराज जिले की मेजा विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक रहीं नीलम करवरिया का बीमारी के चलते गुरुवार की देर रात हैदराबाद के एक अस्पताल में निधन हो गया। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार रसूलाबाद घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया। जवाहर पंडित हत्या मामले में जब उनके पति, जेठ व देवर को जेल हो गई तो उन्होंने करवरिया परिवार के राजनीतिक प्रभाव को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने व्यवहार से वे लोगों के बीच काफी लोकप्रिय भी थीं। चित्रकूट जिले के राजापुर के रहने वाली नीलम करवरिया स्व. पूर्व विधायक शिव नरेश मिश्र की पुत्री थीं। इनका जन्म 2 जुलाई 1969 को हुआ था। नीलम ने इंटर तक की पढ़ाई कर्वी से की। बाद में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की। विश्व विद्यालय में पढ़ाई के दौरान ही नीलम की मुलाकात उदयभान करवरिया से हुई थी।

### तीसरे दिन हटे कवर पर मैदान नहीं सूख पाया

**कानपुर।** ग्रीनपार्क में भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच में तीसरे दिन का खेल भी बारिश की भेंट चढ़ गया। अभी तक पहले दिन शुक्रवार को सिर्फ 35 ओवर का खेल हुआ है। शुक्रवार दोपहर तेज बारिश होने पर पूरा मैदान कवर्स से ढका गया था। शनिवार को बारिश जारी रहने से कवर्स हटाने की नौबत नहीं आई थी। रविवार को कवर्स मैदान से हटाए गए तो दर्शकों ने मैच होने की उम्मीद में सीटी और भोंपू बजाकर स्वागत किया। लेकिन दोपहर 2 बजे मैच नहीं होने की घोषणा होते ही 5 मिनट में दर्शक दीर्घाएं खाली हो गईं। पहले दिन शुक्रवार को मैच बारिश के कारण डेढ़ घंटे देरी से शुरू हुआ था। 35 ओवर खेल के बाद तेज बारिश शुरू होने पर मैदान कवर्स से ढक दिया गया था।

उपदेशो हि मूर्खाणां प्रकोपाय न शान्तये।
पय:पानं भुजंगानां केवलं विषवर्धनम्॥

मूर्खों को दिया हुआ उपदेश उनके क्रोध को बढ़ाता ही है शांत नहीं करता। जिस प्रकार सांपों को पिलाया हुआ दूध हमेशा उनका विष ही बढ़ाता है।

## संपादकीय

# सुधारों की ओर

मेक इन इंडिया अभियान से देश की अर्थव्यवस्था में ऐतिहासिक बढ़ोतरी हो रही है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए इस पहल ने ऐतिहासिक दशक पूरा कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अभियान जनांदोलन बना है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का लगातार बढ़ना भी हमारे मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। वास्तव में देश को मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का केंद्र बनाना देशवासियों के सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और विदेशी निवेश को सुविधाजनक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान की सफलता में देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है। अभियान के तहत अब जिन दो चीजों पर फोकस किया जा रहा है, उसमें पहला गुणवत्ता यानि देश में बनी चीजें वैश्विक मानकों की हों। दूसरा है 'वोकल फॉर लोकल यानी, स्थानीय चीजों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिले। विभिन्न क्षेत्रों में मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक प्रभाव नजर आते हैं। विश्व बैंक की ईज आफ डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में वर्ष 2014 में 142वें स्थान से वर्ष 2019 में 63वें स्थान पर पहुंचने से व्यापार की स्थिति में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है। अभियान का ही असर है कि पिछले दस साल में भारत में हर घंटे एक स्टार्टअप लांच हुआ। सरकार के निरंतर प्रयासों से 30 जून तक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,40,803 हो गई है, जिससे 15.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। 2014 से 2024 तक 667.4 अरब अमेरिकी डॉलर का संचयी प्रवाह आकर्षित किया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 119 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है। पिछले एक दशक में विनिर्माण क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 165.1 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले एक दशक (2004-14) की तुलना में 69 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें 97.7 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रवाह देखा गया था। भारत लगातार सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। परंतु देश में निर्मित वस्तुओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि जैसी चुनौतियों के चलते अभियान के तहत सफलता के साथ ही कुछ कमियां भी देखी गईं। अभियान का उद्देश्य आयात को कम करके निर्यात को बढ़ावा देना था, लेकिन निर्यात को बढ़ावा देने में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके। इसके लिए देश में व्यापार के लिए स्वस्थ वातावरण का निर्माण जरूरी है।

# जन भागीदारी से ही साकार होगा विकसित भारत का सपना



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंबे समय से विकसित भारत की बात कर रहे हैं। हाल के अमेरिका दौरे में भी प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात को दोहराया है। देश का सपना एक विकसित राष्ट्र बनने का है और इसके लिए चलाए जा रहे अभियान के पीछे भारत की आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी प्रगति को तेज गति देने का उद्देश्य निहित है। इसमें कोई दो राय नहीं कि विकसित भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य देश की समग्र प्रगति को सुनिश्चित करना है, जिससे सभी नागरिकों को समान अवसर और सुविधाएं मिल मिलना संभव हो सके। अभियान के तहत बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री बार-बार भारत को विकसित बनाने के अपने संकल्प को दोहराते हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या देश की जनता इस सपने को साकार करने में मन से जुड़ी हुई है? सरकार की कोशिश अपनी जगह है, पर हम लोग इस सपने को साकार करने के लिए क्या योगदान दे रहे हैं? क्या सचमुच इस अभियान से हमारा उतना जुड़ाव है, जिसकी जरूरत महसूस की जा रही है? इन सवालों पर गहन चिंतन करने की जरूरत है। कोई भी काम जनता की भागीदारी के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। हमारे लिए विकसित भारत का सपना केवल सिर्फ आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इस सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब इसमें जन-जन का जुड़ाव हो।

विकसित भारत के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है। जन आंदोलन बनने पर ही इसमें हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित कर पाना संभव है। अगर हम अतीत पर नजर डालते हैं तो हमें जन भागीदारी के सफल उदाहरण दिखाई पड़ते हैं। एक समय ऐसा था, जब हमारे देश में लोगों का पेट भरने के लिए भी अनाज उत्पादन नहीं होता था। देशवासियों का पेट भरने के लिए अनाज का आयात अपरिहार्य था, मगर याद कीजिए, जब देश ने अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की ठान ली तो जन-जन की भागीदारी इसमें हुई तो वह सपना साकार होने में देर न लगी। दुग्ध क्रांति का सपना भी ऐसा ही एक उदाहरण है। अन्न व दूध उत्पादन में सफलता के पीछे व्यापक जन जुड़ाव रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए जन-जन को जागरूक करना ही होगा। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी। इसके साथ-साथ शिक्षा और रोजगार के अवसरों में समानता सुनिश्चित करना भी आवश्यक है।

> विकसित भारत सामाजिक न्याय और समानता की नींव पर ही खड़ा हो सकता है। जातिवाद, भेदभाव और असमानता के खिलाफ जन आंदोलन आवश्यक हैं। ऐसे आंदोलनों में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से जरूरी होगी।

इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सुधार की दरकार है ताकि सभी वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। रोजगार के अवसरों को बढ़ाना भी उतना ही जरूरी होगा। शिक्षा प्रत्येक देश के विकास का आधार होती है, लेकिन भारत की शिक्षा प्रणाली में अभी बहुत से सुधारों की दरकार है। हालांकि सरकार ने नई शिक्षा नीति बनाकर इस दिशा में काम शुरू किया है, मगर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा का असंतुलन, उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों की कमी और बुनियादी ढांचे की कमी एक बड़ी समस्या है, जिसका समाधान करने की जरूरत है। वहीं, स्कूली शिक्षा के साथ ही व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा तथा श्रम शक्ति के कौशल विकास पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में सुधार करना सबसे जरूरी काम है, जिसे विशेष अभियान के रूप में लिया जाना चाहिए। विकसित भारत के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में पर्यावरण को भी देखना चाहिए। औद्योगिक क्रांति के बिना विकसित भारत की कल्पना कर पाना बेहद मुश्किल है। अब छोटे-बड़े उद्योगों की स्थापना के लिए कदम बढ़ाने होंगे। आधुनिक तकनीक का सही उपयोग विकसित भारत की भावना को मजबूत करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और शहरी क्षेत्रों में बेहतर सेवाओं की ऊंची कीमतें एक बड़ी समस्या है। भारत की बड़ी आबादी के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एक चुनौती है।

भारत में आर्थिक असमानता एक बड़ी बाधा है। अमीर और गरीब के बीच की खाई तेजी से बढ़ रही है। एक ओर जहां कुछ क्षेत्रों में लोगों की आय और जीवन स्तर में वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में लोग गरीबी झेल रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आर्थिक असमानता भी स्पष्ट है। विकसित भारत के लिए हम जितना करें, उतना ही कम है। एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनने के लिए बुनियादी ढांचा आवश्यक है, लेकिन भारत इस क्षेत्र में अभी भी काफी पीछे है। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए देश के प्रशासनिक ढांचे में भी सुधार अपेक्षित है, क्योंकि भ्रष्टाचार, नौकरशाही और निर्णय लेने में देरी से विकास परियोजनाओं में बाधाएं आती हैं। सरकार की विभिन्न नीतियों और योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन न होने से भी विकास दर पर असर पड़ता है। अगर राजनीतिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाई जाए तो यह देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारे देश की बड़ी आबादी खेती पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित बनाना होगा कि किसानों की आय को बढ़ाया और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से लैस किया जाए। कृषि उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार के लिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर ग्रामीण विकास को गति देना भी उतना ही जरूरी है।

भारत की तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश के विकास के समक्ष एक प्रमुख चुनौती और बाधा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। वर्तमान में देश की जनसंख्या 140 करोड़ है, यूनाइटेड नेशन के अनुसार, जिसके 2050 में 167 करोड़ हो जाने का अनुमान है। इसके विपरीत चीन की जनसंख्या 130 करोड़ रह जाएगी, क्योंकि चीन अपनी जनसंख्या पर तेजी से नियंत्रण कर रहा है। इसके विपरीत हम जनसंख्या के मुकाबले में चीन को पीछे छोड़ आए हैं। जनसंख्या के दबाव में स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग में वृद्धि हो रही है, लेकिन उपलब्ध संसाधन बढ़ती जनसंख्या के मुकाबले अपेक्षित गति से नहीं बढ़ पा रहे हैं। जनसंख्या के दबाव के कारण हमें अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही हैं। किसी भी विकसित देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, क्वालिटी ऑफ लाइफ, बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य, स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हमारे देश की जीडीपी अभी पांच ट्रिलियन भी नहीं है, जबकि अमेरिका की 30 ट्रिलियन और चीन की 20 ट्रिलियन है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 77 हजार डॉलर और चीन में 13 हजार डॉलर है जबकि भारत में प्रति व्यक्ति आय 2400 डॉलर यानी करीब नब्बे हजार रुपये ही है। आने वाले सालों में भारत में प्रति व्यक्ति आय 15 से 20 हजार डॉलर हो, तभी हम स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग की बात कर सकते हैं। अभी तो हमारे यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ कमजोर है। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग नहीं है। ह्यूमन डवलपमेंट इंडेक्स में 193 देशों में भारत 134 वें नंबर पर है। अगर जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो हम कभी भी विकसित भारत नहीं बन पाएंगे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमारी जीडीपी में आठ से नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी आवश्यक है। पिछले दस सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने में सफलता मिली है, लेकिन अभी बहुत बड़ी तादाद में लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। विकसित भारत बनने की राह में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर करना होगा। नीतिगत सुधार जरूरी हों, वहां सरकार को आगे आना होगा, जहां जनता के काम करने की जरूरत हो, वहां जनता को स्वतः स्फूर्त खड़ा होना होगा। ऐसा होने पर ही भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेगा। विकसित भारत का सपना भारत के लोगों द्वारा भारत के लोगों के लिए ही देखा जा रहा है, यह अहसास हर किसी को होना चाहिए।

## प्रसंगवश

# वेश्याएं : हेय नहीं प्रेय भी

सामान्यतया समाज में वेश्याएं हेय मानी जाती हैं, लेकिन आदि काल से हर सभ्यता में इनका अस्तित्व रहा है। हम अपने देश और समाज की ही बात करते हैं। यह वर्ग पूरी तरह हेय या घृणास्पद नहीं था। इनका सम्मान भी होता रहा है।

वैदिक काल में इन्हें सद्वर्णी कहते थे और ये लाल रंग के परिधान और आभूषण धारण करती थीं। इन्हें शुल्क वसूल करके जीविकोपार्जन की अनुमति थी, उसके पहले इनका विवाह देवता से कर दिया जाता था। ये देव दासियां भी कही गईं। शुल्क लेकर रति न करने पर दोगुना अर्थ दंड देना होता था और ऐसा ही पुरुष के बारे में भी था। यदि वह रमणोत्तर शुल्क न दे, तो दूना अर्थदंड देय होता था। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम की वन से अयोध्या वापसी पर भरत ने शत्रुघ्न को उनके स्वागतार्थ पुर वासियों को एकत्र करने का निर्देश दिया है, जिसमें कहा गया है कि 'सूत, बैताल, राज महिषियां, गणिकाएं, ब्राह्मण आदि एकत्र किए जाएं। यही भरत जब वन में राम को मनाने के लिए गए और भारद्वाज आश्रम पर दल-बल के साथ रुके, तो ऋषि ने ब्रह्मा और कुबेर से कहकर बड़ी संख्या में सुंदरियां वहां बुलवाईं और चार रूपसियां सिर्फ भरत की सेवा में लगाईं, जिन्होंने नाच-गान आदि से उन्हें प्रसन्न किया। गणिकाओं के संघ भी थे। महाभारत में युद्ध के पहले जब श्रीकृष्ण समझौता प्रयास हेतु हस्तिनापुर गए तो कौरव पक्ष ने उनके स्वागतार्थ बहुत सी वेश्याएं भी भेजीं। उद्योग पर्व में युधिष्ठिर ने कौरवों को जो संदेश भेजा उसमें वेश्याओं के लिए भी शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

गांधारी के दीर्घकालिक गर्भ धारण काल में धृतराष्ट्र की सेवा एक वेश्या ने की, जिससे युयुत्सु नामक पुत्र भी उत्पन्न हुआ। उसका पालन-पोषण शिक्षा अन्य कौरवों की भांति ही रहा। वह धर्मात्मा भी था। पुराणों में भगवान द्वारा एक गणिका के उद्धार की भी कथा है। बौद्धकाल में वैशाली की आम्रपाली वेश्या जितनी श्लाघनीय थी, उतनी ही सम्मानिता भी। तथागत भी उसे 'आर्या अम्बा' कहते थे। तत्सयय स्त्रियों को भिक्षुणी न बनाने का प्रचलन था, किंतु भगवान बुद्ध ने उसे बनाया। शारदीय नवरात्र निकट हैं और दुर्गा जी की मूर्तियां निर्मित करने के लिए वेश्यालय की मिट्टी का भी समावेश किया जाएगा।

# बिना वर्दी की नौकरी बनाम वर्दी वाली नौकरी

प्रदेश सरकार ने पिछले सप्ताह निर्णय लिया है कि राजस्व विभाग के लेखपाल, भूलेख निरीक्षक तथा नायब तहसीलदार अब निर्धारित पोशाक पहनेंगे ताकि भीड़ के मध्य उनकी पहचान सुनिश्चित हो सके तथा अवैध कब्जा अतिक्रमण आदि हटाने जैसे राजस्व कार्यों के निर्वहन के दौरान घटाने वाली अप्रिय घटनाओं में उनका बचाव सुनिश्चित किया जा सके। यूं तो प्रत्येक काल में वर्दी वाली सेवा के प्रति राज्य के नागरिकों में विशेष लगाव रहा है, परंतु बिना वर्दी के राज्य की सेवा करने और वर्दी पहन कर राज्य की सेवा करने की परिस्थियां सर्वथा भिन्न होती हैं। सामान्यतः वर्दी वाले सेवाओं में आम आदमी का सबका पुलिस की वर्दी वाली सेवा से अधिक पड़ता है। हालांकि देश के कुछ राज्यों में सेना और अर्धसैनिक बलों वाली वर्दी के व्यवहार आदि से भी आम नागरिक परिचित होते रहे हैं।

यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा को पास करने के बाद भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में जाने का सौभाग्य जिन्हें मिला उन्हें आईएएस के रूप में बिना वर्दी की सर्वोच्च सेवा में शामिल होने का अवसर मिलता है। इसी परीक्षा के माध्यम से जिन्हें आईपीएस अथवा आईआरएस के रूप तैनाती मिलती है, वह वर्दी वाली सेवा होती है। ठीक इसी प्रकार राज्य लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से सफल अभ्यर्थियों को राज्य प्रशासनिक सेवा पीसीएस के रूप में बिना वर्दी की सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है तथा इसी परीक्षा के माध्यम से पीपीएस, एआरटीओ, एक्साइज आदि विभाग की वर्दी के साथ सेवा का अवसर प्राप्त होता है। अखिल भारतीय सेवाओं तथा राज्याधीन सेवाओं में वर्दी और बिना वर्दी की सेवा के रूप में विभाजन तत्कालीन नीति नियंताओं की दूरदर्शिता का परिणाम था। पौराणिक काल का संदर्भ लें तो राजा रामचंद्र से लेकर अनेक शासकों के द्वारा अपना राजसी चोला उतारकर आम नागरिक के रूप में जनता के बीच पहुंचकर उनके दुख दर्द जानने के अनेकानेक उदाहरण मिलते हैं। यह उदाहरण इस तथ्य को समझने के लिए पर्याप्त हैं कि आमजन शासन की पहचान धारित करने वाली पोशाक की तुलना में सामान्य वेशभूषा में उनसे मिलने वालों के प्रति अधिक सहज अनुभव करते रहे हैं।



डॉ.अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

> वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है।

वास्तव में आम जनता के मध्य जब एक वर्दी धारण करने वाला अधिकारी और बिना वर्दी धारण किए कोई अधिकारी जाता है तो जनता बिना वर्दी वाले अधिकारी के प्रति अधिक सहज होती है। उत्तर प्रदेश एक ऐसे राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसमें आजादी के बाद रियासतों के विलय के उपरांत नवाबों और जमींदारों के अधिकार में विद्यमान भूमि के अधिकारों को बिना किसी रक्तिम क्रांति के अत्यंत सहजता के साथ नागरिकों के मध्य स्वामित्व स्थानांतरण के रूप में जमीदारी कानून बनाकर लागू कर दिया गया। हालांकि इसकी पृष्ठभूमि में संत विनोबा द्वारा समूचे प्रदेश में की गई भूदान यात्रा के द्वारा दस्यु हृदय परिवर्तन और भूदान हेतु बनाए गए वातावरण की महती भूमिका रही है । कालांतर में भूदान के अंतर्गत दान में प्राप्त समस्त भूमि को ग्राम सभा के नियंत्रण में देकर स्वयं ग्राम सभा द्वारा उसके व्यवस्थापन की नीति बनाई गई। स्थानीय भूमि के व्यवस्थापन की इस नई नीति ने लेखपाल को ग्राम भूमि प्रबंधक समिति के सचिव के रूप में प्रतिष्ठा प्रदान की तो उसके पर्यवेक्षक अधिकारी भूलेख निरीक्षक और नायब तहसीलदार को ग्राम सभा की भूमि के समुचित व्यक्तियों के मध्य वितरण और उचित प्रबंधन की धुरी में स्थापित किया।

महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के अनुरूप विकास की धुरी ग्राम में केंद्रित रखने की मुहिम के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को अपनाने वाले प्रदेश में बढ़ती हुई आबादी और सीमित भूमि की उपलब्धता के साथ स्थानीय राजनैतिक स्वार्थों के मध्य राजस्व विभाग के मुलाजिमों को ऐसी स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया कि उनकी निष्ठाएं ग्राम स्वराज और शासन के प्रति न होकर सत्ताधारी राजनैतिक दलों के अनुरूप होती चली गई। कदाचित इसी परिस्थिति के चलते राजस्व विभाग के कर्मचारी जनता से कटते चले गए और आज ऐसी स्थिति में पहुंच गए हैं कि गांव के लेखपाल को अपने तैनाती स्थल पर जाकर भूमि की नाप जैसे मूलभूत कार्य करने के दौरान भी विरोध का सामना करना पड़ता है ।

ऐसे में शासन का यह निर्णय इस विभाग के कार्मिकों के लिए एक नई पहचान स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। बशर्ते कार्मिक पोशाक की गरिमा को बरकरार रखकर सावधानी और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे अन्यथा कई अन्य बदनाम वर्दियों में एक और नई वर्दी का नाम भी शामिल हो सकता है।

## सोशल फोरम

# संक्षिप्तीकरण के संकट

आजकल एआई (कृत्रिम बुद्धिमता) का उपयोग अक्सर दिखता है। जब कोई घटना होती है, जैसे हवाई दुर्घटना या पायलटों की हड़ताल, तब वही एआई एयर इंडिया हो जाता है। एआई के जमाने में एआई ने खबरों में धमाका कर दिया।

अमेरिका जाने वाली उड़ान में खाने के पैक में कॉकरोच निकला। इतना कार्रवाई के लिए काफी था, क्योंकि यह लापरवाही की हद है, लेकिन शिकायतकर्ता ने भी नाटक में दृश्य जोड़ दिया कि खाने से बच्चा बीमार हो गया। यह सब तो जांच से मालूम होगा कि कॉकरोच पहले दिखा या थोड़ा बहुत खाने के बाद, लेकिन एक घटना याद आती है।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

> आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

एक दमा का मरीज गंभीर हालत में वैद्य जी के पास गया। पल भर भी खांसी रुक नहीं रही थी। वैद्य जी अंदर घर में गए। वैद्य जी ने पत्नी से थोड़ा-सा गुड़ मांगा, हथेली पर रखकर उसे चूरा किया। कपड़ों वाला लकड़ी का बड़ा संदूक खोला। उसमें से तीन-चार कॉकरोच पकड़े, उनके पंख उखाड़कर फेंके और कॉकरोचों को गुड़ में मिलाकर मसल दिया। उस सामग्री से चार-पांच छोटी-छोटी गोलियां बनाईं। बाहर आए और एक-एक करके दस-पंद्रह मिनट के फासले से मरीज को वे गोलियां खिला दीं। आधा घंटा बीतते-बीतते मरीज की खांसी के साथ बलगम निकलने लगा। घंटे भर में उसे राहत मिल गई और उसके परिजन उसे लेकर वापस चले गए।

एक ओर गांव से बनारस तक की यात्रा में कॉकरोच की वजह बीमार आदमी को राहत मिल गई और दिल्ली से न्यूयॉर्क तक की यात्रा में कॉकरोच से बच्चा बीमार हो गया। तब सोशल मीडिया नहीं था। वैद्य जी के जादुई असर का व्यापक प्रचार नहीं हुआ। आज सोशल मीडिया है, जहाज की घटना का सोशल मीडिया से ही सब जगह प्रचार हुआ। माध्यम खुद बुरा नहीं होता, उपयोग अच्छा या बुरा होता है।

**- फेसबुक वॉल से**

# माइक्रोप्लास्टिक : पर्यावरण से मानव मस्तिष्क तक

हाल ही में मानव मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक के मौजूद होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ की ओर से प्रस्तुत किए गए एक शोध के अनुसार इंसानी दिमाग के ऊतकों में शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू मैक्सिको, ओक्लाहोमा स्टेट यूनिवर्सिटी एवं न्यू मैक्सिको ऑफिस ऑफ द मेडिकल इन्वेस्टिगेटर से जुड़े शोधकर्ताओं के द्वारा किया गया है। मानव शरीर में प्लास्टिक की मौजूदगी निस्संदेह गंभीर चिंता का विषय है।

आखिरकार हमारे शरीर में प्लास्टिक का प्रवेश कैसे संभव हुआ? इसका सीधा सा उत्तर है कि हमारे द्वारा अंतर्ग्रहण की जाने वाली वस्तुओं के माध्यम से ही प्लास्टिक का जहर हमारे भीतरी अंगों तक पहुंचा है। अब इन पदार्थों में भोजन, पानी एवं हवा तीनों शामिल हैं। शोध में यह पाया गया कि वर्ष 2016 एवं 2024 के बीच उपलब्ध नमूनों में समय के साथ माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा में तीव्र दर से वृद्धि हुई है। ऐसा पाया गया है कि वर्ष 2024 के नमूनों में वर्ष 2016 के नमूनों की तुलना में पचास प्रतिशत तक अधिक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी पाई गई। स्पष्ट है कि समय के साथ मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि मानव शरीर के अन्य अंगों जैसे रक्त, नसों, फेफड़े, किडनी, लीवर, अस्थि मज्जा, घुटने एवं कोहनी के जोड़ तथा प्रजनन अंगों में भी माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी के सबूत मिल चुके हैं। हालिया शोध में मनुष्य के मूत्र, वीर्य एवं स्तन के दूध तक में भी माइक्रोप्लास्टिक की उपस्थिति को प्रमाणित किया गया है। सर्वाधिक चिंताजनक बात यह है कि मस्तिष्क में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा बीस प्रतिशत तक अधिक पाई गई है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण के पीछे कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर शाहजहांपुर

> प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है।

हम अपने दैनिक जीवन पर गौर करें तो यह पाएंगे कि शायद ही कोई क्षेत्र अथवा पहलू ऐसा हो जो प्लास्टिक से अछूता रह गया हो। खाने-पीने, लिखने-पढ़ने, उठने-बैठने से लेकर घूमने-फिरने तक प्रत्येक गतिविधि में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक शामिल है, बल्कि अगर यह कहा जाए कि हमारा जीवन ही प्लास्टिकयुक्त हो चुका है तो इसमें कुछ भी गलत न होगा। प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। इंसानी शरीर में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी इसी का दुष्परिणाम है। प्लास्टिक आज के समय में भूमि, जल एवं वायु को प्रदूषित करने वाला सबसे बड़ा कारक है। महासागरों की सतह पर भी प्लास्टिक का ढेर जमा हो चुका है। भूमि पर तो जहां-तहां प्लास्टिक बिखरा ही हुआ है। मानव के द्वारा निष्कासित कचरे की कुल मात्रा का लगभग दस प्रतिशत प्लास्टिक कचरा है। प्लास्टिक का यह कचरा पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र एवं अंतिम रूप से मानव शरीर के लिए पूर्णतया घातक है। वर्तमान में माइक्रोप्लास्टिक की समस्या एक वैश्विक संकट का रूप ले चुकी है।

संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण संरक्षण एजेंसी के द्वारा वर्ष 2011 में प्लास्टिक का श्रेणी विभाजन किया गया था। इसमें 20 मिलीमीटर से अधिक आकार वाले प्लास्टिक को मैक्रोप्लास्टिक, 5 से 20 मिलीमीटर आकार वाले प्लास्टिक को मध्यम प्लास्टिक एवं 5 मिलीमीटर से कम आकार वाले प्लास्टिक को माइक्रोप्लास्टिक के अंतर्गत रखा गया है। आकार की सूक्ष्मता ही माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को और अधिक गंभीर रूप दे देती है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक के कण हवा, भोजन एवं पानी के माध्यम से बेहद सरलतापूर्वक मानव शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। शरीर के अंदर पहुंचकर ये कण रक्त के माध्यम से मानव मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। शरीर में पहुंचने के उपरांत माइक्रोप्लास्टिक कोशिकाओं की कार्यप्रणाली को बुरी तरह प्रभावित करता है। नतीजतन कैंसर जैसे रोग शरीर पर बड़ी तेजी से आक्रमण करते हैं। आज माइक्रोप्लास्टिक के कण विश्व में हर जगह मौजूद हैं। आखिरकार इस विकट समस्या का समाधान क्या है? इतना तो निश्चित है कि यदि समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए इसके निवारण पर विचार न किया गया तो भविष्य में यह समस्या मानव शरीर के लिए एक नितांत खतरनाक संकट उत्पन्न करेगी। आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक वर्ष अनेकों मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक महासागरों में प्रवाहित कर दिया जाता है। इसमें से अधिकांश मात्रा सूक्ष्म प्लास्टिक की होती है। महासागरों में दिन प्रतिदिन लगने वाला माइक्रोप्लास्टिक का ढेर महासागरीय तापमान में वृद्धि का एक प्रमुख कारण है।

माइक्रोप्लास्टिक के कारण जन्म लेती समस्याओं एवं चुनौतियों के निस्तारण हेतु व्यक्ति से लेकर विश्व तक प्रत्येक स्तर पर ठोस सुरक्षात्मक कदम उठाए जाने की महती आवश्यकता है। दरअसल माइक्रोप्लास्टिक जीवन की लगभग सभी प्रक्रियाओं से उत्पन्न हो रहा है। कपड़े धोने, गाड़ी चलाने से लेकर जटिल औद्योगिक गतिविधियों एवं प्लास्टिक की रीसाइक्लिंग तक से माइक्रोप्लास्टिक के कणों का जन्म हो रहा है। समुद्र की गहराइयों से लेकर पर्वत की चोटियों तक माइक्रोप्लास्टिक के कण पहुंच चुके हैं। यदि हम सब ने अभी से इस समस्या के निवारण हेतु ठोस कदम नहीं उठाए तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढियों इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# मानसिक तनाव मुक्त जीवन महत्वपूर्ण

जो खोल लेते दिल अपना यारों के साथ/ तो आज खोलना न पड़ता औजारों के साथ। एक ओपन हार्ट सर्जरी ऑपरेशन थिएटर के बाहर लिखी हुई ये पंक्तियां हृदय के स्वास्थ्य के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण कारक की ओर संकेत करती हैं। ये बताती हैं कि एक मानसिक तनाव-मुक्त जीवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बिंदु है। यदि हम मित्रों के साथ हंसते-बोलते रहेंगे, अपनी मानसिक परेशानियों को ऐसे लोगों के साथ साझा करते रहेंगे जो उन्हें समझ सकते हैं और हमें कुछ राहत पहुंचा सकते हैं, तो हमारा मानसिक तनाव कम रहेगा और इस बात का अच्छा प्रभाव हमारे हृदय पर पड़ेगा।



मानसिक तनाव से मुक्त रहने पर हमारा रक्तचाप कम रहता है। रक्तचाप कम रहने से हमारे दिल पर बोझ कम पड़ता है। अधिक रक्तचाप का अर्थ होता है - खून की नलियों का प्रतिरोध अधिक है और हृदय को अधिक दबाव के साथ खून को आगे फेंकना पड़ रहा है। लंबे समय तक ऐसा होने पर हृदय ढीला हो कर बढ़ जाता है और अपना कार्य अच्छी तरह से नहीं कर पता है। तब कन्जेस्टिव हार्ट फैलियर नामक बीमारी हो सकती है। रक्तचाप बढ़ने से दिमाग, आंखों, फेफड़ों अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण स्थान की नस फट सकती है और व्यक्ति को गंभीर हानि पहुंच सकती है।



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

विश्व हृदय दिवस पर मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हम स्वास्थ्य के सामान्य नियमों का पालन करते रहें, हम अपने मन में क्षोभ, क्रोध, असंतोष, हठ न रखें, हम अपने मन में प्रेम-भाव रखें। जीवन बहुत छोटा है यह प्रेम बांटने के लिए ही पर्याप्त नहीं है तो फिर हम मन की खराब भावनाओं के लिए समय कैसे निकाल सकते हैं? हमें नहीं मालूम है कि हमारी इस जीवन-यात्रा में हमारा पड़ाव कब आ जाए।

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ मेडिकल कॉलेज के मुझसे अनेक वर्ष जूनियर -जो अब एसजीपीजीआई में हृदय रोग विशेषज्ञ थे - की मृत्यु हो गई। क्या हम जानते हैं कि हम यहां पर कब तक के लिए हैं? तो हम यहां जब तक के लिए हैं, तब तक प्रेम, स्नेह और सेवा जैसे भावों से मन को आप्यायित रखें। जहां यह चीज अन्य लोगों को सुख पहुंचाएगी, वहीं यह हमारे अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत लाभदायक होगी। जीवन में जहां अन्य अनेक बातें महत्वपूर्ण हैं, वहीं ये बातें भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में इस बात को ऐसे कहा गया है ...क्रोधाद्भवति संमोहः संमोहात्स्मृतिविभ्रमः/ स्मृतिभ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात्प्रणश्यति।

## एक नजर

### पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की मांगी रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने सभी जिलों में पांच वर्ष में बने अंत्येष्टि स्थलों की सत्यापन रिपोर्ट मांगी है। इस क्रम में भदोही, इटावा, औरैया, चंदौली, शाहजहांपुर व झांसी ने रिपोर्ट उपलब्ध कराई है, जबकि शेष जिलों को दोबारा पत्र जारी किया गया है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण व प्रयोग की स्थिति का स्थलीय सत्यापन के लिए पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने सभी जिलों के जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र जारी किया था।

### आयुष पीजी की ऑनलाइन काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष कॉलेज में परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए यूपी आयुष पीजी की सोमवार 30 सितंबर से ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। 3 अक्टूबर तक पंजीकरण क साथ ही शुल्क व दस्तावेज जमा करने होंगे। यूनानी विभाग के निदेशक एवं नोडल अधिकारी प्रो. जमाल अख्तर ने बताया कि 04 अक्टूबर को मेरिट सूची जारी होगी। अभ्यर्थियों को 07 अक्टूबर तक कॉलेज की प्राथमिकताएं देनी होगी। उसी दिन रात को सीट आवंटन सूची जारी होगी और अगले दिन से नोडल सेंटर पर मूल दस्तावेज जमा कर कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक पूरी करनी होगी।

### आयुष यूजी में प्रथम चरण की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी आयुष यूजी की पहले चरण की मेरिट सूची रविवार देर शाम जारी कर दी गई है। होम्योपैथिक निदेशक एवं काउंसिलिंग के नोडल अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि इन्हें कल से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी। इसके बाद कॉलेजों में शुल्क जमाकर दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। स्नातक की 7,414 सीटों के लिए करीब नौ हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

### मनरेगा कर्मियों को मिला एक माह का वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राम्य विकास विभाग ने मनरेगा कर्मियों का बकाया वेतन देना शुरू कर दिया है। जिला व ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात कर्मियों को जून का वेतन उनके खातों में भेजा गया है। प्रदेश में संविदा और आउटसोर्स पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकरी, लेखा सहायक, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर व ग्राम रोजगार सेवक समेत 42 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। ज्यादातर को जून से वेतन नहीं मिला है। बरेली, बदायूं, कानपुर, वाराणसी, सहारनपुर समेत 40 जिलों में 20 से 24 माह से वेतन बकाया है। अमृत विचार ने 18 सितंबर को यह मुद्दा प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसका संज्ञान लेकर ग्राम्य विकास विभाग ने वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को कर्मियों के खातों में जून का वेतन भेजा गया है।

# बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त करेगी सरकार

## अक्टूबर से शुरू होगा मिशन शक्ति का 5वां चरण, 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का मिलेगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार अक्टूबर 2024 से मिशन शक्ति के पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रही है। मई 2025 तक चलने वाले इस चरण में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस दौरान 10 लाख बालिकाओं को आत्मरक्षा और जीवन कौशल का प्रशिक्षण मिलेगा। पीएम श्री योजना के तहत चयनित 167 विद्यालयों में में करियर काउंसलिंग के सत्र भी चलेंगे। इतना ही नहीं, योगी सरकार के निर्देश पर होने वाले कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित कर उनके स्वास्थ्य और विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने की राह आसान की जाएगी। साथ ही बालिका शिक्षा और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

**167** विद्यालयों में लगेगा मीना मेला

### बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, गुड-टच बैड-टच से परिचित होंगी बेटियां

प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों के नेतृत्व में 3 से 10 अक्टूबर तक विद्यालयों में बाल अधिकार, घरेलू हिंसा, यौन शोषण, छेड़छाड़ और गुड-टच, बैड-टच जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया जाएगा। बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।इसके साथ ही रैलियों और रोचक गतिविधियों के माध्यम से हेल्पलाइन नंबर और बाल विवाह के खतरों की जानकारी भी दी जाएगी।

### माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के बारे में किया जाएगा जागरूक

बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता और जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक किया जाएगा। केजीबीवी की 79,000 बालिकाओं के लिए जलवायु परिवर्तन पर विशेष सत्र आयोजित होंगे और 36,772 बालिकाओं में सेनेटरी पैड वितरित किए जाएंगे। अप्रैल-मई 2025 के दौरान बच्चों को से शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह और घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# पाठशाला में खेती की विधि बताएंगी कृषि सखी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाएं कृषि सखी के रूप में जैविक व कृषि पारिस्थितिकी खेती को बढ़ावा देंगी। विभाग ने किसानों की मदद के लिए 269 कार्यक्रमों के माध्यम से 7634 कृषि सखी को विशेष प्रशिक्षण दिया है। इनके कार्य रबी फसल से शुरू होंगे। यह साथ किसान पाठशाला में प्रतिभाग करके किसानों को खेती की विधि व योजनाएं बताएंगी। साथ ही प्रक्रिया कराकर लाभ दिलाएंगी। कृषि सखी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करेंगी। मिट्टी के नमूने लेकर परीक्षण कराकर किसानों को स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड भी बांटेंगी। इससे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय दोनों के उद्देश्य की पूर्ति होगी। शासन ने कृषि सखी के कार्य व मानदेय निर्धारित करके जिलों में आवंटित करने के निर्देश जारी किए हैं।

**सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व गोष्ठी में मिलेंगे 500 रुपये :** कृषि सखी को किसान पाठशाला, गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों में संबोधन पर 500 रुपये प्रति सत्र मिलेंगे। जबकि डिजिटल क्रॉप सर्वे में प्रति खसरा पांच रुपये व मिट्टी का नमूना एकत्र करना व परीक्षण के बाद स्वास्थ्य रिपोर्ट कार्ड बांटने पर 15 रुपये प्रति नमूना दिया जाएगा। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत संरक्षित खेती, जीरो जुताई, वर्मी कंपोस्ट पर प्रशिक्षण करने पर 400 रुपये प्रति पाठशाला प्रतिमाह दिया जाएगा।

**7634** कृषि सखी तैयार, तय हुए कार्य व मानदेय

### सम्मान निधि की कराएंगी ई-केवाईसी, फसल बीमा भी

कृषि सखी कृषि, उद्यान, पशुपालन, रेशम, भूगर्भ जल आदि विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। जो अब प्रधानमंत्री फसल बीमा का प्रचार प्रसार करके कराएंगी। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पंजीकरण और ई-केवाईसी कराएंगी। किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ बताकर बनवाएंगी। उपज का मूल्यांकन भी करेंगी।

# मंडल और जिला स्तर पर भी आयोजित होंगे ट्रेड शो

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का समापन, उद्यमियों को मिले करोड़ों के ऑर्डर

**5.5** लाख विजिटर्स का बना रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, ग्रेटर नोएडा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 की सफलता से खुश राज्य सरकार अब मंडल और जिला स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इंडिया एक्सपो मार्ट में रविवार को ट्रेड शो के रंगारंग समापन समारोह में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, हैंडलूम व टेक्सटाइल मंत्री राकेश सचान ने विभिन्न वर्गों में पुरस्कार जीतने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। कहा कि यह ट्रेड शो न केवल भारत बल्कि विश्व स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है।

पिछले साल के 3 लाख के मुकाबले इस साल ट्रेड शो में साढ़े 5 लाख से अधिक लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराकर नया रिकॉर्ड बनाया। देशी और विदेशी बायर्स से मिले करोड़ों के ऑर्डर और बिक्री ने सरकार और उद्यमियों दोनों का उत्साह बढ़ाया। अंत में पलाश सेन और यूफोरिया बैंड द्वारा एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति ने लोगों में रोमांच भर दिया। अगले वर्ष एक बार फिर 25 से 29 सितंबर को इसके तीसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा।

ट्रेड शो के आखिरी दिन हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रीति तिवारी ने कत्थक नृत्य नाटिका, जितेंद्र चौरसिया व टीम ने बुंदेली लोक गायन, देवेन्द्री शर्मा मंगलामुखी ने कथक नृत्य का प्रस्तुतिकरण किया।

### सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को किया गया पुरस्कार

अंतिम दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रत्येक हॉल में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार पाने वालों में अमेजन क्राफ्ट (संभल), मुगल ओवरसीज़ (मुरादाबाद), आरोग्य (गौतमबुद्ध नगर) प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों की नवाचार भावना को और भी उजागर किया। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के अध्यक्ष राकेश कुमार ने इवेंट को सफल बनाने में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।



ट्रेड शो में सर्वश्रेष्ठ स्टॉल की संचालिका को सम्मानित करते एमएसएमई मंत्री।

### बिरला एयरकॉन को 100, गुलाबी मीनाकारी को 5 करोड़ का ऑर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में करोड़ों के ऑर्डर पाकर एक्सपोर्ट कंपनियां बागबाग हैं। वाटर कूलर, डीप फ्रीजर, कॉमर्शियल रेफरेजेटर व इससे संबंधित उत्पादों का कारोबार करने वाली बिरला एयरकॉन को 100 करोड़ का ऑर्डर मिला। कंपनी के प्रबंध निदेशक पीके जैन ने कहा, हमने पिछले साल भी ट्रेड शो में अपना स्टॉल लगाया था, जब हमें 50 करोड़ के ऑर्डर मिले थे। बनारस की गुलाबी मीनाकारी को इस ट्रेड शो में पांच करोड़ का ऑर्डर मिला है। कारोबारी रोशन विश्व कर्मा ने बताया कि पिछले पांच दिनों के दौरान उन्हें पांच करोड़ के ऑर्डर मिल चुके हैं, इसमें एक रानी हार बनाने का भी ऑर्डर शामिल है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ है। मुरादाबाद में डैजल ग्लोलबल के प्रमुख अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि सरकार की यह शानदार पहल है। उन्होंने कहा कि शायद ही देश के दूसरे हिस्सों में इस तरह के ट्रेड शो आयोजित होते होंगे। उन्होंने कहा, ऐसे आयोजन से नए एन्टेरप्रिन्योर्स को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा, हमें यहां ग्राहक भी मिल रहे हैं और बड़े स्तर पर ऑर्डर भी मिल रहे हैं।

### गली ब्वाय से ग्लोबल हुए उद्यमी उम्मीद से अधिक मिले आर्डर

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** बरेली की अंजू की शिल्पकारी से सजे हैंडीक्राफ्ट और अपनी बुआ और बेटे के साथ लखनऊ से आई पल्लवी शर्मा की चिकनकारी विदेशियों को भा गई। ये पहली बार किसी ट्रेड शो में स्टाल लगाने आईं और उन्हें भूटान, श्रीलंका और दुबई से आर्डर मिल गए। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2024) में गली ब्वाय से ग्लोबल होने की कहानी सिर्फ अंजू व पल्लवी की नहीं है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के सपनों को नई उड़ान मिली है। बांस बरेली की पहचान को कायम रखने वाली बरेली की पिंकी दूसरी बार भी विदेशी खरीदार मिले हैं, लखनऊ के मो, फहीम और अकील की चिकनकारी इस बार भी विदेशियों को भाई। यही हाल पीलीभीत के के रिजवान की बांसुरी की रही, संभल के सहादत हुसैन का होर्न क्राफ्ट खूब पसंद आया। 2500 एग्जीबिटर्स और 350 विदेशी बायर्स के साथ ट्रेड शो में आए करीब पांच लाख आगंतुकों ने पांच दिनों में सैंकड़ों छोटे उद्यमियों के काम को न सिर्फ सराहा, बल्कि खरीदारी से उत्साह भी बढ़ाया। मुरादाबाद के कारोबारी वीरेश गोस्वामी कहते हैं कि उनका होम डिकोर और फर्नीचर का कारोबार को ट्रेड शो में आने से बहुत फायदा हुआ। 6 लाख तक के ऑर्डर मिल चुके हैं। 15 लाख तक की बुकिंग हुई है, जिसे आगे चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाएगा। फिरोजाबाद के ग्लास वेयर उद्यमी प्रतीश कुमार को पिछले ट्रेड शो के मुकाबले इस बार अधिक ऑर्डर मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं है। कहते हैं कि पांच दिनों में स्टॉल पर देशी-विदेशी कारोबारी आए। ऑर्डर बहुत ज्यादा मिला है, जबकि हमारा प्रोडक्शन उतना नहीं है। इस वजह से डिलीवरी में भी देरी होने की संभावना है। पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईं ग्रेटर नोएडा की उद्यमी गुरिंदर कौर ने बताया कि एक ही छत के नीचे उत्पाद बेचने की जगह तो मिली ही देशी-विदेशी कारोबारियों संग साझेदारी का भी मौका मिला।

# बलिया में रेल पलटाने की साजिश की जांच करेगी एटीएस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलिया में पटरियों के बीच पत्थर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच बलिया पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस के साथ अब एटीएस भी करेगी। एटीएस के पास कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश की जांच भी है।

बतादें कि शनिवार को बलिया जिले के बकुलहा-मांझी रेलवे स्टेशन के बीच पत्थर के बड़े टुकड़े से लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस का इंजन टकराया था। हालांकि लोको पायलट की सूझबूझ हादसा टल गया।

# त्योहारों से पहले प्रदेश की 92 सड़कों की होगी मरम्मत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत की नजर से उत्तर प्रदेश की 627 ऐसी सड़कों को चिन्हित किया है जो पर्व व त्यौहार के दौरान महत्वपूर्ण होती हैं। इन सड़कों की लंबाई 8861 किमी. है। इसमें से 912 किमी में 92 सड़कें ऐसी हैं, जिनकी स्थिति संतोषजनक नहीं है।

चिन्हित सड़कें ऐसी हैं जिन पर प्रमुख मंदिर, आस्था के स्थल हैं। प्रमुख बाजार वाले मार्ग हैं जहां पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ होती है। दरअसल, हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. की क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने की समीक्षा की थी। मुख्यमंत्री ने हिदायत दी थी कि त्योहारों से पूर्व सभी क्षतिग्रस्त सड़कें ठीक हो जाएं। इसके बाद निर्माण विभाग सड़कों की मरम्मत करने के अभियान में जुटा है।

# आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से रहें सावधान : मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस व भाजपा से सावधान रहने की जरूरत है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि कांग्रेस में जब अभी सब कुछ ठीक नहीं है तो आगे क्या होगा। ऐसे में अनुसूचित वर्ग कांग्रेस व भाजपा को अपना वोट देकर इसे खराब न करें। मतदाताओं को बहकावे आदि में नहीं आना चाहिए।

# कोर्ट में पेश करें अभियुक्त का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास

## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद डीजीपी ने फिर जारी की गाइड लाइन. अधिकारियों को लिखा पत्र

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद उप्र पुलिस ने अभियुक्तों का त्रुटिहीन आपराधिक इतिहास न्यायालयों के समक्ष उपलब्ध कराने को लेकर डीजीपी ने गाइडलाइन जारी की है। डीजीपी ने एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी को पत्र लिखते हुए कहा कि 2015 से 2024 तक इस सिलसिले में कई दिशानिर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। डीजीपी ने यह गाइडलाइन सुप्रीम कोर्ट में डीएसपी के व्यक्तिगत रूप से तलब होकर माफी मांगने बाद लिखा।

बता दें कि विशेष अनुज्ञा याचिका अश्वनी कुमार बनाम उप्र राज्य मामले में अभियुक्त अश्वनी कुमार के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुलिस द्वारा 05 आपराधिक प्रकरण दर्शाते हुए आपराधिक इतिहास प्रस्तुत किया गया था। इसमें उल्लिखित चार अभियोगों में पुलिस द्वारा ही अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनमें अंतिम रिपोर्ट लगाई जा चुकी हो, को आपराधिक इतिहास के रूप में कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है? नाराजगी के बाद संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर माफी मांगनी पड़ी।

न्यायालय ने मौखिक रूप से देखा कि उप्र. के कई मामलों में पुलिस अधिकारियों द्वारा राज्य के हलफनामे पर वर्तमान स्थिति का खुलासा किए बिना आपराधिक पृष्ठभूमि दे दी गई है। न्यायालय ने राज्य से सवाल पूछा था, कि क्या यूपी राज्य द्वारा बनाए गए डिजिटल रिकॉर्ड में किसी अपराधी के आपराधिक इतिहास को दिखाने की व्यवस्था है ?

राज्य पोर्टल पर ऐसे अपराधों की स्थिति नियमित रूप से अपडेट की जाती है अथवा नहीं ? क्या पुलिस स्टेशनों को कोई निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत किसी भी मामले में न्यायालयों के समक्ष कोई हलफनामा दाखिल करने वाले अधिकारियों को अद्यतन स्थिति के साथ अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को रिकॉर्ड पर रखा गया हो।

# बसे घरों को गिराकर भाजपाइयों को सुख मिलता है : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि बसे-बसाये घरों को गिराकर भाजपाईयों को सुख मिलता है। हर गिरते घर के साथ भाजपा और भी नीचे गिरती जा रही है।

सपा प्रमुख ने रविवार को फर्रूखाबाद के ग्राम उखरा में वर्षों से रह रहे 25 गरीब परिवारों के घरों पर बुलडोजर चलाने पर कहा कि गरीब परिवारों को उजाड़ने की भाजपा सरकार की यह कार्रवाई बेहद निन्दनीय है।

## वर्ग पहेली-207

**बाएं से दाएं**

2. 1. बढ़िया और महीन कपड़ा 2. सन या तीसी के रेशे से बना कपड़ा; क्षौम-वस्त्र 3. उत्तरीय, दुपट्टा।

3. 1. युग का निर्माता 2. युग का सूत्रपात करने वाला।

4. लखनऊ का, लखनऊ से संबंधित।

6. 1. नायक 2. गणेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. जमोगने अर्थात स्वीकार करने की क्रिया 2. किसी दूसरे की बात का किसी तीसरे के द्वारा समर्थन 3. चित्रकला में बेल-बूटे आदि को एक-दूसरे से नियत दूरी और अपने-अपने ठीक स्थान पर बैठाने की क्रिया या भाव 4. सामने का निश्चय, तसदीक 5. ऋण चुकाने की एक प्रथा जिसमें ऋणी व्यक्ति अपने ऋण का भार किसी और पर डाल देता है।

2. जो दुविधा रहित हो, जिसे कोई दुविधा न हो, असमंजस न हो।

4. 1. दो व्यक्तियों या दलों का परस्पर झगड़ा या घात-प्रतिघात करना 2. बहस या तकरार करना 3. कुश्ती या खेल-कूद में मुकाबला करना 4. दो व्यक्तियों या वस्तुओं का आपस में टकराना।

5. 1. पंक्ति, कतार 2. रास्ता, मार्ग, सड़क 3. बाज़ार, हाट 4. सूर्य के भ्रमण का मार्ग 5. (पुरातत्व) भवन में आने-जाने के लिए लता।




### वर्ग पहेली-206 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ड़ा | | | 2 वि | |
| | | 3 ह | ठ | यो | ग |
| 4 पा | | | | ज | |
| 5 षा | ण् | 6 मा | सि | क | |
| ण | | ल | | | 7 रे |
| म | | 8 वि | ला | य | त |
| णि | | का | | | ना |

## सुडोकू-120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 4 | 1 | | | |
| | 3 | | | | 2 | | 7 | 4 |
| | | | | 3 | | 8 | | |
| | 9 | | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | 1 | | | | 7 | | 3 |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 3 | | 6 | | | | |
| 5 | 1 | | 7 | | | | 9 | |
| | | | 4 | 1 | | 3 | 2 | 7 |

### सुडोकू - 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 19.06 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** – आज आप दोस्तों के साथ गेम्स में काफी रुचि ले सकते हैं। रचनात्मक विचारों के कारण लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। साझेदारों के साथ के मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में अचानक धन लाभ हो सकता है। संतान के करियर की चिंता दूर होगी।

**वृष** – आज अपने निजी कार्य दूसरों के विश्वास में न छोड़ें। संपत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर विवाद हो सकता है। धन को लेकर किसी से वायदा न करें। यदि काम पर आप एकाग्र नहीं हो पा रहे हैं तो आपको कुछ नया सीखने का प्रयास करना चाहिए।

**मिथुन** – आज व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। निजी संबंधों की समस्या को सुलझा लेंगे। समाज सेवा में आप काफी सहभागी रहेंगे। आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहेगी। यदि आप जॉब बदलना चाह रहे हैं तो दिन विशेष रूप से अनुकूल है।

**कर्क** – आज आप अपनी ही बातों में उलझ जाते हैं। काम समय पर होने के कारण आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के कारण आपके काम में कुछ परेशानियां आ सकती है। अपरिचित लोगों से अपनी निजी बातें शेयर न करें।

**सिंह** – आज अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट्स से जुड़े हुए लोगों को बहुत बड़ी सफलता मिल सकती है। परिवार को भी आप पर्याप्त समय देंगे। छोटे कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यकलापों और मंत्र आदि में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** – आज अपने शत्रुओं को कमजोर समझने की गलती न करें। घर में किसी बात के कारण आपके ऊपर दबाव बन सकता है। किसी अपने के व्यवहार से आपका हृदय दुखी होगा। छात्र अपने करियर को लेकर थोड़े भ्रमित हो सकते हैं।

**तुला** – आज नई पॉलिसी में धन निवेशित कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन प्रेम और रोमांस से भरपूर रहने वाला है। होटल और पर्यटन से जुड़े कारोबार में आय काफी तेजी से बढ़ने की संभावना है। नौकरी में स्थान-परिवर्तन करने के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** – आज आप अपने सहकर्मियों और विरोधियों के ऊपर काफी हावी रहेंगे। कई दिनों से चला आ रहा तनाव दूर होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में लोग आपका काफी सम्मान करेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**धनु** – आज सरकारी अधिकारियों के लिए सुकून दायक हो सकता है। आपके सुझावों से बांकी लोगों को काफी अच्छा लाभ होगा। बच्चों के साथ खेलकूद का आनंद लेंगे। शत्रु आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास करेंगे पर सफल नहीं होंगे।

**मकर** – आज अत्यधिक मेहनत वाले कार्यों से बचना चाहिए। आपको अपनी छवि की काफी चिंता रहेगी। यात्रा के दौरान सावधानी रखें। अपनी कमजोरियों पर पर्दा न डालें। कार्यक्षेत्र में आपकी इच्छानुसार काम नहीं हो रहे हैं।

**कुंभ** – आज शुभचिंतक आपको अच्छी सलाह देने का प्रयास करेंगे। कारोबार में विस्तार करने के लिए अच्छा समय है। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास और मजबूती बढ़ेगी। आप अपने लक्ष्य को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मीन** – आज जॉब में आपके ऊपर जिम्मेदारी का दबाव बढ़ेगा, लेकिन आप सब आसानी से संभाल लेंगे। विरोधी आपके हितैषियों से आपकी आलोचना कर सकते हैं। अति आत्मविश्वासी रवैये से आपको बचना चाहिए।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा 06.19 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कुदरत का कानून – सुबह : 09.55
- सर्कस – रात : 07.45

&pictures
- खूंखार – सुबह : 11.06
- वेलकम बैक – रात : 08.00

SONY PIX
- रैमपेज – दोपहर : 12.01
- वंडर वूमैन – रात : 08.45

ZEE CINEMA
- एनकाउंटर शंकर – सुबह : 11.29
- दबंग – रात : 08.00

ZEE ACTION
- खिलाड़ी – सुबह : 10.54
- विश्वात्मा – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- अगर मुझे लाटरी लगी तो तुम क्या करोगी?
पत्नी- आधे पैसे लेकर हमेशा के लिए मायके चली जाउंगी। मैं भी खुश और आप भी खुश।
पति- 100 रुपये की लगी है, ये ले 50 और निकल ले।

चंपकलाल दारू पीकर अपने घर गया और दरवाजा खटखटाया।
पत्नी ने दरवाजा खोला।
चंपकलाल ने पूछा- तू कौन है और मेरे घर में क्या कर रही है?
पत्नी ने कहा - मुझे ही भूल गए?
चंपकलाल बोला - दारू पीकर आदमी हर गम भूल जाता है।

## एक नजर

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**मौदहा(हमीरपुर)।** नगर के मराठीपुरा निवासी रामफल साहू का घर कोतवाली से लगभग 200 मीटर की दूरी में मुख्य मार्ग पर स्थित है। शनिवार की रात उसकी बाइक घर के बाहर खड़ी हुई थी। चोर आधी रात में बाइक चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर उसे चोरी हो जाने की जानकारी हुई। उसने घर के पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो दो युवक उसकी बाइक चोरी कर ले जाते दिखाई दे रहे हैं।

### रंजिश के चलते युवती को ले जाने का किया प्रयास

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना मौदहा के मांचा गांव निवासी सुशीला ने तहरीर देते हुए बताया कि थाना बिवांर के मसगवां गांव में मायके में पुत्री के साथ श्राद्ध में शामिल होने के लिए आई थी। शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे वाहन से रोहारी गांव निवासी शिवम के साथ मसगांव निवासी सुमित, साजन, जगतराम व रंजीत आए और महिला की पुत्री अंजली को पकड़कर खींचते हुए कार की तरफ ले जाने लगे हैं। इस पर अंजली के मामा रामरतन ने बीच बचाव करने पर उसे जमकर मारापीटा। महिला ने उसी समय यूपी 112 नंबर पर फोन कर सूचना दी। पुलिस को देखकर कार सवार युवक जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गए हैं।

### 135 करोड़ की लागत से 40 क्यूसेक क्षमता की पंप कैनाल का होगा निर्माण

# किसानों के लिए जल्द ही एक और लिफ्ट कैनाल का तोहफा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सूखे बुंदेलखंड क्षेत्र को एक और लिफ्ट पंप कैनाल का तोहफा मिला है। 135 करोड़ की लागत से 40 क्यूसेक क्षमता की पंप कैनाल का निर्माण होना है। 18 किलोमीटर लंबी इस पंप कैनाल से कुल 1700 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। हालांकि इस पंप कैनाल से सबसे अधिक फायदा बांदा जनपद के 17 गांवों के किसानों को मिलेगा। जबकि हमीरपुर जिले का एक गांव इस पंप कैनाल से जोड़ा गया है।

सदर तहसील के सुमेरपुर क्षेत्र में स्थित यमुना नदी के दाएं तट पर विंध्यवासिनी भौंरा डांडा पंप कैनाल परियोजना को जल्द ही शासन से हरी झंडी मिलने की उम्मीद है। 40 क्यूसेक क्षमता की इस पंप कैनाल में 135 करोड़ की लागत आएगी और यह 18 किलोमीटर लंबी होगी। इससे 1700 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। इससे जनपद का एक व बांदा जनपद के 17 गांवों को जोड़ा गया है। इस परियोजना को अमली जामा पहनाने में जल शक्ति राज्यमंत्री व जिले कें प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद का बड़ा योगदान माना जा रहा है। उन्हीं के प्रयासों से नहर योजना की घोषणा की गई है। परियोजना का गठन लघु डाल नहर उपखंड द्वितीय ने किया है। जिसका प्रोजेक्ट जूनियर इंजीनियर धर्मेंद्र कुशवाहा ने तैयार किया है। लिफ्ट कैनाल के बनने से जिले के भौंरा डांडा गांव सहित बांदा के जसपुरा क्षेत्र के रामपुर, जसपुरा, पैलानी, नारायण, बुधेड़ा, मवई घाट, गाजीपुर, तन्गामऊ, झंझरीपुरवा, कानाखेड़ा, सोनामाऊ, बडागांव, गौरी खुर्द, नरौली आदि गांवों की 1700 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।


भौंरा डांडा गांव में निरीक्षण करते विभागीय अधिकारी। अमृत विचार

**17** सौ हेक्टेयर भूमि की होगी सिंचाई

"परियोजना की स्वीकृति अभी शासन स्तर से नहीं मिली है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कराया जाएगा। कहा कि करीब 135 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कराया जाएगा। जिसकी क्षमता 40 क्यूसेक होगी। इससे बांदा जनपद के 17 गांव व हमीरपुर के एक गांव को लाभ मिलेगा।

**शरद चौहान, अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर।**

विंध्यवासिनी भौंरा डांडा परियोजना की स्वीकृति जल्द ही मिलेगी। जिसकी सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। इस परियोजना के तैयार होने से 1700 हेक्टेयर भूमि में अतिरिक्त सिंचाई हो सकेगी।

**रामकेश निषाद, जल शक्ति राज्यमंत्री।**

## पति से विवाद के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

**राठ (हमीरपुर)।** पति से विवाद होने पर पत्नी ने फांसी लगा ली। जब तक परिजनों ने देखा महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी बिंदवती (32) पत्नी भवानीदीन प्रजापति का किसी बात को लेकर अपने पति से कहासुनी हो गई। आक्रोश में आकर महिला ने कमरे में फांसी लगा ली। जब परिजनों और पड़ोसियों ने फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। महिला के परिजनों ने बताया कि बिंदवती का विवाह बीते करीब 14 साल पहले कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी भवानीदीन प्रजापति के साथ हुआ था। कोतवाल ने बताया शव का पोस्टमार्टम हो रहा है।


बिंदवती।

# बेटी के जन्मदिन के दिन करंट लगने से मां की मौत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- पंखे का प्लग लगाते समय खिड़की में उतरे करंट की चपेट में आने से हुआ हादसा
- 1 साल की बेटी का मनाया जा रहा था पहला जन्मदिन, देर रात हुई दुर्घटना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मिहुना गांव में बेटी का पहला जन्मदिन मनाने के दौरान मां पंखे का प्लग लगाते समय जंगले (खिड़की) में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई। जिसे गंभीर हालत में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिहुना गांव निवासी विकास यादव की पुत्री बिट्टो का शनिवार की शाम प्रथम जन्मदिन मनाया जा रहा था। विकास की पत्नी कल्पना (24) बेटी के जन्मदिन के कार्यक्रम में लगी हुई थी। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रात करीब 11:30 बजे बरामदे में पति के लेटने के लिए जब वह पंखे का प्लग लगा रही थी।

तभी जंगले में उतर रहे करंट की चपेट में आ गई और बेहोश होकर गिर पड़ी। उसकी चीख सुनकर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के भाई जलालपुर थाना क्षेत्र के सुठार गांव निवासी अरविंद ने बताया कि कल्पना उनकी अकेली बहन थी और 2021 में उसकी शादी विकास के साथ हुई थी। उनकी पहली बेटी का पहला जन्मदिन मनाने के दौरान यह घटना हो गई।


कल्पना।

# पड़ोसी युवक ने महिला से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- रात में ही परिजनों ने दुष्कर्मी को पकड़कर पुलिस को बुलाया, पुलिस ले साथ ले गई

**अमृत विचार।** जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पड़ोस में महिला के घर दीवार फांद कर घुस गया। वहां सो रही महिला को दबोच दुष्कर्म कर डाला। इस बीच दूसरे कमरे में सो रहे पति ने आपत्तिजनक स्थिति में देख शोर मचा कर परिजनों को बुला आरोपी को कमरे में बंद कर वीडियो बना लिया और यूपी 112 पुलिस को बुलाकर उनके हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे अपने बच्चों के साथ घर के आंगन में टीनशेड के नीचे सो रही थी। पीड़िता का आरोप है कि तभी पड़ोसी सूर्यांश द्विवेदी शौचालय की छत से चुपचाप आंगन में कूद आया और उसका मुंह दबाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने लगा।

उसी समय दूसरे कमरे में लेटे पति लघुशंका के लिए उठे तो आरोपी युवक को आपत्तिजनक अवस्था में देख शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन आ गए उन लोगों ने मिलकर आरोपी को कमरे के अंदर बंद कर दिया। परिजनों ने आरोपी युवक का वीडियो भी बना लिया और यूपी 112 पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को ले गई है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राठ पनवाड़ी मार्ग पर नौहाई गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।


चंद्रभान।

जानकारी के अनुसार महोबा जनपद के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के तुर्रा शेरगढ़ गांव निवासी चंद्रभान (45) पुत्र भागीरथ राठ कस्बे के बाराखंबा मोहल्ला में अपनी पुत्री नेहा का निर्माणाधीन मकान देखने के लिए आया हुआ था। वापस अपने गांव तुर्रा शेरगढ़ जाते समय राठ पनवाड़ी मार्ग पर नौहाई गांव के पास तुलसी फैक्ट्री के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया चंद्रभान खेती कर अपने परिवार का गुजर बसर करता था। कोतवाल ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

- पुत्री के नवनिर्मित मकान को देखकर वापस लौट रहा था गांव
- युवक खेती कर अपने परिवार का करता था गुजर-बसर


स्टेशन मार्ग में लगा जाम। अमृत विचार

### सवारियों को लेकर भिड़े ऑटो और ई रिक्शा चालक

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के स्टेशन मार्ग में मुख्यालय समेत अन्य मार्गों में सवारियां ले जाने के लिए ऑटो चालकों के स्टेशन पहुंचने पर सुबह बवाल होते-होते बचा। ई रिक्शा चालकों एवं ऑटो चालकों के मध्य सवारियां बैठाने को लेकर जमकर हाथापाई हुई और स्टेशन मार्ग में जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने ऑटो चालकों को स्टेशन न जाने की सख्त हिदायत भी दे रखी है। इसके बाद भी कुछ ऑटो चालक दबंगई दिखाते हुए स्टेशन पहुंच जाते हैं। आज सुबह कानपुर से मानिकपुर तथा खजुराहो से कानपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन आने के दौरान ऐसा ही वाकया हुआ। कुछ ऑटो चालक स्टेशन के बाहर मार्ग पर खड़े होकर हमीरपुर आदि जगहों की सवारियां बैठाने लगे। जिसका ई-रिक्शा संघ ने विरोध किया। इस पर ऑटो चालक गाली गलौज करने लगे और हाथापाई पर उतर आये। विरोध स्वरूप ई रिक्शा संघ भी मारपीट में उतारू हो गया। इससे स्टेशन मार्ग में जाम की स्थिति बन गई। कुछ लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ।

## सार-संक्षेप


आरोग्य मेले में मौजूद चिकित्सक व आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 323 मरीजों की जांची सेहत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 323 मरीजों का उपचार किया गया। बारिश के चलते मरीजों की संख्या कम रही। शासन के निर्देशानुसार रविवार को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा मौहर, कलौलीजार, पचखुरा बुजुर्ग, पत्योरा, पौथिया, बिदोखर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 323 मरीजों का उपचार किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. परवेज अहमद कादरी ने बताया कि मौहर में 44, कलौलीजार में 40, पचखुरा बुजुर्ग में 44, पत्योरा में 92, पौथिया में 23, विदोखर में 35 मरीजों को उपचार किया गया। उन्होंने बताया कि सुबह से रुक रुककर बारिश होने के कारण इस बार सभी जगह पर मरीजों की संख्या कम रही है।


आग से जला पशुबाड़ा। अमृत विचार

### पशुबाड़े में आग लगने से 6 बकरियां जलकर मरीं

**बिवांर (हमीरपुर)।** बिवांर थाना क्षेत्र के भरखरी गांव में शनिवार की देर रात पशु बाड़े में आग लगने से आधा दर्जन बकरियों की जलकर मौत हो गई। दो भैंस भी झुलस गई हैं। भरखरी गांव निवासी मूलचंद्र प्रजापति ने बताया कि पशुबाड़े मां शनिवार की देर रात मच्छर भगाने को लेकर किए गए आग जलाई थी। आग से उठी चिंगारी से पशुबाड़े में आग लग गई। घटना के वक्त वह परिवार के साथ अपने घर में सोया हुआ था। पशुबाड़े में बकरियां और भैंस अलग-अलग बंधी हुई थी। मौसम में नमी होने के बावजूद घास-फूस के छप्पर की वजह से आग तेजी से फैली और देखते ही देखते पशुबाड़े को चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने में आधा दर्जन बकरियों की जलकर मौत हो गई। जबकि दो भैंस भी मामूली रूप से झुलस गईं है। देर रात ग्रामीणों ने पशुबाड़े से आग की लपटें उठती देखीं तो शोर मचाया। देर रात दमकल दस्ता भी गांव पहुंच गया। जिसके बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका। आग से आधा दर्जन बकरियों के साथ दो भैंसें भी झुलस गईं।

### लोगों के लिए मुसीबत बनी स्टेशन मार्ग की पुलिया

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से स्टेशन को गई सड़क में तिराहा के पास बनी पुलिया राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। इसमें किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। विगत कई महीनों से नगर पंचायत ने कस्बे के स्टेशन मार्ग में इंटरलॉकिंग का कार्य पूर्ण कराया है। इस कार्य के साथ पुलिया निर्माण भी होना था। लेकिन कार्यदायी संस्था ने एक साइड से पुलिया को खोलकर छोड़ दिया है। इससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्टेशन मार्ग निवासी अभिषेक शिवहरे, गोपाल मिश्रा, गुड्डू कुशवाहा, राम सिंह, शिव गोपाल यादव आदि ने बताया की पुलिया के खुला छोड़ देने से राहगीरों को रात में आने जाने पर खतरा है। साथ ही वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। नगर पंचायत के ईओ दिनेश आर्य ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। सोमवार को वह मौके पर जाकर देखेंगे और समस्या का समाधान कराएंगे।


स्टेशन मार्ग में क्षतिग्रस्त पुलिया। अमृत विचार

# विद्युत विभाग ने 15 बकाएदारों के काटे कनेक्शन, वसूला बिल

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग द्वारा कस्बे में सख्ती के साथ विद्युत चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते बकाया विद्युत बिल वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने का काम किया जा रहा।

रविवार को भी कस्बे में विद्युत चेकिंग व शिविर का आयोजन एसडीओ हरिश्चन्द्र वर्मा की अगुवाई में हुआ। जिसमें कस्बे के एक इंटर कॉलेज व विद्युत सब स्टेशन में शिविर का भी आयोजन किया गया। एसडीओ हरिश्चन्द्र वर्मा ने बताया कि रविवार को कस्बे के करीब 65 उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच की गई। साथ ही 2.90 लाख रुपये बकाया विद्युत बिल भी उपभोक्ताओं से जमा करवाया गया। 15 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए है। जेई अभिषेक साहू ने बताया कि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए शिविरों का आयोजन किया गया है। ताकि समयाभाव के चलते जो उपभोक्ता मुख्यालय जाकर अपने बिल का समायोजन नहीं करवा पाते है। वह यही पर बिल सुधार करवा कर अपने कटने वाले कनेक्शन से मुक्ति पा सकते है। टीम में सरदार, अब्दुल, मुबीन, ब्रजेश कुमार, कल्लू लाइनमैन, जसवंत, राजकुमार आदि मौजूद रहे।


कुरारा कस्बे में चेकिंग करती विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार

- 65 उपभोक्ताओं के मीटरों की हुई जांच, 2.90 लाख बकाया बिल वसूला
- विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे

## 2 दिनों से हो रही बारिश से तिल की फसलें हुई प्रभावित

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पिछले दो दिन से रुक रुककर हो रही बारिश ने तिल की फसल को बुरी तरह से प्रभावित किया है, जिससे किसान मायूस दिखाई दे रहे हैं। जो फसल खेतों में खड़ी है। उसमें कुछ गनीमत है। जो फसल काटकर खेतों में डाली गई है। उसके सड़ने की पूरी संभावना है।

घाघ की कहावत है कि हथिया पुरवाई पावै, लौट चौमासा लगावैं। यह कहावत अर्से बाद सच साबित हुई है। पितृ पक्ष के अंतिम पखवारे में हथिया नक्षत्र लगता है। यह मौजूदा समय में चल रहा है। मौसम में बदलाव के कारण पुरवाई बयार चल रही है। पुरवाई चलने से मौसम अचानक पलट गया है। मानसून की विदाई की बेला पर झमाझम बारिश का दौर चल रहा है। यह सब कुछ हथिया (हस्त) नक्षत्र में हो रहा है। दो दिन की झमाझम बारिश से तिल की फसल को तगड़ा झटका लगा है।


मेधावी छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# 32 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कान्य कुंज वैश्य समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में रविवार को नवम छात्र-छात्रा मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 32 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

शहर के मेरापुर मोहल्ला स्थित जेके पैलेस में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद के सदस्य रामगोपाल अंजान भुर्जी एवं विशिष्ट अतिथि अखंड पार्टी अध्यक्ष राठ से अरुण भोजवाल, मनीलेव अयोध्या, संतोष गुप्ता अयोध्या, मनोज गुप्ता पार्षद (कानपुर), संतोष कग्गड़ पूर्व पार्षद कानपुर आदि भुर्जी समाज के व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान समिति के माध्यम से 32 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समिति के अध्यक्ष रामखिलावन गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया।

**आपदा** खरीफ सीजन में तैयार तिल व धान की फसल पर छाया संकट, किसानों के माथे आईं चिंता की लकीरें

# बारिश के साथ तेज हवाओं ने तोड़ी किसानों की कमर

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही लगातार बारिश व तेज हवाओं के चलते धान की फसल जमींदोज हो गई। वहीं तिल की पकी फसल पर बारिश के पानी में भीग कर गिरने से सड़ने का खतरा मंडराने लगा है। जिससे किसान पैदावार को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं।

क्षेत्र में तीन दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश व तेज हवाओं से चारों तरफ़ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। इसमें कुरारा के केवीके में 80 एमएम बारिश रिकॉर्ड हुई है। लगातार बारिश होने से किसानों की रबी की बुआई लेट हो जाएगी। अगर यही हाल रहा तो 15 अक्टूबर से होने वाली दलहन व तिलहन की बुआई माह नवंबर में हो सकेगी। जिसके चलते उत्पादन पर असर पड़ेगा। वैसे भी क्षेत्र में ज्यादातर इलाके में काली मिट्टी वाली जमीन है।

इस काली मिट्टी में बारिश होने पर खेतों में पानी भरने के बावजूद भूगर्भ के नीचे कम जाता है। धूप निकलने पर करीब 15 दिन बाद ही जुताई हो पाती है। किसानों की तैयार खड़ी धान की फसल जमीन पर लेट गई है। वहीं खेतों में कटी पड़ी तिल की फसल सड़ने की कगार पर पहुंच रही हैं, जिस कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा सकती हैं।


बारिश व तेज हवा से जमींदोज हुई धान की फसल। अमृत विचार

### बारिश से सड़ रही तिल



भैंसापाली गांव के किसान राम रतन कुशवाहा ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से खेतों में कटी पड़ी तिल की फसल सड़ने लगी है। जिससे लागत निकालना मुश्किल हो जाएगा।

### लागत भी निकलना मुश्किल



जखेला गांव के किसान वीरेंद्र प्रजापति ने बताया कि 40 बीघे में धान की फसल लगाई है। तेज हवा व बारिश से फसल जमींदोज हो जाने से पैदावार में काफी कमी आएगी। जिससे काफी घाटा लगेगा। कहा पांच हजार रुपये प्रति बीघा लागत आई है।

### तहसील क्षेत्र में आंशिक रूप से 136 मकान हुए क्षतिग्रस्त

**मौदहा(हमीरपुर)।** बीते दिनों अतिवृष्टि व बाढ़ से तहसील क्षेत्र में आंशिक रूप से गिरे हुए मकान की संख्या फिलहाल 136 है। वहीं पूरी तरह ध्वस्त होने वाले मकान एक भी नहीं बताए जा रहे। इसका कारण स्पष्ट रूप से समझ में आ रहा है कि गांवां में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवासों की वजह से अब कच्चे मकान घट रहे है। उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने बताया कि घर गिरने का सर्वे कराया जा रहा है और शीघ्र ही इसकी रिपोर्ट तैयार कर भेज दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षकों द्वारा इनका सत्यापन भी कराया जा रहा है और अब क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को इसका गृह अनुदान भी दिया जाएगा।


कार्यालय नगर पंचायत पंचायत - गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्राकः / न0पा0 प0– गो0 / सामान्य (2024–25) दिनांकः

सूचना प्रकाशन
(पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत प्रकाशन)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पंचायत गोहाण्ड के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पंचायत गोहाण्ड का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मालती देवी पत्नी नागेंन्द्र सिंह | श्री संतराम पुत्र विरंची उर्फ विरंजी | राजेन्द्र नगर | 06 | 184 | पंजीकृत वसीयतनामा |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गोहाण्ड – हमीरपुर

# करंट लगने से 2 किसान भाइयों की मौत

## 2 झुलसे, खेत के किनारे लगे लोहे के तारों में उतरा करंट

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** किनारे लगे तारों को उठाकर खेत के अंदर जाते समय एक युवा किसान रविवार सुबह करंट की चपेट में आ गया। बचाने की कोशिश में उसके भाई की भी जान चली गई। दो अन्य युवक भी झुलस गए। परिजनों का आरोप है कि पास में लगे बिजली के खंभे में उतरे करंट से यह हादसा हुआ।

यह दुखद घटना मऊ थानांतर्गत बियावल ग्राम पंचायत के मजरे काशीनाथ का पुरवा की है। बताते हैं कि रविवार सुबह राजेंद्र निषाद (42) पुत्र बेनी माधव ने अपने मिर्च के खेत में जाने के लिए लोहे की तारों की बेड़ को उठाया तो करंट की चपेट में आ गया। यह देख पीछे आ रहा उसका भाई अशोक (41), पुत्र सोनू (25) और कमला प्रसाद (25) पुत्र रामअवतार भागकर वहां पहुंचे और जैसे ही राजेंद्र को छुआ, वे भी चिपक गए। किसी तरह लोगों ने सबको तारों से छुड़ाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने राजेंद्र और अशोक को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि दोनों युवकों की मौत करंट से हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।


इन तारों में उतरे करंट से भाइयों की गई जान। अमृत विचार

### रिपोर्ट बांदा भेजी गई : एसडीओ

एसडीओ मऊ शिवम गुप्ता ने बताया कि खेत के पास लगे दोनों खंभे सीमेंट के हैं। घटना की जानकारी विद्युत सुरक्षा निदेशालय बांदा को दे दी गई है। जांच की जाएगी। बिजली के खंभों के कारण घटना हुई होगी तो विभागीय मुआवजे के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**अन्ना मवेशियों से बचाव को लगाते हैं तार**

गांव-मजरों में अन्ना मवेशियों का आतंक किसी से छिपा नहीं। लहलहाती फसल को कब ये चर जाएं, कहा नहीं जा सकता। रात रात भर जागकर किसान फसलों की रखवाली करते हैं। बचाव के इंतजामात करते हैं। खेत के चारों ओर तार, बेड़ लगाकर मवेशियों को रोकने की जुगत करते हैं। इसी तरह के तार राजेंद्र ने भी अपने खेत में लगाए थे, जिसने उसकी और उसके भाई की जान ले ली। परिजनों ने बताया कि तार कसने के लिए इनको पास से निकले बिजली के खंभों से बांधा गया था, जिसमें उतरे करंट से मौत हुई हैं।


राजेंद्र।


अशोक



अस्पताल में भर्ती सोनू, कमला प्रसाद।

### तीन भाइयों में सिर्फ एक बचा

राजेंद्र, अशोक के अलावा परिवार में सबसे छोटा भाई दुर्गेश है। परिवार में सिर्फ एक भाई बचा। मृतक राजेंद्र का पुत्र सोनू भी हादसे में झुलसा है। इसके अलावा राजेंद्र के परिवार में पत्नी संगीता देवी, पुत्र अर्जुन और मुनीश हैं। अशोक के परिवार में पत्नी गेंदिया देवी के अलावा दो पुत्र अंकित, सचिन और पुत्रियां निशा और निराशा हैं। दो जवान बेटे खोने से मां मुखली का हाल बेहाल हो गया।

# जिला अस्पताल की चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ कराने की मांग

**चित्रकूट।** भाजपा के जिला सह संयोजक चंद्रमोहन द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जिले में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ कराने का अनुरोध किया है। पत्र में जिला अस्पताल में वेंटीलेटर मशीन, आईसीयू, एनआईसीयू, सीटी स्कैन मशीन, ईसीजी और अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके अलावा भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को जिला अस्पताल में कार्डियोलाजिस्ट, फिजीशियन, यूरोलाजिस्ट, न्यूरोलाजिस्ट, गैस्ट्रोलाजिस्ट और गुर्दा रोग विशेषज्ञों की तैनाती की आवश्यकता भी बताई है। बताया कि ऐसा होने पर महंगे उपचार से गरीब लोग बच सकेंगे।

# बांध का फाटक खोलने से पहले कराएं मुनादी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने रविवार को रसिन बांध की स्थिति देखी। एडीएम ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बांध के फाटक खोलने से पहले आसपास के गांवों में मुनादी जरूर करा दी जाए।

जिला मुख्यालय समेत अन्य जगहों पर बारिश हो रही है। इससे जलाशयों के जलस्तर में भारी वृद्धि हो रही है। बांधों में जलस्तर के मद्देनजर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इस पर नजर रखने की हिदायत दी। उनके निर्देश पर रविवार को अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम ने रसिन बांध का स्थलीय निरीक्षण किया। बांध की जल संग्रहण क्षमता का स्तर अधिकतम 142 मीटर निर्धारित है, जिसके सापेक्ष रविवार को इसका जलस्तर 141.30 मीटर तक पहुंच गया। इसमें लगातार बढ़ोत्तरी भी दर्ज की गई। निरीक्षण के समय एडीएम को सहायक अभियंता सर्वजीत कुमार ने बताया कि बांध के गेटों को खोले जाने की जरूरत पड़ सकती है। बांध का पानी बाणगंगा नदी के माध्यम से बागें नदी में समाहित होगा। इस पर अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि फाटक खोलने से पहले जो गांव और मजरे नदी के किनारे बसे हैं, उनमें मुनादी या अन्य माध्यमों से सुरक्षित रहने के लिए सूचना दे दें। बता दें कि कोई भी व्यक्ति अथवा मवेशी नदी के किनारे न जाने पाए। उन्होंने सहायक अभियंता को निर्देश दिए कि जलस्तर पर नजर रखें।


रसिन बांध का मुआयना करने पहुंचे एडीएम उमेश चंद्र निगम।

# यमुना में डूबा युवक, लापता

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** मछली पकड़ने गया युवक यमुना में डूब गया। समाचार भेजे जाने तक उसका पता नहीं चला। एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी। मऊ थाना क्षेत्र के सेसा सुबकरा गांव में रविवार की सुबह 9 बजे लल्ली (38) पुत्र फकीरे निषाद यमुना घाट पर मछली पकड़ने गया था। आशंका है कि इसी दौरान वह नदी में गिर गया। तहसीलदार विजय यादव, एसओ विनोद कुमार राय, लेखपाल संगम लाल ने स्थानीय मछुआरों से युवक की खोजबीन कराई पर पता नहीं लग सका।


घटनास्थल पर जानकारी लेते तहसीलदार विजय यादव।

# दिल्ली से आए परिवार की रही चर्चा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- सालों पहले पाकिस्तान से आया था परिवार
- पुलिस ने कहा, सबके पास हैं वैध कागजात

**अमृत विचार।** पाकिस्तान में रह चुका और अब भारत की नागरिकता पा चुका एक परिवार तीर्थक्षेत्र पहुंचा तो चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि ये लोग यहां घूमने आए हैं और इनके पास वैध कागजात हैं फिर भी अहतियातन नजर रखी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, तीर्थक्षेत्र आया यह परिवार वर्तमान समय में कोतवाली अंतर्गत संग्रामपुर गांव में रह रहा है। ब्राह्मण परिवार में मुखिया धर्मवीर के अलावा ननकी, चंद्रमा, प्रेमदास और बच्ची शामिल है। धर्मवीर ने बताया कि वे लोग पाकिस्तान के सिंध प्रांत अंतर्गत हैदराबाद में रहते थे और कई साल पहले वहां से भारत आ गए थे। वे और उनके जैसे कई परिवार फिलहाल दिल्ली में रह रहे हैं और इन सबको नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत भारत की नागरिकता भी मिल गई है। उसने बताया कि वह यहां तीर्थाटन के लिए आया है। एक समाजसेवी ने उनके रहने खाने का प्रबंध किया है। हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि रोजी रोजगार की वजह से वे लोग यहां पहुंचे हैं। एक साल पहले भी कई हिंदू परिवार चित्रकूट आए थे, जिनको पुलिस ने वापस भेज दिया था। इस संबंध में सीओ राजकमल ने बताया कि इस परिवार के पास वैध कागजात हैं। इसकी जांच हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक, ये लोग चित्रकूट दर्शन के लिए आए हैं।


दिल्ली से आया हिंदू परिवार।

# परिवार बचाने के लिए धैर्य और संयम आवश्यक

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** दास हनुमान मंदिर श्रीधर धाम में श्रीधाम वृंदावन के कथावाचक आचार्य मनीष भाई ने कहा कि परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। वृंदावन के कथावाचक मनीष भाई इन दिनों भव्य सहस्त्र श्रीहनुमान चालीसा पाठ एवम पितृ मोक्ष के लिए तीर्थक्षेत्र में भागवत कथा सुना रहे हैं। मनीष भाई ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि वहां आपका, इष्ट या गुरु का अपमान न हो। बताया कि भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती को पिता के घर जाने से अपमानित होने पर स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा। ध्रुव चरित्र की कथा से कथावाचक ने समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि से अपमानित होने पर भी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया। परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्तराज प्रह्लाद के कथानक के माध्यम से धर्म, त्याग, भक्ति तथा निस्पृहता आदि की चर्चा की। बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया। कथा के दौरान गायकों ने मनोहारी भजन प्रस्तुत किए।

# प्रभु के चरित्र का अनुसरण नहीं करते लोग

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी राजापुर के तत्वावधान में शनिवार रात से रामलीला मंचन की शुरुआत हुई। पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस मौके पर पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने इस बात पर चिंता जताई कि लीला का मंचन तो हर साल होता है पर लोग भगवान के चरित्र का अनुसरण नहीं करते।

रामलीला भवन में पहले दिन गंगाधर मिश्र, अयोध्या प्रसाद पांडेय, गंगा प्रसाद पांडेय और गौरव द्विवेदी ने विधिवत् मंत्रोच्चारण से लीला का शुभारंभ कराया। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने पूजा अर्चना के बाद उद्घाटन किया। कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा भी मौजूद रहे। भैरों प्रसाद ने कहा कि मनुष्य सत्संग या रामलीला मंचन का अनुकरण कर ले तो सुंदर समाज की स्थापना कर सकता है। हर व्यक्ति को कर्म के अनुसार ही फल मिलता है। रामलीला कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल ने बताया कि चित्रकूट तथा प्रांतीय कलाकार 18 दिवसीय रामलीला में अभिनय कर रहे हैं। रामलीला मंच की व्यवस्था में राजकुमार उपाध्याय, सोमनाथ अग्रवाल, मंटू अग्रहरि, अशोक द्विवेदी, अनिल मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, मोनू सोनकर, चमन लाल रैकवार आदि का सहयोग है।


उद्घाटन करने पहुंचे पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र। अमृत विचार

- पूर्व सांसद ने जताई चिंता तुलसी तीर्थ में शुरू हुई रामलीला


नवरात्र के संबंध में बैठक करते सीओ। अमृत विचार

# सीओ ने बैठक में दी हिदायत

संवाददाता,चित्रकूट

- कोतवाली परिसर में सीओ राजकमल ने ली बैठक

**अमृत विचार।** कोतवाली परिसर में रविवार को सीओ राजकमल ने नवरात्र को लेकर देवी प्रतिमा रखने वाले, बनाने वालों और डीजे वालों के साथ बैठक की। इसमें उनको सफाई, शांति, अग्निशमन आदि के साथ डीजे तेज न बजाने को लेकर सख्त हिदायत दी। बताया कि किसी समस्या पर कोतवाली के नंबरों पर संपर्क करें। इस दौरान नायब तहसीलदार मंगल यादव, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# आधार कार्ड बनवाने के लिए लोग परेशान

चित्रकूट। आधार बनवाने और संशोधन कराने के लिए लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। मुख्यालय में आधा दर्जन जगहों पर आधार कार्ड का काम हो रहा है लेकिन भारी भीड़ होने की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव-देहात से आने वाले लोगों को हो रही है। ये लोग सुबह आते हैं और देर शाम वापस जाते हैं। कई बार तो इनका काम भी नहीं होता। बैंकों के आसपास एक रुपये के फार्म को दस दस रुपये में बेचे जाने की शिकायते हैं। शनिवार को कुछ जगहों का हाल इस तरह रहा।


मुख्यालय के कालूपुर में बीएसएनएल में बन रहे आधार के लिए आई भीड़। अमृत विचार


नगर पालिका के सामने आर्यावर्त बैंक शाखा में आधार कार्ड बनवाने पहुंचे लोग।


बैंक ऑफ बड़ौदा पिपरावल पुल के पास आधार कार्ड के लिए परेशान लोग।


पंजाब नेशनल बैंक शाखा में लगी आधार कार्ड के लिए भीड़। अमृत विचार

# लिपिक का रिश्वत लेते वीडियो वायरल, निलंबन की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** बंदोबस्त अधिकारी कार्यालय के लिपिक का रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। मामले में तूल पकड़ा तो जिलाधिकारी ने इसकी जांच कराई और प्रथमदृष्टया मामला सही पाने पर निलंबन के लिए नियंत्रण अधिकारी को संस्तुति भेजी गई है। हालांकि 'अमृत विचार' वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

बीते दिनों एक लिपिक का कथित तौर पर रिश्वत लेते वीडियो चर्चा में है। बताया जाता है कि यह वीडियो बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी कार्यालय के कनिष्ठ सहायक सुशील कुमार जायसवाल का है। वीडियो चर्चा में आने के बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने इस संबंध में पोस्ट कर बताया कि इस संबंध में उप संचालक चकबंदी से जांच कराई गई। उनकी आख्या के अनुसार सुनील कुमार जायसवाल कनिष्ठ सहायक/रीडर न्यायालय बंदोबस्त अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार जांचोपरांत निलंबन के लिए नियंत्रक अधिकारी को संस्तुति भेजी जा रही है।

**आयोजन** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत परीक्षा

# सामान्य ज्ञान में मोनू और कोमल ने दिखाई प्रतिभा

संवाददात, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के तहत महात्मा ज्योतिबा राव फुले इंटर कालेज में ब्लाकस्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चों ने अपनी जानकारी के स्तर को बताया। मोनू और कोमल ने अपने सामान्य ज्ञान से लोगों को प्रभावित किया।

क्विज में 53 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों से 147 छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में स्क्रीनिंग परीक्षा में 25 बहुविकल्पीय प्रश्नों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 25 छात्र-छात्राओं को द्वितीय चरण में शामिल किया गया। प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में 50 में से 40 अंक मोनू कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया खादर एवं कोमल देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय खटवारा ने प्राप्त किए। जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अखिलेश कुमार पांडेय एवं ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी ने बच्चों की हौसलाफजाई की। आयोजन में छोटा प्रसाद सिंह, रामभरोसा यादव, सुशील कुमार राणा, अभिषेक सिंह आदि का सहयोग रहा।


होनहार बालिका को सामान्य ज्ञान की पुस्तक देकर सम्मानित करते अतिथि।

### जिलास्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे भाग

बीईओ ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व स्टेशनरी किट दी। 25 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और सामान्य ज्ञान की पुस्तक पुरस्कार में दी गई। ये विजेता बच्चे जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेंगे।


अतिथियों के साथ पुरस्कार पाने वाले बच्चे। अमृत विचार

### टीम नंबर एक रही अव्वल

25 छात्र-छात्राओं को पांच टीमों में विभाजित करते हुए 10 राउंड की क्विज की गई जिसमें प्रथम स्थान टीम नंबर एक को मिला। इसमें मोनू कुमार और कोमल देवी के अलावा सोमनाथ उच्च प्राथमिक विद्यालय रेरुआ के सोमनाथ, कंपोजिट विद्यालय बरिया के दुर्गेश कुमार एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय चोरहा बिनौरा के शुभम का प्रतिनिधित्व था।

# दस किलो गांजा बरामद, आरोपी हुआ गिरफ्तार

**चित्रकूट।** सरैंया पुलिस ने गांजे की तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। इससे दस किलो गांजा बरामद किया गया है। 29 सितंबर की सुबह चौकी प्रभारी श्यामदेव सिंह ने मुखबिर की सूचना पर मुस्लिमपुर रोड सरैंया के पास से आरोपी मुकेश कुमार वर्मा पुत्र योगेश निवासी बहादुरपुर थाना रसूलाबाद (कानपुर देहात) को गिरफ्तार किया। इसकी जामातलाशी से एक ट्राली बैग में 10 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, कड़ाई से पूंछताछ में इसने बताया कि वह यह गांजा सतना से लाया हैं व कानपुर ले जा रहा है। कुछ देर पहले ही मानिकपुर रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा से आया है और बस का इंतजार कर रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी विनोद यादव और आरक्षी राजमंगल बिंद शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### युवाओं ने की परिक्रमा पथ की सफाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** नियमित अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को परिक्रमा पथ की सफाई की। समिति के अध्यक्ष ब्रांड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन राकेश केशरवानी ने लोगों को प्रेरित किया कि वे स्वच्छता अभियान की शुरुआत अपने घर से करें। लोगों को पॉलीथिन के दुष्प्रभाव भी बताए गए।


परिक्रमा पथ की सफाई करते युवा।

### 5 अक्टूबर तक करें आवेदन

**चित्रकूट।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि खादी ग्रामोद्योग पुरस्कार योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा। उद्यमी या इकाइयां आवेदन पत्र पांच अक्टूबर तक कार्यालय में दे सकती हैं। इकाइयों का चयन शासन द्वारा गठित समिति करेगी।

### कच्चा घर ढहने से वृद्ध की मौत, पत्नी घायल

चित्रकूट। कोतवाली अंतर्गत रैपुरवामाफी गांव में भारी बारिश से एक कच्चे घर की छत भरभराकर गिर पड़ी। इससे वृद्ध मैयादीन (65) की मौत हो गई। उसकी पत्नी भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अश्विनी को मिली जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**चित्रकूट।** अखंड पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील गहलौत ने अश्विनी श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। श्रीवास्तव ने पत्रकारों के हितों की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया और कहा कि संगठन पत्रकारों के अधिकारों और सुरक्षा के लिए संघर्ष करेगा।

# रेलवे ट्रैक पर रखा पत्थर, किशोर को पुलिस ने पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, महोबा




ट्रैक पर व ट्रेन के आसपास छानबीन करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झांसी-मानिकपुर रेललाइन पर ग्राम सुकौरा के पास खेल-खेल में एक किशोर ने शनिवार को रेलवे ट्रैक पर पत्थर रख दिया। ट्रैक पर पत्थर रखा देख लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वहीं पशु चरा रहे किशोर को शनिवार को पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में किशोर ने पत्थर रखने की घटना स्वयं कुबूल की।

कबरई थाना क्षेत्र के ग्राम सुकौरा में झांसी मानिकपुर रेलवे ट्रैक के पोल नम्बर 1292/2 और 1293/3 के मध्य एक बड़ा आरसीसी पत्थर किशोर ने खेल-खेल में रख दिया, तभी ट्रेन नंबर 11801 झांसी प्रयागराज पैसेंजर का आना हुआ, लेकिन लोको पायलट ने पत्थर को देखते हुए अचानक इमजेंसी ब्रेक लगाते हुए गाड़ी रोक ली और एक बड़ा हादसे को टाल दिया। अचानक ब्रेक लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी करने पर ट्रैक पर पत्थर रखा देख सभी के होश उड़ गए। लोको पायलट द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तत्काल आरपीएफ और संबन्धित थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और सबसे पहले पत्थर को ट्रैक से हटाकर ट्रेन को गन्तव्य स्थान के लिए रवाना किया गया।

- झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर ग्राम सुकौरा के पास रखा था
- लोको पायलट ने ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन, हादसा टला

पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए आसपास के ग्रामीणों और चरवाहों से पूछताछ की। छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि एक किशोर संदिग्ध अवस्था में ट्रैक के पास मवेशी चराने के बाद लौट रहा था, जिस पर पुलिस टीम ने किशोर को पकड़कर पूछताछ की। उसने ट्रैक पर पत्थर रखने की बात बताई। सीओ सीटी दीपक दुबे ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखने वाला किशोर थाना कबरई के ग्राम रैवारा का निवासी है वह आएदिन रेलवे ट्रैक के आसपास मवेशी चराता है जिसे पकड़ लिया गया है और उसके खिलाफ धारा 327 बीएनएस और 150 रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर इस घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी पुलिस ने रेलवे ट्रैक की पैट्रोलिंग को बढ़ा दी है।

## शराब के नशे में आपस में भिड़े सीएचसी कर्मी

**सरीला(हमीरपुर)।** कस्बे की सीएचसी में तैनात 6 कर्मचारी शराब के नशे में धुत होकर आपस में भिड़ गए। सभी नशे की हालत में जमकर हंगामा किया।

कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी के नदारद होने पर वार्ड ब्वाय, फार्मासिस्ट, टीबी पर्यवेक्षक सहित आधा दर्जन स्वास्थ्यकर्मी शराब के नशे में धुत होकर आपस में भिड़ गए और जमकर मारपीट की। कर्मचारियों का तांडव देख इलाज कराने आए मरीजों में भगदड़ मच गई। कस्बे के लोग जब इन्हें शांत करने पहुंचे तो उनके साथ भी गाली-गलौज की। लोगों ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की है। प्रभारी चिकित्साधिकारी राहुल सचान ने हंगामा होने की सूचना मिलने की बात स्वीकारते हुए कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएमओ कार्यालय में नहीं होगा प्लास्टिक का उपयोग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पर्यावरण संरक्षक के प्रति सीएमओ ने दिलाई शपथ

**अमृत विचार।** अब सीएमओ कार्यालय में प्लास्टिक का प्रयोग नहीं किया जाएगा। पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत मुख्य चिकित्साधिकी डा. आशाराम ने अपने कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ग्रहण कराई है। शपथपत्र में हस्ताक्षर भी कराए हैं।

सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण की मंशा के तहत सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठानों में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने और उसे बचाने के लिए तमाम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएमओ कार्यालय में मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएमओ ने पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत डाक्टरों, हेल्थ वर्कर, स्टाफ नर्स सहित सभी स्वास्थ्य कमियों को शपथ ग्रहण कराई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए शपथपत्र पर सभी लोगों ने हस्ताक्षर भी किए। जिला अस्पताल और कार्यालयों में सिंगलयूज प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए रोक लगाए जाने की बात कही गई। कार्यक्रम के मौके पर सीएमओ ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण से नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होता है। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग परिवार के अलावा वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री बीके तिवारी, संयुक्त मीडिया क्लब के जिलाध्यक्ष भगवानदीन यादव, अमित श्रोतीय, एमआई खान आदि मौजूद थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत, बहन झुलसी

## छत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन में लोहे का पाइप छूने से हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, महोबा



करंट से झुलसे लोगों को ट्रैक्टर से अस्पताल ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी में छत पर रखी तिल की फसल को लोहे के पाइप से पलटाते समय अचानक पाइप ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को छू गया। इससे एक महिला और उसे बचाने के प्रयास में उसका पुत्र चिपक गया। भाई चीख सुनकर दौड़ी बहन भी करंट की चपेट में आकर बेहोश हो गई। लोगों ने बिजली लाइन बंद कराने के बाद तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां मां-बेटे की मौत हो गई जबकि बहन का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

थाना श्रीनगर के ग्राम सिजहरी निवासी रामबाई (60) पत्नी धरमजीत की छत से एचटी लाइन निकली है। किसान ने तिल की फसल कटने के बाद छत पर सूखने के लिए रख दी थी, लेकिन अचानक दो दिन से हो रही बारिश के बाद धूप निकलने पर रामबाई लोहे का पाइप लेकर छत पर रखी तिल की फसल को पलटाने लगी, उसी समय लोहे का पाइप एचटी लाइन में छुल गया, जिससे करंट लगने से वह छत पर गिर गई। थोडी दूरी पर खड़ा उसका पुत्र प्रद्युम्न यादव उर्फ ध्रुव उसे बचाने पहुंचा, तभी वो भी करंट की चपेट में आकर गिर गया। ध्रुव की आवाज सुनकर उसकी बहन ऊषा पत्नी अरविंद यादव छत पर पहुंची जैसे ही ध्रुव को पकड़ना चाहा तो उसे जोर का झटका लगने पर वह भी छत पर गिर गई, तभी घर के लोग शोर मचाने लगे। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और बिजली विभाग को फोन करके लाइन बंद कराई।

बिजली लाइन बंद होने के बाद ग्रामीणों ने मां, बेटा सहित तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण करने के बाद मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया, जबकि ऊषा यादव को वार्ड में भर्ती किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना से मृतकों के घर पर रोना-पीटना मचा हुआ है।

## पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षक का संदेश

**महोबा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महोबा में रविवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य के अलावा समस्त आचार्यों ने एक एक पौध का रोपण कर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत प्राकृतिक असंतुलन, वृक्षों के कटान पर रोक लगाए जाने की अपील भी की गई साथ ही हमारे जीवन में वृक्षों के महत्व पर भी वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने विद्यालय परिसर में अपनी मां के नाम एक पौध लगाकर किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य पौधरोपण और प्राकृतिक असंतुलन से पर्यावरण को बचाना है, अगर हम सभी एक-एक पौधा अपनी मां के नाम रोपित करें और उसकी देखभाल भी मां के नाम पर करें तो निश्चित ही हमारी पर्यावरण देवी हमें मां के रूप में अपना स्नेह देती रहेंगी। इस मौके पर संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि पेड़-पौधे, पृथ्वी पर ईश्वर का दूसरा रूप हैं, पेड़ फल आदि देने का स्त्रोत हैं इसलिए हमें अपने घरों के आसपास एक पड़े अवश्य लगाना चाहिए।



नशामुक्ति कार्यक्रम में मौजूद डाक्टर व अन्य। अमृत विचार

# नशे की लत किसी बीमारी से कम नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- नशामुक्ति कार्यक्रम के तहत रेलवे स्टेशन में दिलाई शपथ

**अमृत विचार।** जिला नशामुक्ति केंद्र के तत्वावधान में जिले में एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के तहत रविवार को रोडवेज परिसर और रेलवे स्टेशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सकों द्वारा नशा न करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया साथ ही नशे की लत से होने वाले नुकसान के बावत विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशामुक्ति संबन्धित पंपलेट लोगों को वितरित कर नशा से दूर रहने की शपथ ग्रहण कराई।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला नशा मुक्ति केंद्र द्वारा शहर के अलावा जिले में एक युद्ध नशे के विरुद्ध कार्यक्रम के तहत लोगों को नशा न करने के प्रेरित किया जा रहा है। इसी के तहत रेलवे स्टेशन और रोडवेज परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला नशा मुक्ति केंद्र के चिकित्सक तनवीर कौसर ने लोगों ने कहा कि नशे की लत का लगना किसी बीमारी से कम नहीं है यदि नशे की लत व्यक्ति को अपनी गिरफ्त में ले तो उसका दिमाग सही तरीके से कार्य करने में असमर्थ हो जाता है। नशे की लत एक क्रॉनिक है,जो बार बार लौटने वाली बीमारी है। इससे दिमाग में लंबे समय तक चलने वाले कैमिकल बदलाव होते हैं, जो नशे की लत को छूटने नहीं देते। यदि आपको भी नशे की लत है तो डाक्टरी सलाह लेकर इससे दूर रहने की कोशिश करें। डा. तनवीर ने कहा कि नशे की लत से बचने के लिए खुद को तनाव से दूर रखने की कोशिश करें ज्यादा से ज्यादा परिवार के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित रखे जिससे आपको नशे करने का एहसास कम होगा। उन्होंने कहा कि खुद को नशे की लत से बाहर निकालने के लिए काउंसलिंग का चयन करे। नशे से निजात पाने का कोई इलाज नहीं है बल्कि इसका इलाज तभी संभव है जब आप खुद के मन में ठान ले की आपको इस लत से बाहर निकलना है और नशे की लत से निजात पाने का बेहतरीन विकल्प है खुद को मोटीवेट रखो और अच्छी संगत में रहो। इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर मधुकर सिंह, नीलू चतुर्वेदी, अर्चना, एएसएम फिरोज खान व महोबा रोडेज डिपो से विजय नारायण, रिजवान, सुधीर मिश्रा आदि कार्मचारी मौजूद रहे।

## नशामुक्त जीवन जीने का संदेश देकर निकाली रैली

**हमीरपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा आयोजित 24 घंटे का तहसील स्तरीय अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन मेरापुर में संपन्न हुआ। समापन के पूर्व नगर में नशामुक्त सद्भावना जन जागरण परिवर्तन रैली भी निकाली गई।

मेरापुर स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित दुर्गा चालीसा पाठ के समापन पर टीम प्रमुख राहुल यादव ने कहा कि भगवती मानव कल्याण संगठन का लक्ष्य है समाज को नशे- मांस से मुक्त चरित्रवान समाज का निर्माण करना। आज नशे के कारण बहन बेटियों के साथ छेड़छाड़, मारपीट, बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं। नशे के कारण दुर्घटना हो रही है, जिससे लोग असमय ही काल के गाल में समा रहे हैं। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ने कहा कि हर मनुष्य के तीन कर्तव्य है अपने राष्ट्र की रक्षा, धर्म की रक्षा, मानवता की सेवा। प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि गुरुवर श्री द्वारा प्रदत्त साधना क्रम को मजबूती के साथ धारण करें। अंत में रामकिशोर प्रजापति ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# वार्डों की सफाई कर एंटी लार्वा का किया छिड़काव

कार्यालय संवाददाता, महोबा



वार्ड की सफाई व एंटी लार्वा का छिकाव करते सफाईकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाडा अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा वार्डों में साफ-सफाई, एंटी लार्वा और फॉगिंग कर मच्छरों के प्रकोप से लोगों को बचाने का कार्य निरंतर जारी है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रविवार को शहर के कई वार्डों में साफ सफाई, पौधरोपण के साथ साथ दवाओं का छिड़काव किया गया। बताया कि साफ-सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने पर गांधी जयंती पर सफाई कर्मियों को सम्मनित किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबन्धक जन्मेजय के कुशल प्रबंधक में नगर के वार्डों में स्वच्छता ही सेवा अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। रविवार के दिन हवेली दरवाजा, मगरियापुरा एवं वेस्ट टू बंडर पार्क में विभिन्न गतिविधियां सम्पादित की गयीं, जिनमें साफ सफाई, पौध रोपण, चूना व एंटीलार्वा छिड़काव करने के साथ शाम को फॉगिंग करायी गयी, जिससे वार्डों की साफ सफाई के साथ फांगिंग के धुएं से मच्छरों में कमी हो सके। सम्बन्धित वार्डों से विशेष स्वच्छता रखने वाले तीन घरों का चयन एवं वार्ड में सफाई व्यवस्था बनाने में अपना विशेष योगदान देने वाले एक महिला व एक पुरुष सफाई कर्मी का चयन वार्डों में गठित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति द्वारा किया गया। ईओ ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत

- उत्कृष्ट कार्य पर 2 अक्टूबर को सम्मानित किए जाएंगे सफाईकर्मी

17 सितम्बर को जिले के प्रभारी एवं प्रदेश सरकार के नगर विकास राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर द्वारा कीरत सागर तट में साफ सफाई कर किया गया था, जो निरंतर जिले की निकायों में जारी है। बताया कि एक पखवाड़े तक निरन्तर चलने वाले इस अभियान में उत्कृष्ट सफाई कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को एक समारोह आयोजित कर महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर को सम्मानित किया जायेगा। बताया कि वार्ड वासियों से भी अपने अपने वार्डों में गंदगी न फैलाते हुए कूड़े को कूड़ेदान व कूड़ा वाहन में ही डालने के लिए प्रेरित किया गया। गली-चौक व सड़क पर गंदा पानी बहने की सूचना पालिका कर्मचारियों को देने की अपील की गई।

## विद्युत आपूर्ति ठप होने से भैंसापाली पेयजल योजना बनी शोपीस

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के भैंसापाली फीडर में तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से एकल पेयजल योजना शो पीस बनकर रह गई है।

क्षेत्र के भैंसापाली फीडर में तीन दिनों से विद्युत आपूर्ति न होने से भैंसापाली गांव में बनी एकल पेयजल योजना शो पीस बनकर रह गई है। जिससे भैंसापाली, कुशौली, पाली गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए हैंडपंप व कुओं का सहारा लेना पड़ रहा है। भैंसापाली गांव निवासी उपेंद्र, जयसिंह, संजय आदि ने बताया की बीते तीन दिनों से विद्युत सप्लाई न आने से एकल पेयजल योजना शो पीस बनकर रह गई है। बरसाती मौसम होने से पानी के लिए बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# झमाझम बारिश से सड़कें लबालब

संवाददाता जैतपुर, महोबा



सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तीन दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश के बाद शनिवार की रात से शुरू हुई बारिश पूरी रात होती रही और रविवार को हुई झमाझक बारिश से नगर की गलियां और रास्ते तालाब बन गए। मार्गों पर दो दो फीट पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो गया। कस्बे की कई सड़कों पर पानी भर जाने से तालाब बन गईं, जिससे आवागमन में मुश्किल हुई। वहीं खेतों में पानी भर जाने से किसान परेशान हैं।

गौरतलब है कि जुलाई अगस्त में थोडी बहुत बारिश हुई जिससे कुएं तालाबों मे नाम मात्र का पानी आया लेकिन सितम्बर माह में हो रही झमाझम बारिश के चलते बांधों, तालाबों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लोगों को इस साल गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति होने की उम्मीद बढ़ गई है। उर्मिल बांध में भी अब दिन प्रतिदिन जलस्तर बढ़ रहा है। ग्राम प्रधान जैतपुर की उदासीनता के चलते मोहल्ला देवीपुर में बारिश के चलते पूरी सड़क पर पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो गय है। इतना ही नहीं सड़क पर दो दो फिट पानी भरा होने से लोग घरों में कैद हो गए। दरवाजों के बाहर भरा पानी कम न होने से घर लौटने वाले लोगों को घर तक पहुंचना मुश्किल हो गया। सबसे ज्यादा दैयनीय स्थिति मोहल्ला देवीपुर की है।

लगातार हो रही बारिश ने पहले किसानों को बर्बाद किया उर्द मूंग और तिल की फसल खराब हो जाने से किसानों का बीज तक निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं पानी की चपेट में आने से तिल काली पड़ गई है। झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त होकर रहा गया है।

# महंगे टमाटर ने बिगाड़ा सब्जी का स्वाद

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सब्जी की दुकान पर रखे टमाटर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में टमाटर का भाव भी अचानक बढ़ जाने से मध्यम और गरीब वर्ग के लोग सब्जी में टमाटर का स्वाद नहीं ले पा रहे हैं। कारण तीस रुपये किग्रा बिकने वाला टमाटर बाजार में 70 से 80 रुपये किग्रा बिक रहा है। टमाटर की बढ़ती कीमतों के चलते लोगों के रसोई से टमाटर गायब हो गया है। होटलों और ढाबों में भी सलाद से टमाटर को अलग कर दिया गया है।

मालूम हो कि आजकल सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं, टमाटर के दाम अचानक एक सप्ताह के अंदर दो गुना पहुंच गए हैं, इससे दुकानदार भी कम मात्रा में टमाटर की खरीद कर रहे हैं। पहले लहसुन, फिर प्याज की कीमतें बढ़ीं और फिर टमाटर भी इतराने लगा है। जिससे गरीब वर्ग के लोगों की थाली से टमाटर गायब हो गया है। गरीब वर्ग के लोगों को महंगाई के चलते टमाटर की चटनी भी नसीब नहीं हो रही है, किसान और मजदूर वर्ग के लोग टमाटर की चटनी के स्थान पर अचार से काम चला रहे हैं।

- 30 रुपये प्रतिकिलो बिकने वाला टमाटर 70-80 रुपये पहुंचा

बाजार में आजकल सब्जी खरीदना गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के बजट से बाहर हो गया है। सम्पन्न परिवार के लोग भी दो किग्रा प्याज के स्थान पर एक किग्रा प्याज से काम चला रहे हैं वहीं एक किग्रा टमाटर के स्थान पर आधा किग्रा खरीद रहे हैं जिसके चलते बाजार में अब पहले से जैसे टमाटरों के ढेर नहीं दिखाई दे रहे हैं। घरों में भी लोगों ने टमाटर का प्रयोग कम मात्रा में शुरू कर दिया है।

**नवरात्र महोत्सव की तैयारी** | जिले में 300 से ज्यादा देवी प्रतिमाओं को किया जाता है विराजित

# नवरात्र 3 अक्टूबर से, सजने लगे दुर्गा पडांल

कार्यालय संवाददाता, महोबा



नवरात्र को लेकर तैयार किया जा रहा दुर्गा पंडाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र की शुरुआत 3 अक्टूबर से होगी। इसके तहत शहर के अलावा समूचे जिले में जगह-जगह दुर्गा पंडाल सजाने की तैयारियां तेज हो गईं हैं। दुर्गा पंडालों को तैयार करने के लिए देवी भक्त मजदूरों के साथ जुटे हुए हैं। जिले में 300 से ज्यादा देवी प्रतिमाओं की स्थापना कर पूजा-अर्चना की जाती है।

नवरात्र शुरू होने में महज चार दिन शेष हैं, देवी भक्त दुर्गा पंडाल सजाने में अंतिम रूप देने में जुटे हैं, ज्यादातर देवी पंडालों को भगवारंग में सजाया जा रहा है। पंडाल स्थलों पर भी बांस-बल्ली लगाकर बिजली की आकर्षक सजावट की जा रही है, जिसके लिए बिजली मिस्त्रियों को ठेका देकर कार्य कराया जा रहा है। और दस दिन तक बिजलीकर्मी द्वारा बिजली व्यवस्था को देखा जाएगा। दुर्गा पंडाल समिति के लोगों द्वारा अलग-अलग पंडलों में दस दिन तक बिजली व्यवस्था देखने के लिए मिस्त्रियों को अभी से तय कर लिया गया है। लाउडस्पीकर साउंड की भी पंडालों में व्यवस्था कराई जा रही है। दुर्गा पंडालों में पंडितों द्वारा प्रतिदिन पूजा अर्चना भी कराई जाती है।

### यहां होते हैं मुख्य कार्यक्रम

मां दुर्गा व अन्य समिति द्वारा शहर के आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक, बजरंग चौक, मलकपुरा, पान मंडी, बड़ीहाट, भटीपुरा सहित विभिन्न स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं को स्थापित किया जा रहा है इसके अलावा कस्बा चरखारी, कुलपहाड़, पनवाड़ी, कबरई, खरेला, श्रीनगर, बेलाताल, शाहपहाड़ी, लाड़पुर, सिलारपुरा, सूपा, सहित तमाम कस्बों और गांवों में भी कार्यक्रम होते हैं।

### टेंट संचालाकों की बल्ले-बल्ले

जिले में तेजी से खुल रहे विवाह घरों के चलते लाखों रुपये की लागत लगाकर खोले गए टेंट हाउस अब बेमतलब साबित होने लगे हैं। यही वजह है कि धीरे धीरे तमाम टेंट संचालकों ने अपना व्यापार ही बदल दिया है, लेकिन नवरात्र के मौके पर हर साल टेंट संचालकों के जगह जगह दस दिन तक टेंट बुक हो जाने से उनका धंधा चमक जाता है। आज, कल दुर्गा पंडाल बनाने के लिए टेंट हाउसों से टेंट का सामान लट्ठे, बल्ली व अन्य सामग्री की मांग बढ़ जाने से टेंट संचालकों की बल्ले बल्ले हो गई है।

# 13 विभाग मिलकर चलाएंगे संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## अक्टूबर में पूरे माह चलेगा अभियान, दस्तक अभियान की शुरुआत 11 अक्टूबर से, बैठक में जिलाधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता बांदा

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। अध्यक्षता जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने की। जिले में संचारी रोग नियंत्रण एक से 31 अक्टूबर व दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलाया जायेगा जिसमें 13 विभाग मिलकर कार्य करेगें।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को आदेशित किया कि जिन ब्लाको में प्रशिक्षण शेष है उन्हें पूरा करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि माइक्रोप्लान की गुणवत्तापूर्ण की जांच करायी जाएं। बांदा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रभारी अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मलेरिया अधिकारी को निर्देशित किया कि हाई रिस्क क्षेत्र की सूची व शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की सूची अलग अलग उपलब्ध कराएं। साथ ही समस्त विभागों को आदेश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी, अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से समन्वय बनाकर निरोधात्मक कार्यवाही करेंगे। समस्त खंड विकास अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों को ओदेशित किया कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में जलभराव की स्थिति को समाप्त किया जायें एवं निरोधात्मक कार्यवाही की जाये जल भराव की स्थिति पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुध कार्यवाही की जायेगी। शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिदिन प्रार्थना सभा में बच्चों को संचारी रोगों से बचाव एवं साफ-सफाई की जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन आदि के माध्यम से भी जागरूक कर शुद्ध पेयजल के विषय में जानकारी दी जायेगी। नगर पालिका परिषद बांदा से आए अधिकारियों को नगर पालिका व नगर पंचायतों द्वारा नगरीय क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई का कार्य, कूड़ निस्तारण, नालियों की सफाई, फागिंग एवं नालियों में लार्वा निरोधक दवा का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए।


कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में भाग लेते जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप।


बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

### ग्राम्य विकास को एंटीलार्वा के छिड़काव की जिम्मेदारी

- जिले के सभी गांवो में कार्ययोजनानुसार नालियों की सफाई, झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा दवा का छिड़काव, जलभराव का निस्तारण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जायेगी। इस कार्य की जिम्मेदारी सभी एडीओ पंचायत को दी गयी है। कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग गांवो में सुअर पालकों को संचारी रोगों से बचाव के लिए संवेदीकरण करेंगे साथ ही जनसमुदाय को चूहा, छछूंदर से फैलने वाले रोग स्क्रब टाइफस के बारे में जागरूक करेंगे। संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की मानिटरिंग को जनपद स्तर से समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एवं मलेरिया फाइलेरिया निरीक्षकों को पर्यवेक्षण कार्य हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

### बाल विकास सेवा पुष्टाहार विभाग को मिली जिम्मेदारी

- सभी ब्लाकों एवं गांवों में आशा, आंगनवाडी कार्यकत्रियों द्वारा पोस्टर, पम्पलेट्स वितरित कर एवं 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जिन घरों में मिलते हैं उन घरों पर संचारी रोगों से बचाव का स्टीकर लगाकर जानकारी देंगे। साथ ही घरों में जाकर मच्छर पनपने की परिस्थितियों को नष्ट करें। कुपोषित बच्चों का चिह्नीकरण कर पुष्टाहार उपलब्ध कराएं। घर- घर भ्रमण कर आशा आंगनवाडी कार्यकर्ता बुखार के रोगियों की सूची, खांसी, जुकाम के रोगियों की सूची, क्षय रोग ग्रसित लक्षणों व्यक्तियो की सूची तैयार कर यूडीएसपी पोर्टल पर अपलोड करें। लोगों को बुखार होने पर 102 व 108 एम्बुलेंस के प्रयोग के बारे में लोगों को जानकारी दें।

### बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अनिल कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरएन प्रसाद, डा. अजय कुमार, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, एसएमओ डा. वर्षा नायर, सहायक मलेरिया अधिकारी श्री विजय बहादुर, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार, प्रदीप कुमार, एवं जिला पंचायत राज विभाग, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अकार्यक्रम अधिकारी, आईसीडीएस, समस्त कार्यकारी अधिकारी नगर विकास विभाग, कृषि विभाग, जल संस्थान विभाग के विभागाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों तथा समस्त अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम व वीसीपीएम ने बैठक में उपस्थित रहे।

# मजदूरी को लेकर दलित को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, जालौन



- कुछ माह पहले कराई थी मजदूरी, नहीं दिए थे पैसे
- पुनः मजदूरी करने को कहा तो मना कर दिया

**अमृत विचार।** मजदूरी को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने मिलकर दलित व्यक्ति को न सिर्फ जातिसूचक गालियां दी बल्कि मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम क्योलारी निवासी रमेश पुत्र परमू ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसने करहिया गांव निवासी वरुण व रोहित के यहां कुछ माह पूर्व मजदूरी की थी। मजदूरी कराने के बाद उन्होंने रुपये नहीं दिए बल्कि कुछ दिनों बाद उसे मजदूरी के रुपये देने की बात कही थी। लेकिन उसे अब तक मजदूरी नहीं मिली।

शनिवार की शाम वह पत्नी के साथ लहचूरा गांव के पास से निकल रहा था। तभी उसे उपरोक्त दोनों व्यक्ति मिल गए और उस पर पुनः मजदूरी के लिए चलने का दबाव बनाने लगे। जब उसने बताया कि पहले की ही उन्होंने मजदूरी नहीं दी है इसलिए वह उनके यहां मजदूरी करने के लिए नहीं जा पाएंगे।

इस बात से नाराज होकर उन दोनों ने जातिसूचक गालियां देनी शुरू कर दीं। मना करने पर लात घूंसों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे डाली।

मारपीट में उसे चोटें आई हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता की समीक्षा

संवाददाता,कालपी

**अमृत विचार।** शासन के द्वारा नैनिहालों तथा बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता की वास्तविकता को जांचने के लिए कालपी नगर एवं महेवा ब्लाक के 137 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों तथा प्रभारी प्रधानाध्यापकों की बैठक सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दौरान कई बिंदुओं पर चर्चा करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ब्लॉक संसाधन केंद्र में महेवा स्थित हरीगंज कालपी कार्यालय में ए.आर.पी हरिओम द्विवेदी तथा राजकुमार की मौजूदगी में आयोजित बैठक में एबीएसए सुनील कुमार राजपूत ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्य सूची का प्रचार प्रसार करने पर जोर दिया। दीक्षा के माध्यम से प्रशिक्षण पूर्ण किये जाने की समीक्षा की गई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के मूलभूत अवस्थापना संबंधी 19 पैरामीटर्स पर संतृप्तीकरण की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। समावेशी शिक्षा के तहत समर्थ रूप से दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति, नवभारत साक्षरता, संचारी रोग के नियंत्रण के लिए बच्चों को जागरूक करने की भी समीक्षा हुई। बैठक में सामुदायिक सहभागिता तथा मध्यान्ह भोजन की भी समीक्षा की गई। बैठक में कुलदीप शर्मा, बृजभूषण तिवारी, रामकुमार मिश्रा, अरविंद यादव, अब्दुल खालिक के अलावा 137 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने हिस्सा लिया।


समीक्षा बैठक में उपस्थित शिक्षक। अमृत विचार

# सड़क हादसे में 5 लोग घायल

**कालपी।** रविवार की शाम एक मोपेड चालक दुर्गा मंदिर हाईवे से हरीगंज की ओर जा रहा था, वहीं से बाइक चालक 3 लोगों को बैठाकर हाईवे की तरफ आ रहा था। तभी दोनों में जबरदस्त भिड़ंत हो गई दोनों गाड़ी के चालक सहित 5 लोग बुरी तरह घायल हो गये।

कांशीराम कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय कौशान पुत्र नाजुब रावगंज निवासी 55 वर्षीय गंगाराम पुत्र जसीराम महमूदपुरा निवासी 40 वर्षीय बृजमोहन पुत्र मन्नू लाल हरीगंज निवासी 17 वर्षीय ऋषि यादव पुत्र राजू यादव जनपद हमीरपुर कुरारा कस्बा दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर में बुरी तरह घायल हो गए। वहां से निकल रहे राहगीरो ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया।

# शांति और भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार

संवाददाता, कालपी

- कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**अमृत विचार।** अपर पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आगामी आने वाले त्यौहारों नवरात्र, दुर्गा पूजा और दशहरा को लेकर पीस कमेटी की बैठक क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में थाना परिसर में आयोजित की गई। मीटिंग में त्यौहारों को परम्परागत तरीके से मनाने व शासन के नियमों का पालन करने की अपील की गई।

सोमवार को कोतवाली के सभागार में आयोजित बैठक में क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने कहा कि जिन जिन स्थानों में दुर्गा प्रतिमाओं को पंडाल स्थापित हो रहे हैं, वहां सुरक्षा के दृष्टिकोण से अग्निशमन यंत्र लगाये जाएं, बिजली के नंगे तार न लगाए जाएं। आयोजन स्थल पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराये जाएं। शासन की गाइडलाइंस का पालन किया जाए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार को मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि डीजे साउण्ड को कम आवाज में बजाएं। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अग्निशमन अधिकारी एमपी बाजपेई ने कहा कि देवी पंडाल स्थल के बगल ड्रम में पानी तथा दो-तीन बाल्टी में बालू भरकर अवश्य रखें। एडिशनल इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ ने कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करायें ताकि समय रहते ही मामले से निपटा जा सके। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी आदर्श राज ने कहा कि नवरात्रि के समय विद्युत व्यवस्था नगर में दुरुस्त रखी जायेगी। नगर पालिका से आए आरआई रामभुवन सिंह ने कहा कि जितने दुर्गा पंडालों व मंदिरों में साफ सफ़ाई का ध्यान रखा जाए। कथा वाचक राम श्याम पांडेय व व्यापार मंडल के नेता राकेश पुरवार ने बाजार व्यवस्था की समस्या को उठाया। एसएसआई राजेश कुमार, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल, रामगंज चौकी इंचार्ज इंद्रमणि सिंह, सोनू महाराज विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, राकेश पुरवार, रोहिणी शर्मा, सलीम अंसारी, अमित कुमार यादव मनोज पाण्डेय, दीपू यादव, सभासदों में पप्पू अदल सरांय, इकबाल अहमद, निजाम खान, कपिल शुक्ला, अतुल सिंह चौहान, दिनेश श्रीवास, लल्लू श्रीवास, अवनीश अग्रवाल, राकेश यादव, राम कुमार तिवारी रहे।


शांति समिति की बैठक लेते अधिकारी। अमृत विचार

# गांव के बाहर कूड़ाघर बनाने की मांग उठाई

संवाददाता,जालौन

- ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार।** ग्राम अलाईपुरा में बनाए जा रहे कूड़ाघर को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने कूड़ाघर का निर्माण गांव से बाहर कराने की मांग की है। इस बाबत ग्रामीणों ने बीडीओ को ज्ञापन भी दिया है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अलाईपुरा में कूड़ाघर का निर्माण कराया जा रहा है। प्रधान गांव के अंदर खाद गड्ढे के स्थान पर कूड़ा घर बनवाने जा रहे हैं। खाद के गड्ढे छोटे हैं जबकि पूरे गांव का कूड़ा एकत्रित करने के लिए कूड़ाघर के लिए अधिक जगह की आवश्यकता है। ग्रामीण हरगोविंद, मुन्नीलाल, मुकेश, राजकुमार, शब्बीर खां आदि ने बीडीओ अरुण सिंह को ज्ञापन देते हुए बताया कि गांव के अंदर स्थित खाद के गड्ढे की जगह पर कूड़ाघर बनने से गांव में गंदगी फैलेगी। इसके साथ ही उसका ठीक ढंग से निस्तारण न होने से दुर्गंध भी फैलगी। ऐसे में बीमारियों का डर भी बना रहेगा। गदंगी व बदबू के चलते ग्रामीणों को परेशानी होगी और स्वच्छता मिशन की मंशा भी पूरी नहीं हो पाएगी। ग्रामीणों ने बीडीओ से कूड़ाघर को गांव से बाहर बनवाने की मांग की है।

# नारद मोह लीला देख लोग भावविभोर

**जालौन।** रामलीला भवन में संचालित 178 वें श्री रामलीला महोत्सव के प्रथम दिन नारद मोह की लीला का मंचन किया गया, जिसे देख लोग भावविभोर हो गये। नारद जी की तपस्या को भंग करने के लिए इन्द्र कामदेव को भेजते हैं पर कामदेव तपस्या भंग नहीं कर पाते तो वह नारद जी से माफी मांगते हैं। इससे नारद जी को अभिमान हो जाता है। वे अपनी कहानी सुनाने ब्रह्मा व शंकर के पास जाते हैं तो उन्हें सीख दी जाती कि वे विष्णु के पास न जाएं। घमंड में चूर नारद जी क्षीरसागर में विष्णु के पास पहुंच गए और उन्हें अपनी कथा सुनाई। विष्णु ने माया को बुलाया और नारद को सही मार्ग पर लाने का आदेश दिया। नारद जी माया के मोहपाश में फंस गए।

# टैबलेट पाते ही खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की ओर से जिले में टैबलेट व स्मार्ट फोन का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में बीते दिन शनिवार को आईटीआई कॉलेज में टैबलेट पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए।

बता दे कि जालौन ब्लाक स्थित अयोध्या प्रसाद विश्वकर्मा आईटीआई कॉलेज में टेबलेट व स्मार्टफोन का वितरण किया गया। मुख्यअतिथि सांसद प्रतिनिधि राजू अहिरवार ने कहा कि छात्र ही देश के भविष्य हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार द्वारा छात्रों को डिजिटल जागरूक करने के लिए स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण किए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि बरिष्ठ नेता सपा दीपू त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से विद्यार्थियों को पठन-पाठन में सहयोग मिलेगा। कहा कि आज का युग तकनीकी युग है। इसलिए बच्चे स्मार्टफोन के माध्यम से अपनी पढ़ाई में सहयोग ले सकते हैं। इससे पहले संस्था के उपप्रबंधक प्रियंक विश्वकर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही आए हुए लोगो का संस्था के प्रबंध मयंक विश्वकर्मा ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मनोज राजा, आशु महाराज, गोपाल द्विवेदी, नीरज कुशवाहा, मनीष विश्वकर्मा, मदन मुरारी, अजय शर्मा, आशीष विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।


छात्रों को टैबलेट वितरित करते अतिथि। अमृत विचार

# एसपी को दिया शिकायती पत्र, न्याय की लगाई गुहार

कार्यालय संवाददाता उरई

- नाबालिग पुत्री को बरामद कर आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के मोहल्ला निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने एसपी से उसकी नाबालिग पुत्री को बरामद करने व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महिला ने शिकायती पत्र में बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री अपनी छोटी बहन के साथ 7 सितम्बर को शहर के करमेर रोड स्थित हाथी मंदिर के पास कोचिंग पढ़ने जा रही थी। आरोप है कि उसी दौरान अंकित उर्फ छोटू पुत्र शिवकुमार निवासी कोतवाली कालपी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भगा ले गया, छोटी पुत्री ने घर आकर सूचना दी। बताया कि इससे पहले भी आरोपी मोबाइल से फोन करके उसकी लड़की को घर से उठा ले जाने की धमकी देता रहता था। उसने बताया कि घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी और तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कर लिया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसके बाद पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर उसने एसपी को भी शिकायती पत्र दिया। कहा कि आरोपी और उसके परिजनों के हौसले बुलंद हैं।

सतर्कता — रेल दुर्घटनाओं को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्टेशन पर की बैठक

# आरपीएफ, जीआरपी व पुलिस करें नियमित पेट्रोलिंग

कार्यालय संवाददाता उरई

- अराजकतत्वों को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई करें
- रेलवे स्टेशन व फाटकों पर सीसीटीवी स्थापित कराएं

**अमृत विचार।** रेल दुर्घटनाओं में बढ़ती साजिशों को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने रेलवे स्टेशन उरई सभागार में रेलवे लाइन की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जीआरपी एवं आरपीएफ के अधिकारियों व थाना प्रभारियों की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए आरपीएफ, जीआरपी व स्थानीय पुलिस आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित रूप से संयुक्त पेट्रोलिंग करे। साथ ही रेलवे ट्रैक के आसपास के अराजकतत्वों को चिह्नित कर प्रभावी कार्रवाई करे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि रेलवे ट्रैक व अन्य किसी रेलवे सम्बन्धी घटना के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसको आपस मे साझा करेंगे तथा वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश में आपराधिक वारदातों पर लगाम लगाने के लिए आपरेशन त्रिनेत्र की शुरूआत की है। इसके तहत रेलवे स्टेशन, रेलवे फाटक आदि संवेदनशील क्षेत्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराए जाएं। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने में कामयाब हो सकेगी। जनपद-जालौन की सीमान्तर्गत रेलवे स्टेशन व रेलवे लाईन के समीपस्थ शहरी / ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गठित ग्राम रेल सुरक्षा समिति के साथ 15 दिन के अंतराल में बैठक की जाए और ग्रामीण क्षेत्रों व स्कूलों में प्रचार प्रसार भी किया जाए। रेलवे ट्रैक के आसपास रहने वाले लोगों का वेरीफिकेशन कराएं तथा विगत 10 वर्षों में रेलवे ट्रैक पर जो भी घटनाएं हुई है, उनका विश्लेषण कर लिया जाए। उक्त घटनाओं में संलिप्त अपराधियों पर निरंतर निगरानी व नियमित चेकिंग के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, स्टेशन अधीक्षक एस के खरे, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील आदि मौजूद रहे।


स्टेशन पर बैठक करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

# कांशीराम कॉलोनी के शेष आवासों के आवंटन जल्द

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नगर में स्थित मान्यवर कांशीराम शहरीय आवासीय कॉलोनी में शेष बचे 115 आवासों को पात्र गरीबों को आवंटित करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक रामभुवन सिंह ने बताया कि कांशीराम शहरीय आवासीय कॉलोनी में 744 आवास कार्यदायी संस्था के द्वारा बनाए गए थे, जिसमें 637 आवासों को आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शेष बचे 115 आवासों को पात्र लोगों को आवंटित करने के लिए आवेदन दिए जा चुके हैं। राजस्व कर्मचारियों के द्वारा आवेदकों के आवेदन पत्रों की जांच चल रही है, जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र लोगों को आवास आवंटित कर दिए जाएंगे। कांशीराम आवासीय कॉलोनी के परिसर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की अलग से तैनाती की गई है। सुबह-शाम सफाई की व्यवस्था की जाती है। इसके अलावा कांशीराम कॉलोनी के निवासियों को बिजली, पानी आदि की सुविधा बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव के द्वारा पुख्ता इंतजाम कराये जा रहे हैं।


कांशीराम कॉलोनी।

## सार-संक्षेप

### बिजली विभाग ने 87 बकायेदारों के काटे कनेक्शन

**जालौन।** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता के नेतृत्व में बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया जिसमें 87 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान विभाग ने बकाएदारों से 14 लाख रुपये भी वसूले। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ओम प्रकाश व अधिशाषी अभियंता महेंद्रनाथ भारती के नेतृत्व में एसडीओ रामसुधार, अवर अभियंता नवीन कंजोलिया द्वारा नगर में वाणिज्य बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। बाजार बैठगंज, बालमभट्ट आदि मोहल्लों में डोर टू डोर जाकर बकाएदारों को देखा गया। अभियान के दौरान 87 बकाएदारों के बिजली संयोजन विभाग ने काट दिए जिनका बकाया लगभग 31 लाख रुपये था। इस दौरान बकाएदारों से वसूली भी गई जिसमें 14 लाख रुपये वसूले गए। अधिशाषी अभियंता महेंद्रनाथ भारती ने बताया कि 87 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए, साथ ही 14 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई। जिन बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए हैं उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि बिना बिल जमा किए यदि वह चोरी से कनेक्शन जोड़ते हैं तो उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** दूध के बकाया रुपये मांगने पर तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ गाली, गलौज व मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी हरगोविंद ने पुलिस को बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर और दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उनके मोहल्ले के ही गोलू उनके यहां से दूध लेते हैं। दूध के रुपये बाकी होने पर शनिवार की शाम वह उनके यहां रुपये मांगने के लिए गया। जिस पर उन्होंने कुछ देर बाद आने को कहा। रात में जब वह पुन: उनके यहां रुपये मांगने के लिए गया तो उन्होंने गाली, गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उन्होंने पिता कुन्नू और अपने साथी पुथुआ को बुला लिया। तीनों ने मिलकर लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं मारपीट के बाद उन्होंने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### आईटी कंपनी के कर्मी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आईटी कंपनी के कर्मचारी की दफ्तर में हृदयाघात से मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ जब कर्मचारी शौचालय गया था। मृतक की पहचान एचसीएल टेक्नोलॉजीस के वरिष्ठ विश्लेषक नितिन एडविन माइकल के रूप में हुई है। सोनेगांव पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि नितिन मिहान इलाके में स्थित कंपनी के कार्यालय के शौचालय में शाम सात बजे गया था, लेकिन वह वहां बेहोश पाया गया। सहकर्मी उसे नागपुर स्थित एम्स ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गुरमीत राम रहीम ने 20 दिन की मांगी पैरोल

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और दुष्कर्म के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 20 दिन की पैरोल का अनुरोध किया है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि यह अनुरोध पांच अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले किया गया है। आचार संहिता लागू होने से डेरा प्रमुख का पैरोल का आवेदन निर्वाचन कार्यालय भेज दिया गया है, जिसने जेल विभाग से अनुरोध के पीछे ऐसे आकस्मिक और आवश्यक कारण बताने को कहा है, जो चुनाव के दौरान दोषी को पैरोल पर रिहा करने को उचित ठहराते हों। डेरा प्रमुख ने पैरोल अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश के बागपत में रहने की बात कही है।

### हालिया चुनाव के खिलाफ आप सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** आप ने दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति के एक सदस्य के लिए हुए चुनाव को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया है और दावा किया है कि एमसीडी की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था।

### वेल्डिंग मशीन में विस्फोट एक की मौत, तीन घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के भरथल गांव में रविवार सुबह वेल्डिंग मशीन में विस्फोट होने से 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और तीन झुलस गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतक बिजवासन इलाके के माया राम है। घायलों में राकेश, फैयाज, समीर है। घायलों का सफदरजंग अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें द्वारका के सेक्टर 25 के पास भरथल गांव में तेल टैंकर में काम करते समय वेल्डिंग मशीन में विस्फोट से कुछ लोगों के घायल होने की कॉल प्राप्त हुई थी।

# पूर्व सरकारों की कार्य संस्कृति को किया खत्म

## प्रधानमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**पुणे, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती सरकारों पर शहरी क्षेत्रों के विकास के लिए योजना और दूरदृष्टि की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर वही पुरानी कार्य संस्कृति होती तो पुणे मेट्रो परियोजना का काम आगे नहीं बढ़ पाता। मोदी ने कहा कि उन्होंने इस पुरानी कार्य संस्कृति को खत्म कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये महाराष्ट्र में 11,200 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के दौरान ये बातें कहीं।

मोदी का 26 सितंबर को निर्धारित पुणे दौरा शहर में भारी बारिश के कारण रद कर दिया गया था। प्रधानमंत्री ने जिला न्यायालय से स्वारगेट तक पुणे मेट्रो खंड का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया और मेट्रो को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कहा कि पुणे मेट्रो के प्रथम चरण के पूरा होने से शहर में लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की तरह अगर सोचने का वही पुराना तरीका होता तो पुणे मेट्रो का काम पूरा नहीं हो पाता। मोदी ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण शहर की गति धीमी नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी क्षमता बढ़नी चाहिए। यह तभी संभव है, जब सार्वजनिक परिवहन को आधुनिक और कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाए। यही महायुति सरकार (महाराष्ट्र में) का दृष्टिकोण है।

प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से भिड़ेवाड़ा में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के पहले बालिका विद्यालय स्मारक की आधारशिला रखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विरासत को भी संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत का आधुनिकीकरण हो, लेकिन यह हमारे मौलिक मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। सावित्रीबाई फुले द्वारा शुरू किए गए स्कूल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश ने देखा है कि जब महिलाएं सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी लेती हैं तो क्या प्रभाव पड़ता है। अगर महाराष्ट्र विकास करता है तो देश भी उसका अनुसरण करेगा।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजनाओं का लोकार्पण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### भगवान विट्ठल के भक्तों को मिला विशेष उपहार

प्रधानमंत्री मोदी ने पुणे शहर से सीधा हवाई संपर्क स्थापित करने के लिए सोलापुर हवाई अड्डे का भी उद्घाटन किया। इसका जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान विट्ठल के भक्तों को भी आज एक विशेष उपहार मिला है। मोदी ने बताया कि टर्मिनल की क्षमता में वृद्धि हुई है और मौजूदा हवाई अड्डे के उन्नयन कार्य के पूरा होने के बाद यात्रियों के लिए नई सेवाएं और सुविधाएं बनाई गई हैं, जिससे भगवान विट्ठल के भक्तों के लिए सुविधा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे से व्यवसाय, उद्योग और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हिमाचल व कर्नाटक में राहुल की गारंटी हो गई विफल : शाह

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- हरियाणा के गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर लगाया आरोप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा में कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए आरोप लगाया कि राहुल गांधी की चुनावी गारंटियां हिमाचल और कर्नाटक जैसे राज्यों में विफल हो गई हैं, जहां कांग्रेस सत्ता में है। शाह ने गुरुग्राम के बादशाहपुर में चुनावी रैली में कहा कि कांग्रेस वादे करती है लेकिन वे हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में चुनावी वादे पूरे नहीं कर पाए। राहुल गांधी की गारंटियां नाकाम हो गईं।

गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा ऐसा कोई वादा नहीं करती जिसे पूरा न किया जा सके। राहुल बाबा एंड कंपनी विकास नहीं कर सकती और डबल इंजन की सरकार ही हरियाणा का विकास सुनिश्चित करेगी। हम देश की सीमा को सुरक्षित रखेंगे, आरक्षण की रक्षा करेंगे और अनुच्छेद 370 को कभी वापस नहीं आने देंगे। वक्फ विधेयक का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि आपको वक्फ बोर्ड पर मौजूदा विधान से समस्या है हम संसद के शीतकालीन सत्र में इसमें संशोधन करेंगे। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया था कि राजग सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य समाज में विभाजन पैदा करना है और कहा था कि वे इसका कड़ा विरोध करेंगे। शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी से लेकर मनमोहन सिंह तक ने वन रैंक वन पेंशन की मांग पूरी नहीं की लेकिन 2015 में राजग ने पूरी की। अग्निपथ पर शाह ने राहुल गांधी को झूठ बोलने की मशीन बताया और कहा उनकार दावा है कि अग्निवीरों को नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार एक अग्निवीर को पेंशन योग्य नौकरी देंगे।

# कांग्रेस ने प्राथमिकी पर वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विपक्षी दल ने चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई

कांग्रेस ने रद हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के संबंध में शिकायत पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद रविवार को भाजपा पर हमला बोला और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। विपक्षी दल ने पूरे चुनावी बॉण्ड योजना की विशेष जांच दल (एसआईटी) से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग दोहराई।

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी के साथ कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड की साजिश से पैसे ऐंठने के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल हुआ। इसके तहत प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के माध्यम से वसूली हुई। वित्त मंत्री को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि वह राजनीतिक, कानूनी और नैतिक रूप से दोषी हैं। रमेश ने कहा कि प्राथमिकी अदालत के आदेश पर दर्ज की गई। कांग्रेस चुनावी बॉण्ड योजना की एसआईटी से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग कर रही है और वह इस मांग को दोहराती है। सिंघवी ने भाजपा पर लोकतंत्र कमजोर करने का भी आरोप लगाया।

### निर्मला सीतारमण दे इस्तीफा: प्रियांक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने खत्म हो चुकी चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए कथित तौर पर पैसा मांगने के लिए अदालत के आदेश पर निर्मला सीतारमण के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद उनसे इस्तीफा देने की मांग की। प्रियांक ने आरोप लगाया कि कंपनियों ने चुनावी बॉण्ड योजना के जरिए भाजपा को चंदा दिया और अदालत ने वैध आधार पर पुलिस को सीतारमण व अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

### नसरल्ला की मौत के बाद भड़काऊ पोस्ट पर कार्रवाई की दी चेतावनी

**श्रीनगर।** साइबर पुलिस कश्मीर ने इजराइली हमलों में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने के मद्देनजर सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को घाटी में सांप्रदायिक या गुटीय तनाव को बढ़ावा देने के खिलाफ चेतावनी दी। इसने एक्स पर जारी परामर्श में कहा कि हमने देखा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट किए जा रहे हैं, जो सांप्रदायिक सद्भाव को खतरे में डाल रहे हैं। हम आग्रह करते हैं कि वे विभाजनकारी पोस्ट करने या उसमें शामिल होने से बचें। पुलिस ने ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। हिजबुल्ला प्रमुख के मारे जाने के बाद श्रीनगर और बडगाम जिलों के शिया बहुल इलाकों में स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हालांकि सड़कों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन कुछ सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं द्वारा ऑनलाइन भड़काऊ सामग्री पोस्ट किए जाने की खबरें आई हैं।

### सेंथिल बालाजी सहित तीन अन्य ने ली शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने रविवार को द्रमुक नेता वी सेंथिल बालाजी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। बालाजी को कुछ दिन पहले नशोधन के मामले में जमानत मिली थी। द्रमुक के तीन अन्य विधायकों आर राजेंद्रन (सेलम-उत्तर), गोवी चेझियान (तिरुविदाईमारुदुर) और एस एम नासर (अवाडी) ने भी रापद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहां तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि भी मौजूद थे, जो पहले ही उपमुख्यमंत्री बनाए जा चुके हैं।

### बंगाल में बाढ़ चिंताजनक, केंद्र मदद नहीं कर रहा : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तरी जिलों में बाढ़ की स्थिति को खतरनाक बताया और दावा किया कि राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से सहायता नहीं मिल रही है। बंगाल के उत्तरी हिस्से में बाढ़ का निरीक्षण करने के लिए जाते समय बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार बाढ़ से निपट रही है। मुख्यमंत्री ने सिलीगुड़ी जाते समय कहा कि कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिले प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार पर मदद नहीं करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमारे बार-बार याद दिलाने के बावजूद केंद्र ने फरक्का बैराज का रखरखाव कार्य नहीं किया और इसकी जल-धारण क्षमता काफी हद तक कम हो गई है।



# राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज में समानता मुमकिन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- शक्ति अभियान में शामिल होने का महिलाओं से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने किया आग्रह

सही मायने में समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वास्तविक परिवर्तन लाने को उत्साहित आधी आबादी से रविवार को शक्ति अभियान में शामिल होने का आग्रह किया, जिसका उद्देश्य राजनीति में महिलाओं के हितों के लिए समान अवसर उपलब्ध करना है।

राहुल ने एक्स पर कहा कि एक साल पहले, महिला राजनीति को केंद्र में रखकर हमने इंदिरा फेलोशिप की शुरुआत की थी। आज, यह पहल महिला नेतृत्व के सशक्त कारवां में बदल चुकी है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाए बिना समाज में समानता और न्याय मुमकिन नहीं है। आधी आबादी, पूरा हक़-हिस्सेदारी, कांग्रेस की सोच और संकल्प का प्रतीक है। मैं एक बार फिर महिलाओं से शक्ति अभियान से जुड़ने और राजनीति का हिस्सा बनने का आह्वान करता हूं।

### दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बने मनमोहन

**नई दिल्ली।** जस्टिस मनमोहन ने रविवार को दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज निवास में हुए समारोह में शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री आतिशी समेत कई लोग उपस्थित रहे। सतीश चंद्र शर्मा को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश बनाने के बाद मनमोहन को 9 नवंबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया था। मनमोहन प्रख्यात नौकरशाह-राजनेता, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल और दिल्ली के उपराज्यपाल रहे जगमोहन के बेटे हैं।

### उद्योगपति ओसवाल से सात करोड़ रुपये ठगे, दो गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से 5.25 करोड़ रुपये किए गए बरामद

**लुधियाना।** पंजाब पुलिस ने रविवार को प्रसिद्ध उद्योगपति श्रीपॉल ओसवाल से सात करोड़ ठगने वाले अंतर्राज्यीय साइबर जालसाजों के गिरोह का भंडाफोड़ किया। लुधियाना के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने बताया कि दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 5.25 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। गिरोह के सात अन्य सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। गिरोह के सभी नौ सदस्य असम और बंगाल के हैं। जालसाजों ने वर्धमान समूह के मालिक एसपी ओसवाल के बैंक खातों से सात करोड़ निकाले। उनमें से एक ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और उद्योगपति को फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाया तथा डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी दी।

# दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर जस्टिस नागरत्ना ने जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आजीवन सहायता का किया आह्वान राज्यों को दिए सुझाव

सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति की अध्यक्ष जस्टिस बीवी नागरत्ना ने बच्चों के लिए दिव्यांगता सहायता प्रणालियों में सुधार का आह्वान किया है, जिसमें आंकड़ों का सटीक संग्रह, आजीवन वित्तीय सहायता और शिक्षा में समावेशिता पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की रक्षा विषय पर कार्यक्रम में नागरत्ना ने दिव्यांग बच्चों के समर्थन में होने वाले प्रयासों के अंतराल को रेखांकित किया और इस मुद्दे के समाधान के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विकलांग बच्चों की सुरक्षा के लिए एक राज्य कार्य योजना विकसित करें, जिसकी समीक्षा और निगरानी राज्यों और उच्च न्यायालयों की किशोर न्याय समितियों द्वारा की जाएगी।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### जमा वृद्धि को नए उत्पाद लाने की तैयारी में एसबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा है कि जमाकर्ताओं को आकर्षित करने के लिए बैंक आवर्ती जमा और एसआईपी के संयुक्त उत्पाद सहित नए उत्पाद लाने पर विचार कर रहा है। अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ, ग्राहक वित्तीय रूप से अधिक जागरूक और मांग करने वाले बन रहे हैं, और उन्होंने नवीन निवेश साधनों की तलाश शुरू कर दी है। शेट्टी ने कहा कि आज ग्राहक मूल्य प्रस्ताव पर ध्यान दे रहे हैं, क्योंकि वित्तीय साक्षरता बढ़ रही है और परिसंपत्ति आवंटन की अवधारणा को अधिक महत्व मिलेगा।

### आईबीए को 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) को शुरू हो रहे नवीकरणीय ऊर्जा भारत एक्सपो (आरईआई) 2024 के दौरान 1,600 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है। बायोगैस परिचालकों, विनिर्माताओं और संयंत्र योजनाकारों का प्रतिनिधित्व करने वाला अग्रणी निकाय आईबीए इस उच्चस्तरीय आयोजन से मिलने वाले अवसरों के प्रति आशान्वित है। आईबीए के चेयरमैन गौरव केडिया ने कहा कि आरईआई-2024 में बायोगैस क्षेत्र में 1,600 करोड़ के निवेश की घोषणा होने की उम्मीद है। एक्सपो में गत वर्ष की तुलना में 20% अधिक भागीदारी होने की उम्मीद है।

### भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है : मंत्री

**औरंगाबाद।** कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा है कि भारत में कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। दुबे ने कहा कि थर्मल पावर प्लांटों के पास अभी 20 से 25 दिनों का कोयले का स्टॉक है। भारत में अभी कोयले का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। 2023-24 में कोयला का अब तक का सबसे ज्यादा 997 मिलियन टन उत्पादन हुआ और 2024-25 में हम इस लक्ष्य को पार करने का प्रयास कर रहे हैं। विद्युत क्षेत्र के लिए निर्बाध कोयला आपूर्ति की गई है और सर्वे में नई कोयला खदानों का पता चल रहा है।

# शेयर बाजार में एफपीआई ने किए 57,359 करोड़ रुपये निवेश

## फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती के बाद विदेशी निवेशकों की रुचि बढ़ी

- इस वर्ष एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ के आंकड़े को किया पार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने सितंबर में भारतीय शेयर बाजारों में 57,359 करोड़ रुपये निवेश किए हैं, जो उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा प्रमुख ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की कटौती के बाद एफपीआई का भारतीय बाजार में निवेश लगातार बढ़ रहा है।

डिपॉजिटरी के अनुसार इस साल 2024 में एफपीआई का भारतीय शेयरों में निवेश एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। शोध विश्लेषक कंपनी गोलफाई के स्मॉलकेस प्रबंधक और संस्थापक एवं सीईओ रॉबिन आर्य ने कहा कि आगे चलकर एफपीआई का प्रवाह मजबूत बना रहेगा। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में कटौती तथा भारत की मजबूत बुनियाद से एफपीआई दांव लगा रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के मुद्रास्फीति प्रबंधन तथा तरलता से संबंधित फैसले इस रफ्तार को कायम रखने के लिए महत्वपूर्ण होंगे। एफपीआई ने 27 सितंबर तक शेयरों में 57,359 करोड़ का शुद्ध निवेश किया है। अभी इस महीने का एक कारोबारी सत्र बचा है। यह दिसंबर, 2023 के बाद सबसे अधिक शुद्ध प्रवाह है।

### शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 1.21 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,21,270 .83 करोड़ रुपये का उछाल आया। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 53,652 .92 करोड़ बढ़कर 20,65,197 .60 करोड़, एसबीआई 18,518 .57 करोड़ बढ़कर 7,16,333 .98 करोड़, भारती एयरटेल 13,094 .52 करोड़ बढ़कर 9,87,904 .63 करोड़, आईटीसी 9,927 .3 करोड़ बढ़कर 6,53,834 .72 करोड़, टीसीएस 8,592 .96 करोड़ बढ़कर 15,59,052 करोड़, एचडीएफसी बैंक 8,581 .64 करोड़ बढ़कर 13,37,186 .93 करोड़, एलआईसी 8,443 .87 करोड़ बढ़कर 6,47,616 .51 करोड़, इन्फोसिस 459 .05 करोड़ बढ़कर 7,91,897 .44 करोड़ रुपये रहा।

# निश्चित आय : वित्तीय दुनिया के महत्वपूर्ण हिस्से

निश्चित आय और ऋण बाजार निवेश का क्षेत्र आज की वित्तीय दुनिया में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। बढ़ती ब्याज दरें और मुद्रास्फीति ने निवेशकों के लिए कई चुनौतियाँ उत्पन्न की हैं, लेकिन इसके साथ ही नए अवसर भी प्रस्तुत किए हैं। व्हार्टन स्कूल का यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को फिक्स्ड-इनकम निवेश और जोखिम प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। आइये इस पर नजर डालें...

**मुद्रा कारोबार कोष :** ये बॉण्ड विभिन्न ऋण उपकरणों में निवेश करते हैं और नियमित रूप से निश्चित ब्याज रिटर्न देते हैं।

**डेट म्यूचुअल फंड्स :** ये फंड सरकारी और कॉर्पोरेट बांड, वाणिज्यिक पत्र, मुद्रा बाजार उपकरणों आदि में निवेश करते हैं।

**बांड :** कंपनियों द्वारा पूंजी जुटाने के लिए जारी किए जाते हैं और निश्चित ब्याज दर के साथ लौटाए जाते हैं।

**मुद्रा बाजार उपकरण :** जैसे ट्रेजरी बिल्स, वाणिज्यिक पत्र। ये अल्पकालिक निवेश होते हैं, जिनकी परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है।

**बैंक जमा :** सुरक्षित निवेश विकल्प, जिसमें छोटी और लंबी अवधि दोनों के लिए ब्याज मिलता है।

**सरकारी योजनाएं :** जैसे सामान्य भविष्य निधि और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना जो कर छूट और स्थिर ब्याज दर प्रदान करती हैं।

### निवेशकों के लिए लाभ

**स्थिरता :** यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो सुरक्षित और स्थिर रिटर्न चाहते हैं।

**कम जोखिम :** खासकर वृद्ध निवेशक और जोखिम से बचने वाले निवेशक इन प्रतिभूतियों को पसंद करते हैं।

**नियमित आय :** रिटायरमेंट के बाद नियमित आय प्राप्त करने के लिए ये योजनाएं अच्छी मानी जाती हैं।



### ध्यान देने योग्य बातें

**मुद्रास्फीति जोखिम :** मुद्रास्फीति के बढ़ने पर इनके वास्तविक रिटर्न में कमी आ सकती है।

**ब्याज दर जोखिम :** ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमतें प्रभावित हो सकती हैं।

**कराधान :** इन प्रतिभूतियों से प्राप्त आय पर कर का भुगतान करना होता है और दीर्घकालिक -अल्पकालिक कर लाभ नियम अलग होते हैं।



**सुरक्षा :** आमतौर पर, सरकारी बांड अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

**स्थिरता :** निश्चित आय उपकरणों से नियमित आय सुनिश्चित होती है।

**कम जोखिम :** शेयर बाजार की तुलना में कम उतार-चढ़ाव होता है।

**ऋण बाजार :** ऋण बाजार वह जगह है जहां निवेशक विभिन्न प्रकार के ऋण उपकरण खरीदते और बेचते हैं। कॉर्पोरेट बांड, नगरपालिका बांड, और अन्य ऋण साधन। इसमें दीर्घकालिक और लघुकालिक ऋण उपकरण शामिल होते हैं।

**उपयोग :** कंपनियां और सरकारें पूंजी जुटाने के लिए ऋण बाजार का उपयोग करती हैं।

**ब्याज दरें :** ऋण बाजार की ब्याज दरें बाजार की मौजूदा आर्थिक स्थिति के आधार पर बदलती हैं।

# आयकर अधिनियम समीक्षा : सरकार अगले महीने उद्योग से सुझाव करेगी आमंत्रित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडलों की गत बैठक में सरकार ने कहा था- आयकर पोर्टल में ऐसी सुविधा बनाएंगे, जिसमें सुझाव दिए जा सकेंगे

प्रत्यक्ष कर कानून को सरल बनाने की कवायद के तहत सरकार ने अक्टूबर से आयकर अधिनियम, 1961 पर निजी क्षेत्र और कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित करने का प्रस्ताव किया है। इस महीने की शुरुआत में उद्योग मंडलों के साथ बैठक में सरकार ने कहा था कि आयकर पोर्टल में एक ऐसी सुविधा बनाई जाएगी, जिसमें आयकर कानून की विभिन्न धाराओं के बारे में सुझाव दिए जा सकेंगे। इसका मकसद भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

बजट घोषणा के बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने छह दशक पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की व्यापक समीक्षा और इसे संक्षिप्त, पढ़ने और समझने में सुगम बनाने के लिए एक आंतरिक समिति गठित की थी। सूत्र ने बताया कि उद्योग संघों के साथ बैठक में राजस्व विभाग ने सुझाव दिया कि आयकर कानून को फिर से तैयार करने पर सुझाव को लेकर अक्टूबर के पहले सप्ताह तक पोर्टल पर यह सुविधा डाली जाए। यह कवायद नया कर कानून या कर संहिता लिखने को नहीं है। पुराने प्रावधानों को हटाने से ही पृष्ठों की संख्या में करीब 100 की कमी आ सकती है। आयकर कानून की समीक्षा का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना और मुकदमेबाजी को कम करना है।

### 60,000 करोड़ जुटाने की तैयारी में कई कंपनियां

**नई दिल्ली।** दो माह में हुंदै मोटर इंडिया, स्विगी और एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी सहित आधा दर्जन से अधिक कंपनियां 60,000 करोड़ जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में हैं। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों ने यह जानकारी दी। एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, वारी एनर्जीज, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस, वन मोबिक्विक सिस्टम्स और गरुड़ कंस्ट्रक्शन भी आईपीओ ला रही हैं। इक्विरास के प्रबंध निदेशक मुनीश अग्रवाल को उम्मीद है कि सितंबर दिसंबर के बीच 30 से अधिक आईपीओ आएंगे।

# सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ रोजगार का सृजन नहीं कर रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- सरकार को श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि 7% की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है। इसका अंदाजा कुछ राज्यों में रिक्त पदों के लिए आवेदकों की संख्या से लगाया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को रोजगार पैदा करने के लिए श्रम-गहन उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

राजन ने कहा कि कुछ भारतीय विशेष रूप से उच्चस्तर पर, संतोषजनक स्थिति में हैं और उनकी आमदनी अधिक है। लेकिन निचले आधे हिस्से में उपभोग वृद्धि अब भी नहीं सुधरी है और यह कोविड-पूर्व स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हिस्सा है...आप सोचेंगे कि सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ, हम बहुत सारी नौकरियां पैदा करेंगे। लेकिन अगर आप हमारी विनिर्माण वृद्धि को देखें, तो यह अधिक पूंजी गहन है। उन्होंने कहा कि पूंजी-गहन उद्योग अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन श्रम-गहन उद्योगों के साथ ऐसी बात नहीं है। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने कहा कि निचले स्तर पर सब ठीक नहीं चल रहा है।

### जीएसटीएन ने किया जीएसटी रिटर्न का आंकड़ा बहाल

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने रविवार को कहा कि जुलाई-अगस्त 2017 के मासिक रिटर्न का आंकड़ा पोर्टल पर बहाल किया गया है। ये जीएसटी लागू होने के शुरुआती महीने थे। जीएसटीएन ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह अपनी आंकड़ा नीति को लागू कर रहा है, जिसके अनुसार करदाताओं के आंकड़े केवल सात साल के लिए ही रखे जाएंगे। जिन्हें अभिलेखागार (आर्काइव) में रखा जाएगा। उद्योग जगत ने इसे लागू करने से पहले समय मांगा था, ताकि वे जीएसटी पोर्टल से आंकड़े डाउनलोड कर सकें।

# ईसी के सदस्यों का ध्यान खुद के फायदे पर : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



- आईओए अध्यक्ष ने संघ को अपने तरीके से चलाने के लगाए आरोप ईसी के कुछ सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड संदिग्ध

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को अपने तरीके से चलाने का आरोप लगाते हुए अध्यक्ष पीटी उषा ने रविवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) में बगावत करने वाले सदस्यों पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि उनका मकसद देश के खेल की भलाई करने की जगह खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर है।

उषा ने यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में आरोप लगाया कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों का ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध है। इसमें लैंगिक भेदभाव के आरोप और यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एक खिलाड़ी के रूप में अपने 45 साल लंबे करियर में मैंने कभी ऐसे लोगों का सामना नहीं किया है जो हमारे खिलाड़ियों की आकांक्षाओं और हमारे देश के खेल भविष्य के प्रति इतने उदासीन हैं। इन व्यक्तियों का पूरा ध्यान खेल प्रशासन में उनकी लंबे समय तक उपस्थिति और नियंत्रण के माध्यम से खुद के फायदे और मौद्रिक लाभ लेने पर रहता है। इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने बिना किसी का नाम लिए कहा यह बताना भी जरूरी है कि इनमें से कुछ ईसी सदस्यों के ट्रैक रिकॉर्ड बेहद संदिग्ध हैं। उन पर लैंगिक पूर्वाग्रह के आरोप हैं। यहां तक कि उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले भी दर्ज हैं।

कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के सीनियर अधिकारी जेरोम पोइवे को पत्र लिखकर इस दिग्गज एथलीट पर तानाशाही से काम करने का आरोप लगाया। बैठक के दौरान उषा द्वारा आईओए सीईओ के पद से रघुराम अय्यर को हटाने की उनकी मांग को खारिज करने के बाद आईओसी को पत्र लिखा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय एच पटेल, उपाध्यक्ष राजलक्ष्मी देव और गगन नारंग, कोषाध्यक्ष सहदेव यादव, संयुक्त सचिव अलकनंदा अशोक और कल्याण चौबे, अन्य कार्यकारी परिषद सदस्य अमिताभ, भूपेंद्र बाजवा, रोहित, डोला, हरपाल सिंह और योगेश्वर दत्त ने पत्र पर हस्ताक्षर किए। सदस्यों ने पोइवे को लिखा कि वे आईओए के सीईओ के पद के लिए फिर से विज्ञापन देंगे।

## पीसीबी ने दी चेतावनी- फिटनेस सुधारो, नहीं तो अनुबंध समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने छह-सात केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को कड़ी चेतावनी जारी की है जिसमें उन्हें कहा गया है कि या तो वे अपनी फिटनेस सुधारें, वर्ना उनके अनुबंध गंवाने का जोखिम रहेगा।

पाकिस्तान टीम के फिटनेस ट्रेनर और फिजियो सोमवार को लाहौर में एक और फिटनेस जांच करेंगे क्योंकि कुछ खिलाड़ी इस महीने की शुरू में फिटनेस संबंधित जरूरी मानदंडों को पूरा नहीं कर पाए थे। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा जिन खिलाड़ियों के पास केंद्रीय और घरेलू अनुबंध हैं, उन्हें स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि फिटनेस पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दो विदेशी मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी और गैरी कर्स्टन ने पीसीबी अध्यक्ष से कहा था कि फिटनेस के संबंध में किसी भी खिलाड़ी से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

# पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता पद से मो. यूसुफ ने दिया इस्तीफा

लाहौर, एजेंसी



- पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं मोहम्मद यूसुफ

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने निजी कारणों का हवाला देते हुए रविवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता का पद छोड़ दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा मैं व्यक्तिगत कारणों से पाकिस्तान क्रिकेट टीम के चयनकर्ता के रूप में अपने इस्तीफे की घोषणा करता हूं। इस बेहतरीन टीम की सेवा करना मेरे लिए शानदार रहा है। मुझे पाकिस्तान क्रिकेट के विकास और सफलता में योगदान देने पर गर्व है।

उन्होंने कहा मुझे अपने खिलाड़ियों की प्रतिभा और जज्बे पर बहुत भरोसा है। यह टीम बेहतर होने के अपने प्रयास को जारी रखेगी और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं। यूसुफ पिछले साल से विभिन्न भूमिकाओं में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से जुड़े हुए हैं। वह उस राष्ट्रीय चयन समिति का हिस्सा थे जिसमें दो पूर्व टेस्ट खिलाड़ी, मुख्य कोच, कप्तान और एक विश्लेषक शामिल हैं। चयन समिति में एक अन्य पूर्व खिलाड़ी असद शफीक है।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

**लीमा।** भारतीय पुरुष और महिला निशानेबाजी टीमों ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के स्वर्ण पदक अपने नाम किये। वहीं कनक ने महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में कांस्य पदक जीता। पेरु की राजधानी लीमा के लास पालमास शूटिंग रेंज में शनिवार को प्रतिस्पर्धा करते हुए, कनिष्का डागर (573), लक्षिता (571) और अंजलि चौधरी (564) ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1708 का स्कोर अर्जित करते हुए भारत को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा की टीम श्रेणी में शीर्ष स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में अजरबैजान (1707) के स्कोर के साथ रजत और यूक्रेन को (1704) का स्कोर कर कांस्य पदक जीता। भारतीय निशानेबाज कनक ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ लीमा जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजी टीम के व्यक्तिगत पदकों का खाता भी खोल दिया है। भारत ने इस प्रतियोगिता में कुल दो स्वर्ण, कांस्य सहित तीन पदक जीते।

### भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते

**नई दिल्ली।** भारतीय वुशु खिलाड़ियों ने रविवार को ब्रुनेई के में समाप्त हुई नौवीं जूनियर विश्व चैंपियनशिप में दो स्वर्ण सहित सात पदक जीते। भारत ने प्रतियोगिता में एक रजत और चार कांस्य पदक भी जीते। भारतीय वुशु संघ ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा यह पहली बार है जब 48 किग्रा भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे भारतीय खिलाड़ी आर्यन ने चीन के खिलाड़ी के खिलाफ कड़े मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी शौर्य ने ईरान के प्रतिद्वंद्वी को हराकर एक और स्वर्ण पदक जीता। नांग मिंगबी बोरफुकन ने ताओलू जियान शू सी ग्रुप स्पर्धा में रजत पदक जीता। तनिश नागर (56 किग्रा), अभिजीत, दिव्यांशी (60 किग्रा महिला) और युवराज (42 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में 24 सदस्यीय भारतीय टीम ने हिस्सा लिया।

### ताइवान ओपन में संयुक्त 23वें स्थान पर रहे युवराज

**ताइपे सिटी (ताइवान)।** पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज संधू ने चीनी ताइपे में येंगडर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में रविवार को यहां तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 23वें स्थान पर रहे जो भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ है। युवराज ने पहले दौर में 65 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की थी जिससे वह संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अगले दो दौर में अपनी लय बरकरार नहीं रख पाया। उन्होंने दूसरे दौर में 71 और तीसरे दौर में 74 का स्कोर बनाया। आखिर में उनका कुल स्कोर नौ अंडर रहा। भारत के अन्य खिलाड़ियों में करणदीप कोचर (67-68-73-73) पहले दो दिनों की अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए और आखिर में उन्हें संयुक्त 32वें स्थान से संतोष करना पड़ा। अजितेश संधू (67-72-69-73) भी संयुक्त 32वें स्थान पर रहे जबकि शिव कपूर (68-70-72-77) ने संयुक्त 63वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के सुतीपत प्रतीप्तिएंचाई ने दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

### ओडिशा में खुलेंगे खेलो इंडिया के पांच और नए केंद्र

**बरहमपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के पांच जिलों में केंद्र सरकार की योजना के तहत खेलों इंडिया केंद्र (केआईसी) खोले जायेंगे। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। नए केआईसी तीन खेलों से जुड़े होंगे और ये केंद्र गंजम, गजपति, झारसुगुड़ा, नयागढ़ और देवगढ़ जिलों में खोले जाएंगे। खेलो इंडिया बास्केटबॉल केंद्र गंजम जिले के क्वीन ऑफ मिशन हाई स्कूल में खोला जाएगा। खेलो इंडिया खो-खो केंद्र क्रमश: गजपति और झारसुगुड़ा जिलों के एसवीटी हाई स्कूल और आरके स्कूल में खोले जाएंगे। फुटबॉल के लिए केंद्र क्रमश: देवघर और नयागढ़ जिलों में तेलीबानी पीएस हाई स्कूल और नारायण हाई स्कूल में खोला जाएगा। इसमें से तेलीबानी पीएस हाई स्कूल को छोड़कर सभी स्कूल सरकारी है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने गुरुवार को इस मामले से जुड़े प्राधिकारी द्वारा परियोजना को मंजूरी दिए जाने के बाद हाल ही में ओडिशा सरकार को केंद्र खोलने के बारे में सूचित किया है। साइ को केंद्र चलाने के लिए धन मुहैया कराया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक खेल के लिए प्रस्तावित पांच केंद्रों के लिए कोच या सलाहकार अगले दो महीनों में नियुक्त किए जाएंगे जिसमें पूर्व चैंपियन एथलीटों को प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त करने का प्रावधान है।

## जिन खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई मैच नहीं खेला है वो अनकैप्ड

# अनकैप्ड खिलाड़ी बने धोनी

बेंगलुरू, एजेंसी



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की संचालन परिषद में शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने फैसला किया कि जिन भारतीय खिलाड़ियों ने कम से कम पांच कैलेंडर वर्ष में कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेला है, उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाएगा, हालांकि माना जा रहा है कि यह कदम इसलिए उठाया गया ताकि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने स्टार क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रिटेन कर सके जो आखिरी बार 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में देश के लिए खेले थे।

बीसीसीआई के अनुसार अगर कोई भारतीय खिलाड़ी संबंधित सत्र के आयोजन से पहले पिछले पांच कैलेंडर वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (टेस्ट मैच, वनडे, टी-20 अंतर्राष्ट्रीय) में शुरुआती एकादश में नहीं खेला है या उसके पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है तो एक कैप्ड (अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला) भारतीय खिलाड़ी अनकैप्ड (जिसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) हो जाएगा। शनिवार को संचालन परिषद की बैठक में यह फैसला किया था कि 10 फ्रेंचाइजी को पिछली टीम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को बरकरार रखने (रिटेन) की अनुमति होगी जिसमें नीलामी का एक राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी शामिल होगा, जिसकी कीमत 120 करोड़ के बढ़े हुए टीम पर्स में से 75 करोड़ होगी। अनकैप्ड खिलाड़ी के लिए रिटेन करने का खर्चा चार-चार करोड़ होगा इसलिए सीएसके अगर धोनी को रिटेन भी करती है तो नीलामी के लिए निश्चित रूप से बचत कर सकती है। पिछली नीलामी में 2022 में एक टीम को चार खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई थी।

### नाम वापस लिया तो विदेशियों पर लगेगा दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** नीलामी में खरीदे जाने के बाद अगर कोई विदेशी खिलाड़ी बिना किसी ठोस कारण के स्वयं को सत्र के लिए अनुपलब्ध बताता है तो ऐसे खिलाड़ी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल ने 2025-2027 सत्र के नए नियमों के तहत बिना किसी ठोस कारण खरीदे जाने के बाद बावजूद स्वयं को अनुपलब्ध बताने वाले खिलाड़ी को दो साल के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। वहीं, छोटी नीलामी में विदेशी खिलाड़ी के लिए का प्राइस टैग सबसे ज्यादा रिटेंशन प्राइस (18 करोड़) तथा बड़ी नीलामी की बड़ी बोली से अधिक नहीं होगी, खिलाड़ी चिकित्सीय कारणों से अनुपलब्ध रहता है तो ऐसी स्थिति में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी लेकिन इस संबंध में खिलाड़ी के होम बोर्ड से भी पुष्टि की जाएगी। विदेशियों का बड़ी नीलामी में पंजीकरण अनिवार्य होगा।

### आईपीएल टीमें 31 तक कर सकती हैं रिटेंशन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की नीलामी के लिए टीमों के पास रिटेंशन फाइनल करने की डेडलाइन 31 अक्तूबर रखी गई है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नए नियमों के तहत फ्रैंचाइजी संयुक्त रूप से रिटेंशन और राइट टू मैच विकल्प चुन सकती हैं। नियमों के तहत अधिकतम छह खिलाड़ी रिटेन किया जा सकता हैं। आईपीएल की जारी विज्ञप्ति के अनुसार रिटेंशन और आरटीएम के लिए अपना संयोजन चुनना आईपीएल फ्रैचाइजी के अपने विवेक पर है। छह रिटेंशन या आरटीएम हो सकते हैं, जहां पांच अधिकतम कैप्ड खिलाड़ी और दो अधिकतम अनकैप्ड खिलाड़ी। रिटेंशन में अगर कोई खिलाड़ी 31 अक्तूबर से पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण कर कर लेता है तो उसको कैप्ड माना जाएगा। लेकिन अगर कोई रिटेन हुआ अनकैप्ड खिलाड़ी नीलामी से एक दिन पहले भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण करता है तो उसको अनकैप्ड ही माना जाएगा। बड़ी नीमाली को भी बढ़कर 20 करोड़ रूपये किया गया है। इसके तहत अब हर फ्रैचाइजी के पास 120 करोड़ खर्च करने को होंगे। जिसमें से 75 करोड़ खिलाड़ियों पर खर्च करने होंगे।

## न्यूजीलैंड से श्रृंखला जीतकर श्रीलंका ने रच दिया इतिहास



**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच में चौथे दिन ही न्यूजीलैंड को पारी और 154 रन से करारी शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने इस श्रृंखला में शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा। यह पिछले 15 वर्षों में पहला अवसर है जबकि उसने न्यूजीलैंड को श्रृंखला में हराया। श्रीलंका के इस जीत के नायक बाएं हाथ से स्पिनर प्रभात जयसूर्या रहे। उन्होंने दो मैच में 18 विकेट लिए और उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस बीच कामिंदु मेंडिस को दूसरे टेस्ट मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने नाबाद 182 रन बनाए जिससे श्रीलंका ने अपनी पहली पांच विकेट पर 602 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। मेंडिस इस पारी के दौरान सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दिग्गज बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दूसरे टेस्ट मैच में उन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे निशान पेइरिस का भी अच्छा साथ मिला जिन्होंने नौ विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। श्रीलंका के विशाल स्कोर के सामने उसकी टीम पहली पारी में केवल 88 रन पर सिमट गई थी और उसे फॉलोऑन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 360 रन बनाकर कुछ चुनौती पेश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# मेस्सी के गोल से इंटर मियामी शीर्ष के करीब



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने अपनी ख्याति के अनुरूप शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल दागा जिससे इंटर मियामी मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया। मेस्सी ने 67वें मिनट में गोल किया जिसकी बदौलत इंटर मियामी ने शनिवार रात चार्लोट एफसी के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर मेजर लीग सॉकर में अपने अजेय अभियान को आठ मैच तक पहुंचा दिया। मेस्सी का इस सत्र में 16 लीग मैचों में यह 15वां गोल था। मेस्सी एमएलएस इतिहास में एक सत्र में कम से कम 15 गोल करने और 15 गोल में मदद करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस बीच वह विभिन्न कारणों से लीग के 15 मैचों में नहीं खेल पाए थे। इस मैच में ड्रॉ से इंटर मियामी प्लेऑफ के लिए शीर्ष वरीयता हासिल करने के करीब पहुंच गया है। उसके अभी 65 अंक हैं जबकि उसके करीबी कोलंबस के 57 अंक हैं।

## ओसासुना ने थामा बार्सिलोना का विजय अभियान

**बार्सिलोना।** ब्रायन जरागोजा के बेहतरीन प्रदर्शन से ओसासुना ने बार्सिलोना को 4-2 से पराजित करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में पिछले सात मैच से चला आ रहा उसका विजय अभियान रोक दिया और इस तरह से उसे क्लब के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं करने दी। बायर्न म्यूनिख की तरफ से खेल चुके फॉरवर्ड जरागोजा ने 17वें मिनट में एंटे बुदिमीर के लिए गोल बनाया और फिर 28वें मिनट में गोलकीपर इनाकी पेना को छकाकर स्कोर 2-0 कर दिया। बार्सिलोना के युवा खिलाड़ी पाउ विक्टर ने 53वें मिनट में गोल करके दर्शकों में कुछ जोश भरा लेकिन बुदिमीर ने 72वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच का परिणाम लगभग सुनिश्चित कर लिया। एबेल ब्रेटोन्स ने 85वें मिनट में स्कोर 4-1 कर दिया जबकि स्थानापन्न लैमिन यामल ने बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। बार्सिलोना अगर ओसासुना को हरा देता तो 2013 में बनाए गए शुरुआती आठ मैच जीतने के अपने पिछले रिकार्ड की बराबरी कर लेता।

# गीली आउटफील्ड, तीसरा दिन भी गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- अंपायरों ने तीन बार मुआयना करने के बाद लिया फैसला
- कई स्थानों पर पैच दिखे, मिट्टी व लकड़ी का बुरादा डाला

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में रविवार को तीसरा दिन भी मायूसी भरा रहा। तीसरे दिन ग्रीनपार्क मैदान से कवर्स हटे, लेकिन मैदान पर पानी जमा होने के कारण कई जगह आउटफील्ड गीली थी। मैदान के बाहरी हिस्से में भरा पानी निकालने को सुबह भी सुपर सॉपर का इस्तेमाल हुआ। अंपायरों ने दिनभर में तीन बार फील्ड का निरीक्षण किया। आउटफील्ड गीली व कई जगह फिसलन मिलने पर अंपायरों ने दोपहर करीब दो बजे खेल रद की घोषणा कर दी।

टेस्ट सीरीज के तीसरे दिन रविवार को उम्मीद के साथ क्रिकेट प्रेमी सुबह आठ बजे से ही ग्रीनपार्क स्टेडियम में पहुंचना शुरू हो गए। सुबह आसमान भी काफी साफ दिखा, इसलिए ग्राउंड्स मैन ने तीन दिन से मैदान पर पड़े कवर्स नौ बजे तक हटा लिए। इसके बाद तीनों सुपर सॉपर मैदान पर घूमने लगे। आउटफील्ड का पानी निकालने का काम तेजी से शुरु किया गया। इसके बाद अंपायरों ने सुबह 10 बजे मैदान का निरीक्षण किया। मिड ऑन व मिड ऑफ क्षेत्र मंथ मैदान काफी गीला मिला। दोपहर 12 बजे तीनों अंपायरों ने फिर निरीक्षण किया। फिर दोपहर दो बजे तीसरी बार तीनों अंपायर पिच क्यूरेटर के साथ मैदान पर पहुंचे। मैदान का जायजा लेने के साथ कई स्थानों की स्थिति भी देखी। कई स्थान काफी गीले मिले। इसके बाद दोपहर 2.02 बजे तीसरे दिन का खेल रद करने की घोषणा कर दी गई। ग्रीनपार्क में 27 सितंबर को शुरु हुई टेस्ट सीरीज का दूसरे टेस्ट मैच में अब तक दो दिन बारिश की भेंट चढ़ चुका है। पहले दिन मात्र 166 मिनट ही खेल हो चुका है। पहले दिन बांग्लादेश टीम 35 ओवर में 3 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी है।

## बॉलीवुड हलचल

# जोडी कोमर की बड़ी फैन हैं तृप्ति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह हॉलीवुड अभिनेत्री जोडी कोमर की बहुत बड़ी फैन हैं और उनसे मिलना चाहती हैं। तृप्ति डिमरी तेजी से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना रही हैं। तृप्ति डिमरी ने हॉलीवुड की एक ऐसी हस्ती के लिए अपनी प्रशंसा साझा की, जिसने उनके अभिनय को गहराई से प्रभावित किया है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान, तृप्ति एमी पुरस्कार विजेता अभिनेत्री जोडी कोमर के लिए अपने प्यार के बारे में बात की। तृप्ति डिमरी ने कहा, एक हॉलीवुड अभिनेत्री जिससे मैं मिलना चाहूंगी, वह हैं जोडी कोमर। मैं किलिंग ईव के बाद से उनकी बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने ईव देखने के बाद उन्हें मैसेज किया क्योंकि मैं उनके अभिनय से अभिभूत थी और सोच रही थी कि उन्होंने यह कैसे किया। मैंने वास्तव में कला के लिए उनके कुछ दृश्य देखे, बस यह देखने के लिए कि वह जो कर रही हैं, वह कैसे कर रही हैं।

# शाहरूख और रानी को आइफा का सर्वश्रेष्ठ अवार्ड

अबुधाबी, एजेंसी



बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान और अभिनती रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) अवार्ड दिया गया। अबुधाबी में तीन दिन तक चलने वाले आइफा अवॉर्ड शो का दूसरा दिन बॉलीवुड सितारों के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार शाहरूख खान को फिल्म जवान जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए दियाग गया।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार फिल्म एनिमल को दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का पुरस्ककार विधु विनोद चोपड़ा को फिल्म 12वीं फेल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार अनिल कपूर को फिल्म एनिमल के लिये दिया गया, जबकि शबाना आजमी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिये सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के पुरस्कार से सम्मानित की गयी। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता ( नेगेटिव रोल) का पुरस्कार बॉबी देओल को फिल्म एनिमल के लिए मिला। सर्वश्रेष्ठ कहानी, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, सर्वश्रेष्ठ संगीत फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ लिरिक्स, सिद्धार्थ-गरिमा (एनिमल का गाना सतरंगा), सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर, भूपिंदर बब्बल, गाना अर्जन वैली फिल्म एनिमल, सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) शिल्पा राव, गाना चलेया फिल्म जवान के लिए दिया गया। आउटस्टैंडिंग कॉन्ट्रीब्यूशन टू इंडियन सिनेमा, जयंतीलाल गड़ा, हेमा मालिनी, अचीवमेंट ऑन कंप्लीटिंग 25 ईयर्स इन सिनेमा का पुरस्कार करण जौहर को दिया गया।

बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। हेमा मालिनी, रेखा, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर, बॉबी देओल, विक्की कौशल, शाहिद कपूर और कृति सनोन जैसे सितारे ने शामिल होकर इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण में से एक शाहरुख खान थे, जिन्होंने न केवल कार्यक्रम की मेजबानी की, बल्कि अपने खास अंदाज से दर्शकों का खूब मनोरंजन भी किया। मंच पर उनके साथ विक्की कौशल और करण जौहर भी नजर आए।

# जेसिका संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में

बीजिंग, एजेंसी

चाइना ओपन



अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने रविवार को यहां टाइब्रेकर तक खिंचा पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करके चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। पेगुला ने तीसरे दौर में रूस कीवेरोनिका कुदेरमेतोवा पर 6-7 (9), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की।

पेगुला ने अपने पिछले 19 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है, जिसमें टोरंटो में अपने खिताब का बचाव करना तथा सिनसिनाटी और अमेरिकी ओपन के फाइनल में जगह बनाना शामिल है। यह अमेरिकी खिलाड़ी चौथे दौर में स्पेन की 15वीं वरीयता प्राप्त पाओला बडोसा से भिड़ेंगी, जिन्होंने सर्बिया की रेबेका श्रामकोवा को 7-5, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में पोलैंड की 23वीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 0-6, 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में स्थानीय खिलाड़ी बू युनचाओकेते ने पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी को 6-2, 6-4 से हराकर उलटफेर किया। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी की शीर्ष 20 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# श्रोता ही हैं मन की बात के असली सूत्रधार, सकारात्मक बातें लोगों को पसंद: मोदी

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी में स्वच्छता मुहिम के प्रति किया प्रेरित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को मन की बात कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। मन की बात की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने-कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। मन की बात के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें न हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। मन की बात की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय निर्माताओं को काफी मदद मिली है। अमेरिका की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में करीब 300 प्राचीन वस्तुओं को वापस भेजने की व्यापक चर्चा हो रही है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अद्भुत अभियान रहा। जनभागीदारी का ऐसा उदाहरण प्रेरित करने वाला है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शुरू किए गए इस अभियान में देश के कोने-कोने में लोगों ने कमाल करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान ने लक्ष्य से अधिक संख्या में पौधारोपण कर नया रिकॉर्ड बनाया है।

### मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए फिर से देशवासियों से सिर्फ मेक इन इंडिया उत्पाद खरीदने की रविवार को अपील की। मोदी ने कहा इस महीने एक और महत्वपूर्ण अभियान मेक इन इंडिया को 10 साल पूरे हुए हैं।

### प्रधानमंत्री ने कहा- जल सहेली ने नदी को बचाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जल संरक्षण का आह्वान करते हुए उत्तर प्रदेश महिला समूह जल सहेली और मध्य प्रदेश की महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने कहा कि बारिश के दिनों में बचाया गया पानी जल संकट के महीनों में बहुत मदद करता है। मोदी ने कहा मुझे खुशी है कि पानी के संरक्षण को लेकर कई लोग नई पहल कर रहे हैं। ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के झांसी में देखने को मिला है। आप जानते ही हैं कि झांसी के बुंदेलखंड की पहचान पानी किल्लत से जुड़ी हुई है। यहाँ कुछ महिलाओं ने घुरारी नदी को नया जीवन दिया है। उन्होंने आगे कहा ये महिलाएं सेल्स हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं और उन्होनें जल सहेली बनकर इस अभियान का नेतृत्व किया है।

## बांग्लादेश के कोर्ट ने पूर्व आईजीपी को रिमांड पर भेजा

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक अदालत ने व्यवसायी अब्दुल वदूद की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) चौधरी अब्दुल्ला अल मामून को रविवार को चार दिन की रिमांड पर भेज दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने इसी मामले में वार्ड पार्षद हसीबुर रहमान को भी पांच दिन की रिमांड पर भेजा है। ढाका ट्रिब्यून ने बताया कि ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद महबूबुल हक ने आज सुबह रिमांड अवधि मंजूर की। इससे पहले, आरोपी को जांच अधिकारी और न्यू मार्केट थाने के उप निरीक्षक रेहान उद्दीन ने अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने 10 दिन की रिमांड मांगी।

## एक नजर

### नॉर्थ कैरोलाइना में विमान दुर्घटना में कई की मौत

**मैंटिओ।** नार्थ कैरोलाइना के मैंटिओ में राइट ब्रदर्स नेशनल मेमोरियल्स फर्स्ट फ्लाइट एयरपोर्ट में एक इंजन वाले विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की मौत हो गई। नेशनल पार्क सर्विस ने यह जानकारी दी। नेशनल पार्क सर्विस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि दुर्घटना शनिवार शाम पांच बजे हुई, उस वक्त विमान हवाई अड्डे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। किल डेविल हिल्स जिले के दमकल विभाग और अन्य स्थानीय दमकल विभागों ने आग बुझाई। बयान में कहा गया कि हवाई अड्डे को फिलहाल बंद कर दिया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड घटना की जांच करेगा साथ ही संघीय विमानन प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है।

### मनीला में आग लगने से 6 लोगों की मौत, एक घायल

**मनीला।** फिलीपीन की राजधानी मनीला में रविवार सुबह होने से पहले एक घर में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई, जिसमें छह महीने का बच्चा और एक साल का बच्चा भी शामिल है, जबकि एक अन्य बच्चा घायल हो गया। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। अग्निशमन अधिकारी रोडरिक एंड्रेस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3 :50 बजे मनीला शहर के टोंडो जिले में एक चार मंजिला घर की दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

### सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार का मिला समर्थन

**लंदन।** लेबर पार्टी द्वारा कुछ वर्ष पहले स्वीकार की गई इस्लामोफोबिया की त्रुटिपूर्ण परिभाषा को कानूनी रूप दिए जाने के खिलाफ अभियान चला रहे एक ब्रिटिश सिख संगठन को ब्रिटेन सरकार के इस कदम से प्रोत्साहन मिला है कि यह प्रस्ताव ब्रिटेन के समानता अधिनियम के अनुरूप नहीं होगा। द नेटवर्क ऑफ सिख ऑर्गेनाइजेशंस (एनएसओ) ने इस महीने की शुरुआत में उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर और सरकार में धार्मिक मामलों के मंत्री लॉर्ड वाजिद खान को पत्र लिखकर आगाह किया था कि प्रस्तावित परिभाषा भारतीय उपमहाद्वीप के इतिहास के तथ्यात्मक अवलोकन को भी जोखिम में डाल देगी।

# हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर कराकी की मौत

## इजराइल के हवाई हमले में मारा गया, दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों को बनाया निशाना

यरूशलम, एजेंसी

हिजबुल्ला ने पुष्टि की है कि उसके एक शीर्ष कमांडर अली कराकी की इजराइली हवाई हमले में मौत हो गई। शुक्रवार को बेरूत में समूह का प्रमुख नेता हसन नसरूल्ला भी मारा गया था। इजराइल ने हाल के हफ्तों में कई हमलों में लेबनान के इस आतंकवादी समूह के कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। इससे पहले इजराइल ने रविवार को कहा था कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की सेंट्रल काउंसिल के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया।

हिजबुल्ला ने हालांकि अभी तक कौक की मौत की पुष्टि नहीं की है। लेबनान के विभिन्न हिस्सों में हजारों पेजर और वॉकी-टॉकी में धमाके कर मुख्य रूप से हिजबुल्ला के सदस्यों को निशाना बनाया गया है। हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल में सैकड़ों रॉकेट और मिसाइले दागना जारी रखा है, लेकिन उनमें से ज्यादातर को रोक दिया गया या वे खुले क्षेत्रों में गिर गए। कौक 1980 के दशक से ही हिजबुल्ला का शीर्ष सदस्य था और इससे पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के सैन्य कमांडर के रूप में काम कर चुका था। अमेरिका ने 2020 में उसके खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी।




हिजबुल्ला का मारा गया शीर्ष कमांडर अली कराकी (फाइल)। हमले के बाद बेरुत की ध्वस्त इमारतें।

### दक्षिणी पूर्वी लेबनान में हवाई हमलों में 18 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के 12 से अधिक कस्बों और गांवों पर रविवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 18 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार इजराइली लड़ाकू विमानों ने तड़के पूर्वी लेबनान के बालबेक, हरमेल और पश्चिमी बेका के इलाकों में करीब 30 हमले किए।

### चीन ने सभी पक्षों और इजराइल से तनाव घटाने की अपील की

**बीजिंग।** इजराइली बमबारी में ईरान समर्थित हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की मौत के बाद, चीन ने रविवार को संबंधित पक्षों खासकर इजराइल से पश्चिम एशिया में संघर्ष को अनियंत्रित होने से रोकने के लिए तनाव घटाने के वास्ते तुरंत कार्रवाई करने का आह्वान किया। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन इस घटना पर करीबी नजर रख रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ने से काफी चिंतित है। इसके अलावा चीन ने भी एक सलाह जारी करके अपने नागरिकों से संघर्ष तेज होने के कारण लेबनान की यात्रा न करने के लिए कहा है। चीन लेबनान की संप्रभुता और सुरक्षा के उल्लंघन का विरोध करता है, निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध और निंदा करता है।

### सीरिया में अमेरिकी हवाई हमलों में 37 आतंकवादी मारे गए

बेरूत। सीरिया में दो हमलों में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह और अलकायदा संबंधी एक समूह से जुड़े 37 आतंकवादी मारे गए। अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इसने कहा कि मृतकों में दो शीर्ष आतंकवादी थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा कि उसने मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में हमला किया, जिसमें अलकायदा से जुड़े हुर्रास अल-दीन समूह के एक शीर्ष आतंकवादी और आठ अन्य को निशाना बनाया गया। उन्होंने 16 सितंबर को किए गए एक हमले की भी जानकारी दी जिसमें उन्होंने मध्य सीरिया में एक दूरस्थ अज्ञात स्थान पर आईएस प्रशिक्षण शिविर पर बड़े पैमाने पर हवाई हमला किया था।

### हूती समूह ने इजराइल के हवाई अड्डे पर किए मिसाइल हमले

**सना।** यमन के हूती समूह ने इजराइल में तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमला करने का दावा किया। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई थी। सरिया ने कसम खाई कि समूह इजराइल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा और गाजा पट्टी और लेबनान के समर्थन में वृद्धि के स्तर को बढ़ाने में संकोच नहीं करेगा। इससे पहले इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने यमन से लॉन्च की गई सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

वहीं, इजराइली सेना ने कहा है कि इजराइल पर हाल ही में हुए हमले के जवाब में दर्जनों विमानों ने यमन में हूतियों के ठिकानों पर हमले किए हैं। सेना ने कहा कि उसने होदेदा शहर में बिजली संयंत्रों और समुद्री बंदरगाह सुविधाओं को निशाना बनाया। हूतियों ने शनिवार को बेन गुरियन हवाई अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया था। यह हमला तब हुआ था जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू वहां पहुंच रहे थे।

## ... तो आकाश में बादलों के बीच फहरा दिया गोप्रतिष्ठा ध्वज

शैलेश अवस्थी, शिलांग

- मेघालय सरकार ने शंकराचार्य को नहीं दी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति
- गोरक्षा समूह ने की पूर्वोत्तर के राज्यों में रैली, सभा और ध्वज स्थापित करने की घोषणा की थी

जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद ने शिलांग में गोप्रतिष्ठा रैली की घोषणा की थी, लेकिन सरकार ने अनुमति नहीं दी, तो उन्होंने हवाई यात्रा के दौरान मेघालय में आकाश मार्ग पर गोध्वज फहरा कर अपना संकल्प पूरा करने का संदेश दिया।



शंकराचार्य के नेतृत्व में गोरक्षा समूह पूरे देश, खासतौर पर पूर्वोत्तर राज्यों में गोरक्षा रैली, सभा और गोध्वज फहराने की घोषणा की थी। इसके तहत गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने, देश में गौ हत्या पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है। नागालैंड, मिजोरम और अरुणानांचल ने पहले ही गोरक्षा समूह के इस कार्यक्रम पर रोक लगा दी थी। इसका विरोध बड़े पैमाने पर विरोध के मद्देनज़र मेघालय सरकार ने अनुमति देने से इंकार कर दिया था। मेघालय के दबाव समूहों ने साफ कहा कि गोमांश मुख्य आहार में शामिल है और यह प्राचीन परंपरा है। गोरक्षा आंदोलन की कड़ी में शंकराचार्य पूरी टीम के साथ चार्टर्ड विमान से त्रिपुरा के अगरतला हवाईअड्डे पर उतरे, पर उन्हें वहां से बाहर निकलने और रैली करने की अनुमति नहीं दी गई। जद्दोजहद के बाद वह बीते शनिवार को शिलांग (मेघालय) के लिए उड़ान भरने को तैयार हुए, लेकिन वहां भी उतरने की अनुमति नहीं दी गई। हवाईअड्डे पर बड़े पैमाने पर लोग विरोध के लिए एकत्र हो गए। इसके बाद गोरक्षा समूह ने शिलांग में कार्यक्रम स्थगित कर दिया और उनके विमान ने गुवाहाटी के लिए उड़ान भरी। जैसे ही विमान बादलों के बीच पहुंचा, शंकराचार्य ने गोध्वज फहरा कर संदेश जारी किया कि हमने संकल्प पूरा कर लिया है। अन्य राज्यों में धरती पर 21 फुट, तो मेघालय में 21 हज़ार फुट ऊंचाई पर गोध्वज फहरा दिया। यह भी कहा कि वे फिर मेघालय आएंगे।

### ज़बरदस्त विरोध के कारण सरकार बैकफुट पर...

मेघालय में गोरक्षा आंदोलन के खिलाफ यहां के दबाव समूहों ने बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया था, बवाल की आशंका थी। सरकार में भाजपा के दो मंत्री भी खिलाफ हो गए थे। तब मुख्य सचिव ने बैठक कर मेघालय में गोरक्षा रैली की अनुमति न देने का फैसला लिया। मेघालय में खासी छात्र समूह के महासचिव थबाह ने कहा कि परंपरा, संस्कृति से छेड़छाड़ की आजादी किसी को नहीं दी जाएगी, जो गोमांश का विरोध करेगा, उसे साथ भी नहीं बैठने देंगे।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 125 मौतें

काठमांडू, एजेंसी

- पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न
- 64 लोग लापता
- कई घायल

नेपाल में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर रविवार को 125 हो गई। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया।

सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या 125 हो गई है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई।



### भूस्खलन में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की भी गई जान

मकवानपुर में ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी। आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## बलूचिस्तान में पंजाब के सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद/कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी आतंकवादियों ने हमला कर पंजाब प्रांत के कम से कम सात मजदूरों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक मोअज्जम जाह अंसारी ने बताया कि मुल्तान के मजदूरों की शनिवार देर रात उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वे पंजगुर शहर के खुदा-ए-अबादन इलाके में एक निर्माणाधीन मकान में सो रहे थे। अंसारी ने बताया कि जिस वक्त हथियारबंद आतंकवादी निर्माणाधीन मकान में घुसे और स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू की, उस वक्त मजदूर गहरी नींद में थे। अधिकारी ने बताया कि एक घायल मजदूर सौभाग्य से बच निकलने में कामयाब रहा।

## रूसी क्षेत्र में घुसे यूक्रेन के 125 ड्रोन को किया नष्ट

कीव, एजेंसी

- मॉस्को ने कहा- फरवरी 2022 के बाद बड़ी संख्या में ड्रोन देखे गए

रूसी क्षेत्र में रविवार को घुसे यूक्रेन के 125 से अधिक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। इसके चलते वन क्षेत्र और एक अपार्टमेंट के हिस्से में आग लग गई। मॉस्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूसी आसमान में सबसे बड़ी संख्या में यूक्रेनी ड्रोन देखे गए हैं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सात क्षेत्रों में ड्रोनों को नष्ट किया। रूसी वायु रक्षा द्वारा वोल्गोग्राद क्षेत्र में सबसे अधिक 67 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया गया। गवर्नर अलेक्सांद्र गुसेव ने बताया कि वोरोनिश में 17 ड्रोन देखे गए, जिन्हें नष्ट करने के दौरान गिरे मलबे से एक अपार्टमेंट के हिस्से को नुकसान पहुंचा। तस्वीरों में एक ऊंची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं।

### कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता विनाश की ओर धकेल रही

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग प्रमुख किम यो जोंग ने एक बयान में कहा कि कीव को अमेरिकी सैन्य सहायता एक बड़ी गलती है जो दुनिया को परमाणु तबाही की ओर धकेल रही है। किम, जो उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन भी हैं। उन्होंने कहा हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन की नव-नाजी कठपुतली सरकार को 8 अरब डॉलर से अधिक की सैन्य सहायता की है।

## यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित किया जाए : पोप फ्रांसिस

**ब्रसेल्स।** पोप फ्रांसिस ने यौन शोषण के आरोपी पादरियों को दंडित करने तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर देते हुए रविवार को कहा कि बिशप को पादरियों के अपराधों पर पर्दा डालना बंद करना चाहिए। फ्रांसिस की बेल्जियम यात्रा रविवार को संपन्न हो गई। इस दौरान, उन्हें यहां के यौन शोषण के मामलों को लेकर आक्रोश का सामना करना पड़ा। इन मामलों की वजह से कैथोलिक चर्च की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हुए हैं। फ्रांसिस ने बेल्जियम के मुख्य खेल स्टेडियम में एकत्र 30 हजार लोगों को संबोधित करते हुए कहा बुराइयों को हर हाल में सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्व्यवहार के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बुराइयों को नहीं छिपाया जाना चाहिए। फ्रांसिस (87) ने उत्पीड़न के शिकार 17 लोगों से शुक्रवार रात मुलाकात की थी।

## प्रधानमंत्री स्टार्मर के नेतृत्व पर सांसद ने उठाए सवाल

लंदन, एजेंसी

- सांसद ने लेबर पार्टी से दिया इस्तीफा, लगाए आरोप

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी की एक सांसद ने प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर के नेतृत्व पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। स्टार्मर के जुलाई में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनके लिए यह पहला करारा झटका है। लेबर पार्टी की ओर से केंटबरी का प्रतिनिधित्व करने वाली रोजी डफील्ड इस्तीफे के बाद अब निर्दलीय सांसद की हैसियत से हाउस ऑफ कॉमंस की सदस्य रहेंगीं।

डफील्ड का इस्तीफा द संडे टाइम्स में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने स्टार्मर की कठोर और अनावश्यक नीतियों को लेकर उन पर हमला बोला। डफील्ड ने दावा किया कि उनके इस्तीफे की कई वजह हैं, लेकिन मुख्य कारण सरकार की अलोकप्रिय नीतियां हैं। डफील्ड ने अपने त्यागपत्र में कहा वे (नीतियां) कठोर व अनावश्यक हैं और हमारे हजारों सबसे गरीब, सबसे कमजोर मतदाताओं को प्रभावित करती हैं। मुझे इसके लिए नहीं चुना गया था। यह समझदारी भरी राजनीति भी नहीं है। यह निश्चित रूप से सेवा भाव की राजनीति नहीं है। सांसद ने कहा कि उन्हें लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की तथाकथित परिवर्तन लाने की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है, जिसका वादा उन्होंने आम चुनाव अभियान के दौरान किया था।

## अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान से 64 लोगों की मौत

**पेरी (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में शनिवार को कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। भारी बारिश के कारण लोग फंसे हुए हैं और लाखों लोगों को बिना बिजली के अंधेरे में रहना पड़ रहा है। फ्लोरिडा के स्टीनहैची की निवासी जनालेया इंग्लैंड ने कहा कि मैंने पहले कभी इतने लोगों को बेघर होते नहीं देखा जितने मैं अब देख रही हूं। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में गुरुवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया।

सियासत

**रक्षामंत्री राजनाथ ने कहा- जम्मू कश्मीर का वर्तमान विशेष पैकेज पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि से काफी बड़ा**

# पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध होते तो भारत उसे बड़ा राहत पैकेज देता

श्रीनगर, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि यदि पड़ोसी देश ने भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखे होते तो भारत पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मांगे गए पैकेज से भी बड़ा राहत पैकेज देता। बांदीपुरा जिले के गुरेज विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के लिए घोषित प्रधानमंत्री विकास पैकेज का जिक्र किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मोदी जी ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी जो अब 90,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह राशि पाकिस्तान द्वारा आईएमएफ से मांगी गई राशि (राहत पैकेज के रूप में) से कहीं अधिक है। सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया कि हम दोस्त बदल सकते हैं, लेकिन पड़ोसी नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा, मैंने कहा, मेरे पाकिस्तानी दोस्तों, हमारे बीच तनावपूर्ण संबंध क्यों हैं, हम पड़ोसी हैं। अगर हमारे बीच अच्छे संबंध होते, तो हम आईएमएफ से अधिक धन देते। सिंह ने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर को विकास के लिए धन देता है जबकि पाकिस्तान लंबे समय से वित्तीय सहायता का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, वह अपनी धरती पर आतंकवाद की फैक्ट्री चलाने के लिए दूसरे देशों से धन मांगता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब घाटी में इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत बहाल करने का वाजपेयी का सपना साकार होगा तो कश्मीर फिर से धरती का स्वर्ग बन जाएगा।



बांदीपुरा के एक विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ।

### पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ा

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत के खिलाफ आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग पड़ गया है और उसके कुछ विश्वस्त सहयोगी भी पीछे हट गए हैं। उन्होंने कहा, जब भी हमने आतंकवाद की जांच की है, तो हमें पाकिस्तान की संलिप्तता ही मिली है। हमारी सरकारों ने पाकिस्तान को यह समझाने की कोशिश की है कि उन्हें आतंकी शिविर बंद करने चाहिए।